


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौधों से कितना कुछ सीख सकते हैं हम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 182, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 19 मई 2024




**आज का मौसम** 44.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 20 सूर्यास्त 18 : 51

रोमांटिक फिल्म में नजर आएगी सिद्धार्थ और कृति की जोड़ी ...13

# आप सांसद मालीवाल से मारपीट मामले में बिभव कुमार गिरफ्तार

## दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया

**आप ने किया दावा मालीवाल को भाजपा ने किया ब्लैकमेल**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि आप ने दावा किया कि उन्हें भाजपा ने 'ब्लैकमेल' किया है क्योंकि वह भ्रष्टाचार के एक मामले का सामना कर रही हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कुमार को दिल्ली पुलिस की एक टीम ने दोपहर में मुख्यमंत्री आवास से हिरासत में लिया। एक दिन पहले, मालीवाल ने तीस हजारी अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने गई थीं तब उनके सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर पूरी ताकत से प्रहार किया, उन्हें थप्पड़ मारा तथा छाती एवं पेट पर लात से मारा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बिभव कुमार को अदालत में पेश किया और पूछताछ के लिए उनकी सात दिन की हिरासत मांगी।

पुलिस ने कहा कि उसने मुख्यमंत्री आवास के सुरक्षाकर्मियों एवं अन्य कर्मियों समेत कम से कम 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं जो 13 मई को हमले के वक्त मौके पर मौजूद थे। गिरफ्तारी से पहले दिन में, कुमार ने पुलिस को पत्र लिखकर कहा था कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं लेकिन पुलिस मालीवाल के खिलाफ उनकी शिकायत पर भी गौर करे। शुक्रवार को कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि मालीवाल ने 13 मई को अनधिकृत रूप से प्रवेश पाने के लिए मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा का उल्लंघन किया और वहां हंगामा किया। जब उन्होंने मालीवाल को रोकने की कोशिश की तब उन्होंने गालियां दीं।



### बिभव की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने शनिवार को कहा कि स्वाति मालीवाल पर हमले के आरोपी बिभव कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी निरर्थक हो गई है क्योंकि उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी ने आदेश में कहा कि एपीओ अतुल कुमार श्रीवास्तव शाम 4 :45 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस से कोर्ट में पेश हुए और सूचित किया कि बिभव को शाम 4 :15 बजे ही गिरफ्तार कर लिया गया था। ऐसे में अग्रिम जमानत अर्जी निरर्थक हो गई है।

### रोज-रोज जेल का खेल बंद करें मोदी : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देते हुए कहा कि रोज-रोज जेल का खेल खेलना बंद कीजिए और रविवार को अपने सांसदों, विधायकों समेत सभी बड़े नेताओं को लेकर भाजपा मुख्यालय आ रहा हूं, आप सबको जेल में डाल दें। केजरीवाल ने शनिवार को अपने निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार किए जाने पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये लोग एक के बाद एक हमारे नेताओं को जेल में डाल रहे हैं। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा, सौरभ भारद्वाज और आतिशी को भी जेल में डालने को कह रहे हैं। इनको लगता है कि हमारे नेताओं को जेल में डालकर आम आदमी पार्टी को कुचल देंगे तो ऐसा होने वाली नहीं है। आम आदमी पार्टी एक विचार है, जो लोगों के दिल में है।

**अगले 4 दिन कहर बरपाएगी गर्मी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आठ जिलों में रेड अलर्ट**

# आगरा और कानपुर में पारा 46 डिग्री के पार पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में अगले चार दिन गर्मी कहर ढाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक लू का प्रकोप बढ़ेगा। करीब सभी जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी उप्र के आठ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को सबसे गर्म आगरा और कानपुर रहा। कानपुर (एयर फोर्स) का तापमान 46.9 डिग्री दर्ज किया जबकि आगरा में पारा 46.5 डिग्री पर रहा। बुंदेलखंड के कई जिलों का तापमान भी इसी के आसपास रहा।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि अगले चार दिन तक तापमान में वृद्धि का अनुमान है। लखनऊ में 2018 से अब तक मई के महीने में शनिवार को सबसे अधिक तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा। उनका कहना है कि ज्यादातर जिलों में 19 से 21 मई के बीच तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा। इन चार दिनों में हवाओं की रफ्तार भी तेज होगी जिसकी वजह से लू का असर रहेगा। लू के मद्देनजर जिलों को रेड, ऑरेंज और येलो जोन में बांटकर अलर्ट जारी किया गया है। रेड जोन में बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, आगरा और आसपास के कुछ जिले हैं। मेरठ, हापुड़, अलीगढ़, हाथरस, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जलौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, कन्नौज और आसपास के जिलों को ऑरेंज जोन में रखा गया है।



छह साल में पहली बार 44 के ऊपर रहा लखनऊ का तापमान

### केरल में भारी बारिश का पूर्वानुमान

**तिरुवनंतपुरम।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को आने वाले दिनों में केरल में अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। 19 और 20 मई के लिए राज्य के पथनमथिट्टा, कोट्टयम और इडुक्की जिलों में रेड अलर्ट और तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा और एर्नाकुलम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 21 मई के लिए नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया और कहा कि उनमें से कुछ में रेड अलर्ट के समान बारिश होने की आशंका है।

## दिग्गज बैंकर एन वाघुल का 88 वर्ष की उम्र में निधन

**मुंबई।** दिग्गज बैंकर एन वाघुल (88) का शनिवार दोपहर को निधन हो गया। वाघुल ने बैंकिंग उद्योग में कई शीर्ष पदों पर काम किया। उन्हें आईसीआईसीआई को एक सार्वजनिक वित्त संस्थान से एक निजी क्षेत्र के बैंक में बदलने का श्रेय दिया जाता है। वह 1985 से 11 वर्षों तक आईसीआईसीआई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रहे। उन्हें चेन्नई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। उन्हें 2006 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वह 1981 में 44 साल की उम्र में बैंक ऑफ इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बने।

### चारधाम में रील्स बनाई तो होगी कानूनी कार्रवाई

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के दौरान रील्स बनाने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई के लिए कमर कस ली है। चारधाम मंदिर परिसर से 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी पर रोक लगा दी गई है। डीजीपी अभिनव कुमार ने शनिवार को अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इसका सख्ती से पालन किया जाए। साथ ही सोशल मीडिया की मॉनीटरिंग करने को भी कहा है।

**सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच आर-पार के संघर्ष की घड़ी**

# पांचवां चरण : कल मतदाता तय करेंगे उप्र में किसका पलड़ा भारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए मतदान 20 मई को होगा। इस चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच कई सीटों पर कड़ा मुकाबला होना तय है। हालांकि, बीते लोस चुनाव में 14 में से 13 सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा। लेकिन ऐसी छह सीटें हैं जहां भाजपा उम्मीदवार काफी कम अंतर से जीते थे। 2019 के चुनाव में जिन सीटों पर भाजपा एक लाख से कम वोटों से जीती थी, वहां सत्तासीन दल को कड़ी मेहनत करनी होगी।

अभी एक सीट रायबरेली कांग्रेस के पास है, जिसे पाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। दरअसल, 14 सीटों के तहत 71 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 45 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। 14 लोकसभा क्षेत्रों में फतेहपुर को छोड़ सभी लोकसभा क्षेत्र में पांच-पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं जबकि फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र हैं। वर्ष 2019 व 2014 के लोकसभा चुनावों में वर्तमान के पांचवें चरण की छह सीटों कौशाम्बी, फैजाबाद, मोहनलालगंज, अमेठी, बांदा और कैसरगंज पर भाजपा को एक लाख से काफी कम वोटों से जीत हासिल हुई है। इन सीटों पर कांटे की टक्कर होनी तय है।



### मतदान प्रतिशत कम होने का लाभ उठाया था विपक्ष ने

अगर 2009 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े पर नजर डालें तो, उस चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा था और इसका लाभ विपक्ष खासकर सपा-बसपा और कांग्रेस को मिला था। मोहनलालगंज से लेकर जालौन, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी व कैसरगंज सीट पर सपा को जीत मिली थी जबकि रायबरेली, अमेठी के अलावा बाराबंकी, फैजाबाद, गोंडा और झांसी सीट कांग्रेस को मिली थी। हमीरपुर सीट बसपा के पाले में गई थी। लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को 13 व कांग्रेस के खाते में मात्र एक सीट आई थी। वहीं लोकसभा चुनाव 2014 में भाजपा को 12 और कांग्रेस को दो सीट मिली थीं।

### थमा चुनाव प्रचार का शोर, 20 को डाले जाएंगे वोट

**लखनऊ।** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों व लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए शनिवार की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। इन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। मतदान के लिए 19 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोंडा लोकसभा सीट व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट शामिल हैं।

# चलती बस में लगी आग, 10 जिंदा जले

गुरुग्राम, एजेंसी

हरियाणा में गुरुग्राम जिले के नूंह क्षेत्र में गांव धुलावट के निकट कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में अचानक लगी आग से 10 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि बस पर बच्चों और महिलाओं समेत करीब 60 लोग सवार थे। आग से झुलसे लोगों को निकटवर्ती अस्पतालों में दाखिल कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। खबर लिखे जाने तक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ। मौके पर पहुंचे पुलिस और दमकल विभाग के जवानों को आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और बसों की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। घटना में करीब 20 लोग झुलसे भी हैं, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। बस मथुरा-वृंदावन से लौट रही थी और बस में अधिकतर यात्री पंजाब और चंडीगढ़ से थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है।



- हरियाणा के नूंह क्षेत्र में केएमपी एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा
- महिलाओं-बच्चों समेत सवार थे करीब 60 यात्री, 20 झुलसे

### घायलों को दिया जाएगा बेहतर इलाज : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नूंह जिले में चलती बस में आग लगने से लोगों की मौत होने पर दुख जताया है और घायलों को बेहतर इलाज का आश्वासन दिया है। सैनी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घायलों का जिले के नल्हर में सरकारी मेडिकल कॉलेज में इलाज हो रहा है। सरकार घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया।












### कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों में ग्रीष्मावकाश

**लखनऊ।** 12वीं तक के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश हो गया है। शिक्षण कार्य का शनिवार अंतिम दिन था। अधिकारियो ने बताया शैक्षिक कैलेंडर में लागू व्यवस्था के अनुसार प्रदेश भर के विद्यालयों में 18 मई के बाद ग्रीष्मावकाश रहेगा, जो 17 जून तक चलेगा।

# आगरा में आयकर का छापा 40 करोड़ की नकदी बरामद

आगरा/नई दिल्ली, एजेंसी

- जूता कारोबारी और संबद्ध ठिकानों पर छानबीन
- नकदी की चल रही गिनती, बढ़ सकता है नोटों का आंकड़ा

आयकर विभाग ने शनिवार को आगरा में कुछ जूता निर्माण इकाइयों के खिलाफ छापेमारी के दौरान लगभग 40 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि नोटों की गिनती अभी चल ही रही है तथा आंकड़ा बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के आगरा में एक जूता कारोबारी और उसकी संबद्ध इकाइयों पर आज दोपहर छापा मारा गया और अबतक 40 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई है।



आयकर विभाग की छापेमारी में बरामद की गई नकदी। ● अमृत विचार

# आरोप पत्र में देरी, आतंकवाद के 11 आरोपियों को मिली डिफॉल्ट बेल

विधि संवाददाता, लखनऊ

- 2022 में गिरफ्तार किए गए थे आतंकी, एटीएस समय से नहीं दाखिल कर सकी आरोप पत्र

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अल कायदा इंडियन सब-कॉन्टिनेंट के 11 कथित आतंकियों की डिफॉल्ट जमानत मंजूर करते हुए रिहा करने का आदेश दिया है। अभियुक्तों पर जमात उल मुजहीदुद्दीन संगठन के साथ कनेक्शन का भी आरोप है। अभियुक्तों को अगस्त से सितम्बर 2022 के बीच गिरफ्तार किया गया था लेकिन एटीएस समय से आरोप पत्र नहीं दाखिल कर सकी। न्यायालय ने इसी आधार पर अभियुक्तों की डिफॉल्ट जमानत मंजूर कर ली।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने कहा कि एनआईए कोर्ट ने बिना अभियुक्तों को सुनवाई का अवसर दिए विवेचना की अवधि बढ़ाने संबंधी जांच एजेंसी के प्रार्थना पत्र को मंजूर कर लिया। जांच एजेंसी 90 दिन की अधिकतम समय सीमा समाप्त होने के बावजूद आरोप पत्र दाखिल करने में असफल रही। वहीं अपीलों का राज्य सरकार के अधिवक्ता द्वारा विरोध करते हुए कहा गया कि मामले में अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हो चुके हैं लिहाजा इस स्टेज पर डिफॉल्ट जमानत नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने निर्णय में कहा कि विवेचना की समय अवधि बढ़ाने संबंधी 12 दिसंबर 2023 का एनआईए कोर्ट का आदेश आविधिक है क्योंकि जांच एजेंसी के प्रार्थना पत्र पर अभियुक्तों को सुनवाई का कोई अवसर प्रदान नहीं किया गया। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने अभियुक्तों को डिफॉल्ट जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

# अनजाने में की गई जातिसूचक टिप्पणी पर मुकदमा अनुचित

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**हाईकोर्ट ने कहा**

- निजी हित और प्रतिशोध के लिए लोग कर रहे एससी/एसटी एक्ट का गलत इस्तेमाल

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनजाने में की गई जातिसूचक टिप्पणी पर एससी/एसटी एक्ट के तहत चल रही कार्यवाही को रद करते हुए अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि अनुसूचित जाति के व्यक्ति के विरुद्ध अनजाने में की गई जातिसूचक टिप्पणी पर एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(बी) का अपराध नहीं बनता। ऐसा अपराध तभी माना जाएगा, जब टिप्पणी करने वाला जानता हो कि जिसके खिलाफ वह जातिसूचक अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा है, वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने देहरादून निवासी अलका सेठी की याचिका पर पारित किया।

कोर्ट ने यह भी कहा कि एससी/एसटी कानून कमजोर को अत्याचार से संरक्षण देने के लिए बनाया गया है, लेकिन व्यक्तिगत हित या प्रतिशोध और खुद को बचाने के लिए लोग इसका गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

# पानी भरे गड्ढे में डूबने से छह साल के बच्चे की मौत

संवाददाता, बिल्सी

- जल जीवन मिशन के तहत टंकी बनवाने को खोदा गया था गड्ढा

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी के लिए खोदे गए गड्ढे में भरे पानी में डूबने से छह साल के बच्चे की मौत हो गई। कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव पिंडौल निवासी आरिफ खान शुक्रवार सुबह अपने खेत पर गए थे।

घर पर उनकी पत्नी शहनाज और छह साल का बेटा आरिस थे। आरिस खेलते-खेलते घर के पास पानी की टंकी के लिए खोदे गए पानी भरे गड्ढे के पास पहुंच गया। उसका पैर फिसला और गड्ढे में जा गिरा। काफी देर तक वह नहीं दिखा तो शहनाज ने उसकी तलाश की। गांव वाले भी खोजने लगे। तकरीबन दो घंटे के बाद ग्रामीण गड्ढे के पास पहुंचे तो आरिस के सिर के बाल पानी में दिखे।



आरिस।

ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला और बिल्सी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव गांव ले गए। देर शाम दफन कर दिया।

## इसरो प्रमुख ने कहा, मंदिरों में बनाएं लाइब्रेरी

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मंदिरों में पुस्तकालय स्थापित करने की हिमायत करते हुए शनिवार को कहा कि इस तरह की पहल युवाओं को उपासना स्थलों पर लाने में मदद करेगी। केरल की राजधानी स्थित श्री उदियानूर देवी मंदिर द्वारा शुरूआत किए गए एक पुरस्कार ग्रहण करने के बाद सोमनाथ ने कहा कि मंदिर केवल ऐसे स्थान नहीं होने चाहिए जहां बुजुर्ग भगवान का नाम जपने के लिए आएं, बल्कि इसे समाज में परिवर्तन लाने का स्थान भी बनना चाहिए। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से युवाओं को मंदिरों के प्रति आकृष्ट करने का आग्रह किया।


**दुर्लभ संयोग** | **लोकसभा चुनावों के नतीजों के साथ सियासी दलों व नेताओं का भविष्य भी होगा तय**

# ग्रहों की बदली दिशा से महत्वपूर्ण होगी चार जून की सुबह

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** ज्योतिष विज्ञान के अनुसार जून का प्रथम सप्ताह ग्रहों की दिशा के लिहाज से लोकसभा चुनावों के नतीजे के साथ राजनीतिक पार्टियों और नेताओं का भविष्य तय करने में बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। जिसका पता चार जून दोपहर तक चल जाएगा। मगर खगोलविदों का नजरिया क्या कहता है, यह अलग विषय है।

इस बार जून का आगमन ग्रहों के दुर्लभ संयोग के साथ बदलने जा रहा है। इस खगोलीय घटना में एक साथ 6 ग्रहों की श्रृंखला आसमान में लामबंद होने जा रहे हैं। दशा प्रभाव के लिहाज से ज्योतिषविद इनके प्रभाव को बेहतर समझा सकते हैं, लेकिन खगोलविदों के लिए ग्रहों की अद्भुत दिशा एक दुर्लभ संयोग होगी। हमारे सौर मंडल में केवल 8 प्रमुख ग्रह हैं। एक पर हम खुद विराजमान हैं, जबकि शुक्र ग्रह इन दिनों सूर्य की चमक में छिपा हुआ है। इनके अलावा अन्य 6 ग्रह हैं, जिनमें शनि, नेपच्यून, मंगल, यूरेनस, बुध और बृहस्पति शामिल हैं।




ये सभी ग्रह जून की शुरुआत से ही सूर्योदय से पहले नजर आएंगे, जो पूर्वी आकाश की शोभा बढ़ाएंगे। इनमें यूरेनस व नेप्च्यून को देखने के लिए दूरबीन की मदद लेनी होगी जबकि अन्य को नग्न आंखों से आसानी से देख सकेंगे। मंगल और शनि को पहचानना सबसे आसान होगा। सूर्योदय से लगभग 20 मिनट पहले इन्हें देखने का उपयुक्त समय होगा। इन्हें देखने के लिए सर्वोत्तम दिन 3 और 4 जून होंगे। ये सभी एक लंबे सर्किल में नीचे से ऊपर की तरफ विराजमान होंगे। जिस कारण इनकी आसानी से पहचान की जा सकेगी।

### 4 जून को कुछ ऐसी होगी ग्रहों की स्थिति

**नैनीताल।** 4 जून सुबह के आकाश में बुध और बृहस्पति एक साथ सबसे करीब दिखाई देंगे। दोनों ग्रह एक डिग्री से भी कम दूर होंगे। इनके ठीक ऊपर यूरेनस होगा। इनके ऊपर चन्द्रमा विराजमान होगा। इनके ऊपर लाल रंग में मंगल होगा। इसके बाद ऊपर की तरफ थोड़ी दूरी पर नेप्च्यून होगा और सबसे ऊपर शनि ग्रह होगा। सूर्य उदय के साथ ही सभी ग्रह अदृश्य हो जाएंगे।

## एक नजर

### चोरी से काटे ग्राम समाज की जमीन पर खड़े पेड़

**बिलसंडा।** करेली थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत राठ में ग्राम समाज की भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को रातों-रात चुपके से काट लिया गया।जिसकी शिकायत ग्रामीण राजपाल सिंह ने बीसलपुर के एसडीएम से की है। गांव राठ निवासी राजपाल ने एसडीम से की गई शिकायत में बताया कि गांव में गाटा संख्या 65, 55 श्रेणी 5, 6 के रूप में दर्ज है। इस पर यूकेलिप्टस के करीब 11 पेड़ खड़े थे, जो कि सभी पेड़ ग्राम समाज की भूमि पर खड़े थे। इनमें से दो पेड़ गांव की ही कुछ लोगों ने चोरी से काट लिए, और लकड़ी भी गायब कर दी। ग्रामीण का कहना है कि इससे ग्राम पंचायत में खाली सरकारी पेड़ों को क्षति पहुंची है। उधर इस बाबत जब हल्का लेखपाल वीर बहादुर से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर खड़े हुए पेड़ काटने की जानकारी हुई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### आज होगी पेड़ों की छंटाई सुधारे जाएंगे जंफर

**पीलीभीत।** पावर कॉरपोरेशन के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार भारती ने बताया कि ग्रीष्मकाल में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए लाइनों के अनुरक्षण एवं प्रिवेंटिव मेंटिनेंस का कार्य कराया जा रहा है। इसके चलते पेड़ों की छंटाई, पुराने जंफर बदलने/ठीक होने का कार्य कराया जा रहा है। इसके चलते 19 मई को सुबह चार से काम चलेगा और सप्लाई बंद रहेगी।

### जमीन के विवाद में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां।** जमीन के पुराने विवाद में ग्रामीण की दबंगों ने पिटाई कर दी गई। पुलिस ने घायल ग्रामीण की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव खामघाट निवासी वीरपाल पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके गांव के ही रिंकू, नरेश, छेदा लाल और मूलचंद से जमीन का पुराना विवाद है। शनिवार को इसी की रंजिश में आरोपियों ने गांव में ही काम से जाते वक्त रोक लिया और गाली गलौज की। विरोध करने पर लाठी डंडों से पिटाई कर दी। शोर सुनकर गांव के हरीश कुमार, भगवान दास बचाने आए तो उन्हें भी पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है।

# कागजों में किए इंतजाम तो सड़कों पर क्यों न लगे जाम

## रूट तय होने पर भी नो-एंट्री जोन में दौड़ रहे ई-रिक्शा, मुख्य मार्गों पर भी नहीं होता दिखा नियम का पालन



ड्रमंड गंज चौराहा से सुनहरी मस्जिद चौराहा की तरफ जोन वाले मार्ग पर ई-रिक्शा।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** शहर की सड़कों को जाम से मुक्त कराने के लिए अधिकारियों की ओर से की गई कवायद कागजों में सुधार के लिए के लिए चलाए गए तीर के समान दिखाई दी। जाम की मुख्य वजह मानते हुए ई-रिक्शा का रूट तो कागजों में तय कर दिया और बड़े-बड़े दावे भी हुए। मगर धरातल पर हालात जस के तस हैं। मुख्य मार्गों पर ही नहीं नो एंट्री जोन में भी दिनभर भीड़ के बीच ई-रिक्शा दौड़ते नजर आए। कई बार जाम के हालात भी बने। फर्क सिर्फ इतना रहा कि इस जाम में फंसकर राहगीर परेशान होते रहे और जिम्मेदार हर बार की तरह नदारद थे।

वैसे तो शहर की यातायात व्यवस्था का हाल किसी से छिपा नहीं है। इसका सुधार करने के लिए कई बार पुलिस प्रशासनिक और परिवहन विभाग के अधिकारी मिलकर मंथन कर चुके हैं। तमाम रणनीतियां भी सुधार के लिए बनाई गई और पालिका की जिम्मेदारी तय करते हुए दावे कर दिए गए। मगर हर की सड़कों पर व्यवस्था बनाने जैसी कोई कवायद रंग लाती नहीं दिखाई दे रही। बीच-बीच में अभियान चलाए तो उसमें भी औपचारिकता निभाई गई या फिर विरोध के बाद राजनीतिक दखलअंदाजी के चलते जिम्मेदारों को बैकफुट पर आना पड़ा। बीते दिनों जाम की दिक्कत को दूर कराने के लिए एक बार फिर कागजी तीर छोड़ा गया। जिसमें हर बार की तरह ई-रिक्शा को मुख्य मार्गों पर लगने वाले जाम की मुख्य मानते हुए रूट निर्धारित कर दिया गया। उसका भी सड़कों पर कहीं पालन होता नहीं दिखा। शहर के मुख्य बाजार, जेपी रोड, ड्रमंडगंज चौराहा से सुनहरी मस्जिद मार्ग, चूड़ी वाली गली, नीबू मंडी समेत कई इलाकों में जहां पूर्व से ही नो एंट्री की व्यवस्था चली आ रही है। वहां भी खरीदारों की भीड़ के बीच बेतरतीब तरीके से ई-रिक्शा खड़े रहे और फर्राटा भरते दिखाई दिए। कई बार जाम के हालात भी बनते रहे, लेकिन सख्ती करने या फिर नियम पालन कराने के लिए जिम्मेदार ही नदारद थे। नतीजतन भीषण गर्मी के बीच अव्यवस्था की मार राहगीरों को ही झेलनी पड़ी।



बरेली गेट चौराहा पर नो एंट्री में दौड़ते ई-रिक्शा। ● अमृत विचार



जेपी रोड पर बेतरतीब खड़े वाहन और दौड़ते ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

### अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग भी रही जारी

जाम के मुख्य कारणों में सड़कों पर फैला अतिक्रमण और दुकानों के आगे की जाने वाली बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग भी है। इसे लेकर अभी भी कोई ठोस कदम जिम्मेदार नहीं उठा सके हैं। शनिवार को भी मुख्य बाजार, जेपी रोड, नीबू मंडी समेत कई स्थानों पर बदतर हालात बने हुए थे। जाम लगने के बाद राहगीर परेशान हो रहे थे लेकिन इसकी सुधि लेने के लिए कोई नहीं था।

### बैरियर तो लगाए, कर्मचारी नहीं दिखे

बाजार से सटे चौराहों पर नो एंट्री लागू रहती है। सुबह आठ से रात के आठ बजे तक इनमें बड़े वाहनों के साथ चार पहिया वाहन और ई-रिक्शा का प्रवेश निषेध रहता है। इसका पालन कराने के लिए चौराहों पर यातायात पुलिस की ओर से मोबाइल बैरियर भी लगाए गए हैं। मगर अधिकांश में शनिवार दोपहर को कोई कर्मचारी ही नहीं था। बाकी दिनों में भी व्यवस्था संभालने का काम होमगार्ड पर निर्भर हैं। इसके चलते वाहन आसानी से नो एंट्री जोन में प्रवेश करते रहे।

### ..विरोध के चलते पीछे खींचने पड़े थे कदम

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों संग होने वाली उद्योग व्यापार बंधु की बैठक में हर बार ई-रिक्शा का रूट तय करने के साथ ही नियमों का पालन कराने की मांग व्यापारियों की ओर से की जाती रही है। इस पर अभियान शुरू भी किए गए थे। बिना पंजीकरण दौड़ रहे दर्जनों ई-रिक्शा को परिवहन विभाग ने सीज भी कर दिया था। जिसके बाद हल्ला मच गया। मामला जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा और फिर बैठकें हुई थी। जिसमें कई बिंदुओं पर रणनीति तय तो कर दी गई लेकिन न तो उस रणनीति पर कोई काम हो सका जिससे ई-रिक्शा चालकों की दिक्कत दूर हो न ही नियम पालन कराने को लेकर सख्ती दोबारा हो सकी।



गैस चौराहा से मुख्य बाजार की तरफ प्रवेश करता ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

### चार पहिया वाहन भी पहुंच रहे मुख्य बाजार में

जाम की रोकथाम के लिए बनाए गए नियमों का उल्लंघन करने में सिर्फ ई-रिक्शा चालक ही शामिल नहीं रहे। मुख्य बाजार में चावला चौराहा के आसपास कई चार पहिया वाहन भी पहुंच गए। जोकि काफी देर तक बाजार में ही सड़क घेरकर खड़े रहे। यह आलम तब है जब गैस चौराहा, ड्रमंडगंज चौराहा दोनों तरफ पुलिस के मोबाइल बैरियर लगे हुए हैं। चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक भी लगा रखी है। किसी तरह की सख्ती इस दिशा में होती नहीं दिखी।

# गन्ने की फसल को चट कर रहा चोटी बेधक कीट

- डीसीओ ने कई गांवों में खेतों का निरीक्षण करने के बाद की गोष्ठी
- किसानों को गन्ने की फसल को चोटी बेधक से बचाव के दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** गन्ने की फसल में चोटी बेधक कीट अर्ली शूट कीट बीमारी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस रोग से फसल को बचाने के लिए यूपी गन्ना शोध परिषद ने एडवाजरी जारी की है। परिषद ने कीट के प्रकार, लक्षण और इससे निपटने के लिए कीटनाशक की जानकारी साझा की है। साथ ही शासन ने जिला गन्ना अधिकारी समेत सभी को गांवों में जाकर फसल का सत्यापन और जागरूकता संगोष्ठी करने के निर्देश दिए हैं। इसीक्रम में शनिवार को डीसीओ ने कई गांवों में फसलों का सत्यापन करने के साथ ही इस कीट से फसल को बचाने के उपाय बताए।

शनिवार को डीसीओ खुशीराम भार्गव ने गांव संतोषपुरा में कृषक भोजराज के खेत में लगी पेड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पेड़ी के प्लाट पहले से ही सर्वे में दर्ज हैं, जो एचएचसी मशीन द्वारा जीपीएस के माध्यम से स्वतः सर्वेक्षित हो जाते हैं। इसके बाद संतोषपुरा गांव में ही किसान मूलचंद की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां पेड़ी प्रबंधन व रोग कीट नियंत्रण पर अपने विचार रखे।

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि चोटी बेधक एवं अर्ली शूट कीट की पहचान को लेकर किसान सुबह अपने खेतों के निगरानी कर द्वितीय पीढ़ी के अंड समूहो अथवा सूढ़ियों के दिखाई पड़ने पर उनको नष्ट कर दें। यदि आवश्यक हो तो इमीडाक्लोरोपिड 40 प्रतिशत रसायन की एक मिली लीटर मात्रा प्रति लीटर पानी मे मिलाकर स्प्रे करें। यदि अधिक प्रकोप हो तो क्लोरेन्ट्रेनीलीप्रोल कोराजन/ सिटीजन/ शीमो 18.5 एससी.150 एम एल .दवा 400 लीटर पानी मे घोल कर पौधों की जड़ों के पास ड्रेंचिंग करने की सलाह दी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राम भद्र द्विवेदी ने बताया कि गन्ना विकास समितियों पर बेधक कीटों के नियंत्रण के लिए कीटनाशक उपलब्ध है किसान इसे प्राप्त कर लाभ उठाएं।

गोष्ठी में चीनी मिल पीलीभीत के महाप्रबंधक गन्ना केबी शर्मा, उप महाप्रबंधक गन्ना संजीव राठी, गन्ना पर्यवेक्षक सोमपाल, इंद्रप्रकाश, ओमप्रकाश, लालाराम, जगदीश के अलावा बड़ी संख्या में कई गांवों के किसान मौजूद रहे।



गांव संतोषपुरा में गन्ने का खेत का निरीक्षण करते डीसीओ खुशीराम भार्गव।

## दिव्यांग से घर में घुसकर मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** घर में घुसकर दिव्यांग युवती से मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जमुनिया महुआ निवासी पूनम देवी पुत्री मैकूलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को उसकी मां घर पर नहीं थी। इस बीच गांव का मनोज घर में घुस आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने हमला कर मारपीट की। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए।इस पर आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने ये भी बताया कि हाथ और पैर से दिव्यांग है। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच की जा रही है।

# कांटे पर खाद्यान्न की बजाय ईट रखकर निकालते हैं पर्चियां

- कांटे मशीन से अटैच होने पर कोटेदार पर घटतौली का आरोप

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** कांटे से अटैच कर इस बार जो मशीन उपलब्ध कराई है ,उसको लेकर पहले तो कोटेदारों ने विरोध जताया, लेकिन जब सख्ती बरती गई तो कुछ कोटेदारों ने घटतौली का नया फंडा ढूंढ लिया है। अब कांटे पर ईट एवं बांट रखकर पर्ची निकालकर घटतौली की जा रही है। इससे जुड़े कुछ फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं।

पिछले महीने ग्राम पंचायत पसगवां के कोटेदार की इसी तरह की शिकायत डीएम से की गई थी। जिसकी बीसलपुर के पूर्ति निरीक्षक रजनीश कुमार शुक्ला ने जांच की। ग्रामीणों ने बयान दर्ज कराए लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी हे। आरोप है कि कई ग्राम पंचायतों में राशन कोटेदार मशीन के कांटे से अटैच होने पर बांट एवं ईंट का वजन रखकर पर्ची निकाल कर घटतौली करते हैं। उपभोक्ताओं से अंगूठा लगवा कर जिस दिन पर्ची निकली जाती है, उस दिन खाद्यान्न का वितरण ही नहीं किया जाता। दूसरे दिन आधा किलो प्रति यूनिट के हिसाब से कम करके ही खाद्यान्न वितरण करते हैं।गांव पसगवां में कोटेदार द्वारा बरती गई धांधली की वीडियो भी वायरल हुई, लेकिन पूर्ति विभाग ने जांच के नाम पर सिर्फ खाना पूरी कर दी।




# मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन फिर भी जिला पंचायत ने दुकानदारों को जारी कर दी आरसी

- परेशान दुकानदारों ने एसडीएम से शिकायत

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत से आवंटित भूखंड पर बनी दुकानों के स्वामित्व को लेकर मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बावजूद जिला पंचायत ने दुकानदारों के नाम पर आरसी जारी कर दी। आरोप है कि राजस्व कर्मचारी दुकानदारों को बकाया चुकता करने के लिए परेशान कर रहे हैं। दुकानदारों ने एसडीएम को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कस्बे में शेरपुर कलां रोड पर करीब दो दशक पहले जिला पंचायत द्वारा सड़क किनारे दुकानों के भूखंड आवंटित किए गए थे। व्यापारियों ने भूखंडों पर अपने खर्चे से दुकानें बनाकर व्यवसाय शुरू कर दिए। दुकानदारों के मुताबिक वर्ष 2009 तक 160 रुपए प्रति महीना के हिसाब से शुल्क भी जमा किया गया। इन दुकानों पर नगर पालिका और रेल विभाग अपने स्वामित्व का दावा कर रहे हैं।

इसको लेकर वाद कोर्ट में विचाराधीन है। इसमें पांच जुलाई को सुनवाई होनी है। दुकानदारों ने बताया कि मामला कोर्ट में विचाराधीन होने पर कई वर्षों से किराया नहीं जमा किया गया। जिला पंचायत की ओर से भी इससे संबंधित कोई नोटिस नहीं दिया गया। अब जिला पंचायत द्वारा दुकानदारों के किराया जमा न करने पर आरसी जारी कर दी गईं। आरोप है कि इसमें मनमानी रकम लिख दी गई। राजस्व प्रशासन दुकानदारों पर आरसी की धनराशि जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। शनिवार को दुकानदारों ने इस को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें बिना नोटिस के ही किराए की आरसी भेजने का आरोप लगाया। एसडीएम से जारी की गई आरसी वापस कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में जुवैद खां, साजिद हुसैन, अहमद अली, अली अहमद, नईम, जावेद, हनीफ, लईक आदि थे।

## मामूली कहासुनी होने पर सगे भाइयों में चले लाठी-डंडे

**घुंघचिहाई , अमृत विचार:** गाय का बछड़ा घर में घुसने को लेकर दो सगे भाइयों में लाठी डंडे चल गए। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र के ग्राम गरीबपुर निवासी दीनदयाल का गाय का बछड़ा शनिवार को उनके बड़े भाई नत्थू लाल के घर में चला गया। इस मामूली बात पर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। आरोप है कि बड़े भाई की पत्नी ने बछड़े को डंडा मार दिया तो और बखेड़ा हो गया। दोनों तरफ से मारपीट हुई। जिसमें दीनदयाल और दूसरे पक्ष से बड़े भाई नत्थूलाल की पुत्री पूनम को चोट आई। एसओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है

# पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर शुरू की जांच

- दादी को साथ रखने को लेकर विवाद में मारपीट का मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** दादी को रखने को लेकर चल रहे विवाद में हुई मारपीट का मामला 24 घंटे तक पुलिस दबाए रही। जब अधिकारियों के संज्ञान में मामला पहुंचा तो पुलिस ने दोनों पक्षों को वार्ता के लिए थाने बुलाया और हकीकत का पता लगाने में जुटी रही।

घटना शहर के शिवनगर कॉलोनी की है। यहां के रहने वाले धीरज ने कोतवाली में गुरुवार रात दी तहरीर में बताया था कि उसकी दादी शांति देवी विधवा हैं। दादा के निधन के बाद उनको पेंशन मिलती है। सगे मौसेरे भाई पेंशन के लालच में दादी को तीन साल से जबरन रखे हुए थे। 24 अप्रैल को पीड़ित की मां शकुंतला देवी का निधन हो गया। समाज के लोगों के कहने पर बमुश्किल दादी को उक्त लोगों ने आने दिया था। इसी रंजिश में 16 मई की रात मौसेरे भाई ने साथियों के साथ घर पर आकर मारपीट की। बचाने आए पिता को भी आरोपियों पर पीटने का आरोप लगाया था। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने सुधि ली। दोनों पक्षों को खकरा पुलिस चौकी पर वार्ता के लिए बुलाया गया। जहां दोनों से उनका पक्ष लिया गया। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।




### नवनियुक्त नोटरी अधिवक्ताओं का स्वागत

**पूरनपुर।** तहसील में कई वर्षों से विधिक कार्य कर रहे अधिवक्ताओं की नियुक्ति नोटरी अधिवक्ता के रूप में हुई है। शनिवार को प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजय सक्सेना ने नवनियुक्त नोटरी अधिवक्ता नीरू खंडेलवाल एडवोकेट, सुनील गुप्ता, फखरूल मंजरी, इफ्तखार रजा, धीरज प्रधान का माल्यार्पण और मीठा खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान अधिवक्ता के रूप में 25 वर्ष पूरे करने वाले अधिवक्ता हरिराम गौतम को भी माला पहनाकर शुभकामनाएं दी गईं। पूर्व अध्यक्ष संजय सक्सेना ने कहा कि सभी अधिवक्ता बधाई के पात्र हैं। अब यह अधिवक्ता अधिकृत रूप से शपथ पत्र बना सकेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता इफ्तखार खान, हयात खान, संतोष सक्सेना, नाजिम बेग और जफर खान आदि मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**
दैनिक 'अमृत विचार' बरेली को ऑफिस कार्य हेतु कुशल ड्राइवर की।
**अनुभव :-** कम से कम 3 से 5 वर्ष का।
**वेतन :-** योग्यता अनुसार।
सम्पर्क करें
(HR विभाग)
मो. 8476006584

धर्म-कर्म | शतचंडी महायज्ञ में पांचवें दिन भागवत कथा सुनने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# कर्म से ही मिलता ज्ञान वैराग्य और मुक्ति का सच्चा ठिकाना

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** श्री दिव्य शक्ति पुंज महाकाली शक्तिपीठ मंदिर में चल रहे शतचंडी महायज्ञ में पांचवें दिन शनिवार को भक्तों ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा की। भागवत कथा में सुंदर प्रसंग सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए। सोमवार को विशाल भंडारे के साथ धार्मिक आयोजन का समापन किया जाएगा।

पूरनपुर माधोटांडा रोड पर गांव तकिया दीनारपुर में श्री दिव्य शक्ति पुंज महाकाली शक्ति पीठ मंदिर आस्था का केंद्र है। सोमवार को मनोकामना के लिए मंदिर में दिए जलाने की विशेष परंपरा है। 14 मई से कलश यात्रा के साथ बारहवां सात कुण्डीय शतचंडी महायज्ञ मंदिर परिसर में शुरू हुआ था। यहां नैमिषधाम से पधारे यज्ञाचार्य रितेश शास्त्री द्वारा मंत्रोचारण के साथ यज्ञ कराया जा रहा है। आहुतियां दिलवा रहे है। रोजाना हजारों भक्त यज्ञ की परिक्रमा करने के लिए पहुंच रहे हैं। इस शतचंडी महायज्ञ में सुबह 7 बजे से 11 बजे तक यज्ञ किया जाता है। दोपहर 2 बजे से 5 बजे और रात 8 बजे से 11 बजे तक भागवत ज्ञान यज्ञ की अमृतवर्षा होती है।बौधिया कलां, लखीमपुरखीरी के कथावाचक एवं राठौर कैसिट कलाकार गोपाल महाराज, वीरेन्द्र सरल, साध्वी ममता शास्त्री भागवत कथा के सुंदर प्रसंग सुनाते हैं। कथा में बताया कि कर्म के द्वारा ही ज्ञान वैराग्य, मुक्ति का सच्चा ठिकाना मिलता है, सन्त भी बिना कर्म किए नहीं रह सकते। संत पुरुषों ने कर्म के द्वारा ही सिद्धि पाई है। मंदिर के महंत सूरजगिरि ने बताया कि शतचंडी महायज्ञ का 20 मई सोमवार को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। शतचंडी महायज्ञ में पूरनपुर के अलावा गांव तकियादीनारपुर, अमरैयाकलां, सुखदासपुर, नवदियाधनेश, देवीपुर, नवदियाटोडर, लोहरपुरी, खाता, सुंदरपुर, रघुनाथपुर, धरमंगदपुर, महादिया, खमरियापट्टी आदि गांवों के हजारों भक्त पहुंच रहे हैं।



श्री दिव्य शक्ति पुंज महाकाली शक्तिपीठ मंदिर में चल रही कथा सुनते भक्त। ● अमृत विचार



शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# चकरोड पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

## बरखेड़ा के ग्राम सहपुरा की घटना, परिजनों ने किसी तरह की रंजिश से किया इनकार

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** घर से कुछ देर में वापस आने की बात कहकर निकला युवक का शव घर से आधा किलोमीटर की दूरी पर पड़ोसी गांव में चकरोड पर पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। परिवार ने हत्या किए जाने की बात कही लेकिन किसी तरह की रंजिश से इनकार किया है। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन कर रही है।


मृतक विजय कुमार।

गजरौला थाना क्षेत्र के लखाखास गांव के मैकूलाल शिक्षामित्र हैं। उनका 27 साल का बेटा विजय कुमार शुक्रवार रात करीब आठ बजे घर से खाना खाकर निकला था। पिता के पूछने पर उसने जल्द वापस आने की बात कही थी। मगर वापस नहीं लौटा। कुछ देर इंतजार करने के बाद परिवार वाले बेफ्रिक होकर सोने चले गए। शनिवार सुबह जागने पर पता चला कि रातभर विजय घर लौटा ही नहीं है। जिसके बाद परिवार वालों की चिंता बढ़ गई। उन्होंने एकजुट होकर युवक की तलाश शुरू कर दी। सुबह करीब दस बजे लापता युवक का शव घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम सहपुरा में चकरोड पर पड़ा मिला। खेतों पर काम करने जा रहे लोगों की नजर शव पर पड़ी तो भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। शव के एक कान से खून निकल रहा था। गले में सूजन थी और शरीर पर कई जगह खाल जली हुई थी। जिसे देख परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाया। हालांकि रंजिश से इनकार कर दिया। सूचना पर इंस्पेक्टर बरखेड़ा अरविंद सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। परिवार वाले लगातार हत्या करने की बात कहते रहे। पुलिस ने जांच कर निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया।


विलाप करते मृतक के परिवार वाले। ● अमृत विचार

### कहीं हत्या के बाद तो नहीं जलाया शव

एक तरफ परिवार वाले शव देख हत्या कर शव जलाने की कोशिश करने का आरोप लगाते रहे। शरीर पर कई हिस्सों में झलुने के निशान को देख ग्रामीण भी इसे लेकर चर्चाएं कर अंदेशा जताते दिखाई दिए। वहीं पुलिस को जहरीला पदार्थ खाने से जुड़ा मामला प्रथम दृष्टया प्रतीत हो रहा है। खाल झुलसने को लेकर पुलिस का ये भी तर्क रहा कि हो सकता है कि गर्म जमीन की वजह से खाल झुलस गई हो। फिलहाल स्थिति स्पष्ट करने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### मौत की खबर मिलते ही पत्नी के उड़ गए होश

मृतक की शादी दो साल पहले ही ग्राम आमडार निवासी प्रीति देवी से हुई थी। बीते रविवार को प्रीति अपने मायके गई थी और वहीं पर रुकी हुई थी। मृतक चार भाई और दो बहनों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत की खबर मिलते ही पत्नी के होश उड़ गए। परिवार के अन्य सदस्यों का भी रो-रोकर बुरा हाल रहा। कुछ देर बाद ही पत्नी मौके पर पहुंच गई और पति का शव देख कई बार बेसुध हुई। जिसे परिजन और रिश्तेदार संभालने में जुटे रहे। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे।

### शुक्रवार को भाई के साथ गया था कचहरी

परिवार वालों ने बताया कि मृतक विजय एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। वह चतुर्थ सेमेस्टर पासआउट भी कर चुका था। वह कचहरी में एक अधिवक्ता के साथ बैठता था। उसका भाई भी उसके साथ ही रहता था। शुक्रवार को भी दोनों भाई सुबह कचहरी गए थे और शाम करीब छह बजे वापस आए थे। कुछ देर घर में रुकने के बाद रात को विजय चला गया था और अब उसकी लाश मिल गई।

### सुरागरसी करने फील्ड यूनिट के एक्सपर्ट भी पहुंचे

लापता युवक का शव मिलने के बाद परिवार की ओर से हत्या के आरोप लगाए गए तो पुलिस विभाग में खलबली मच गई। पुलिस ने भी सुरागरसी करने के लिए फील्ड यूनिट को मौके पर बुला लिया। फील्ड यूनिट के एक्सपर्ट ने काफी देर तक मौके पर पड़ताल करते हुए सुराग जुटाने का प्रयास किया।

> एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। पड़ोसी गांव में शव मिलने पर मौके पर गए थे। मौत की वजह स्पष्ट करने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। छानबीन की जा रही है। अभी कोई तहरीर परिवार से नहीं मिली है।
> –अरविंद सिंह चौहान, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

# चीनी मिल के फिटर की संदिग्ध हालात में मौत


विलाप करते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

● पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा, परिवार में कोहराम

**अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में सहकारी चीनी मिल के सीजनल फिटर की मौत हो गई। उसका शव चीनी मिल अतिथि ग्रह के सामने पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। शव पोस्टमार्टम को भेज पुलिस छानबीन में जुट गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोगापुर निवासी नन्हे लाल का पुत्र कुंवरसेन (38) चीनी मिल में सूचीबद्ध फिटर का काम करता था। वह मिल परिसर स्थित एक आवास में अपने परिवार के साथ रह रहा था। शनिवार सुबह करीब दस बजे वह बाजार से सब्जी और अन्य घरेलू सामान खरीद कर लाया था। उसके घर में रखने के बाद पत्नी नीना देवी से कहा कि उसे कोई फोन करके बुला रहा है, संबंधित व्यक्ति से मिलकर जल्द वापस आने की बात कहकर निकल गया। काफी देर बाद भी वह वापस नहीं लौटा। दोपहर करीब एक बजे चीनी मिल अतिथि ग्रह के सामने सड़क किनारे कुंवरसेन का शव पड़ा मिला। शव पर कुछ कर्मचारियों की नजर पड़ी तो भीड़ जमा हो गई। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक जयप्रकाश यादव को सूचना दी गई। जिस पर वह भी पहुंच गए। जिंदा होने की आस में उसे सीएचसी भिजवाया गया, वहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले भी जानकारी मिलने पर आ गए। शव देखते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। परिजन का कहना था कि गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो लोगों से रंजिश चल रही है। इसे लेकर हत्या की आशंका जताई।

## एक नजर

### हादसे में दादी-पौत्र घायल

**बीसलपुर।** एंबुलेंस की टक्कर से दादी-पौत्र घायल हो गए। उन्हें अस्पताल भी कराया गया है। हादसे के चलते मौके पर भीड़ लगी रही।

तहसील क्षेत्र के ग्राम बिहारीपुर कुमिरखा निवासी शकुंतला देवी शनिवार को अपने पौत्र अभिनय के साथ रिश्तेदारी से वापस अपने घर जा रही थी। भड़रिया मोड़ पर दोनों सवारी का इंतजार कर रहे थे। इस बीच चालक ने 102 एम्बुलेंस बैक की और दोनों एंबुलेंस की चपेट में आ गए। राहगीरों की मदद से दोनों को सीएचसी बीसलपुर भेजा गया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर अभिनय को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### मां-बेटे को किया घायल

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोहरा निवासी रेशमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार दोपहर उसके बच्चे बाहर खेल रहे थे। इस बीच पड़ोसी के बच्चों से उनका विवाद हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बीच बचाव करा दिया। कुछ देर बाद गांव के ही तीन लोग पीड़िता के घर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। पुलिस घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है।

### भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**दियोरियाकलां।** कोतवाली में दी गई तहरीर में गांव लभौआ निवासी रमेश चंद्र पुत्र रामचंद्र लाल ने बताया कि उसके गांव का ही अजय पाल पहले भी कई घरों में चोरी कर चुका है। शुक्रवार रात आरोपी ने पीड़ित की भैंस चोरी कर ली। भैंस न मिलने पर ग्रामीणों संग तलाश की गई। जिसके बाद गांव खपटिया के आसपास भैंस बंधी मिल गई। शक होने पर जब अजयपाल को पकड़कर पूछा गया तो उसने घटना कबूल की। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# रंजिशन युवक को पीटा घटना सीसीटीवी में कैद

संवाददाता, बीसलपुर

● भोगापुर चौराहे पर शुक्रवार को आरोपियों ने दिया घटना का अंजाम
● पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया, जांच पड़ताल में जुटी

**अमृत विचार:** पुरानी रंजिश में एक युवक पर हमला कर दिया गया। उसकी सरेराह पिटाई की गई। यह पूरा घटनाक्रम नजदीक के ही एक प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर की रामनगर कॉलोनी के रहने वाले सुनील ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रोज की तरह शुक्रवार को भोगापुर चौराहे पर शिकंजी का ठेला लगाए हुए था। इस बीच पुरानी रंजिश के चलते चार युवक ठेले पर आए और बिना किसी बात के अभद्रता करने लगे। जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने हमला कर दिया। उसकी सरेराह पिटाई कर दी गई। लात घूसों से पिटाई करने के दौरान उसके शरीर में काफी चोट आई। आसपास के लोगों ने घटनाक्रम देखा तो कई लोगों की मौके पर भीड़ जमा होने लगी। इस देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित का कहना है कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिसमें यह पूरा घटनाक्रम कैद हो गया है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि सुनील की तहरीर पर मामले की जांच कराई जा रही है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# खेत पर काम करते समय ग्रामीण की मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** संदिग्ध हालात में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शव लेकर घर चले गए और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज अमखिडिया के रहने वाले राजेश कुमार ने बताया कि उनके ताऊ मंगली प्रसाद (65) शनिवार की सुबह छह बजे घर से गन्ने की खोदाई करने खेत पर गए थे। ताऊ के खेत के समीप दूसरे खेत में उनके भाई डालचंद का पुत्र रंजीत काम कर रहा था। सुबह करीब दस बजे मंगली प्रसाद की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिवार के सदस्य उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शव को परिजन गांव ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया।

# तहसीलदार पर हमले के बाद भी अवैध खनन जोरों पर

संवाददाता, पूरनपुर

● अब सेहरामऊ क्षेत्र में हरिपुर किशनपुर के पास जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी

**अमृत विचार:** पिछले दिनों अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी करने गए नायब तहसीलदार पर माफिया और उसके गुर्गों ने हमला कर दिया था। कब्जे में लिए ट्रैक्ट्रर छुड़ा लिए थे। इसके अगले दिन जिला प्रशासन के निर्देश पर कई जगह एसडीएम, नायब तहसीलदार और खनन अधिकारी ने जिले में कई जगह अवैध खनने करने वालों पर शिकंजा कसते हुए कार्रवाई की। लेकिन, एक बार फिर अफसरों के सुस्त होने पर सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा जोरो पर चलने लगा।

क्षेत्र के कई गांवों में अवैध रूप से मिट्टी निकाली जा रही है। शनिवार को जंगल किनारे मिट्टी निकाल रही एक जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर ट्रालियों को पुलिस ने पकड़कर सीज कर दिया है। गेहूं की कटाई के बाद से खेत खाली पड़े हैं। खनन माफिया के लिए यह समय मुफीद है। बिना अनुमति ही उपजाऊ खेतों को तालाब में बदल दिया जाता है। सेहरामऊ क्षेत्र में खनन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। रात में भी धड़ल्ले से मिट्टी निकालने काम चलता है। शिकायत पर पुलिस के पहुंचते ही माफिया ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग जाते हैं और पुलिस के जाने के बाद फिर से खनन शुरू हो जाता है। गत दिनों पहले जगतपुर गांव के पास खनन की जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार पर खनन माफिया ने जानलेवा हमला भी कर दिया था। इस मामले में पुलिस नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित की ओर से दो माफिया सहित 15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर चुकी है।

हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। यही वजह है कि क्षेत्र में खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। शुक्रवार रात हरीपुर किशनपुर गांव के पास जंगल से सटे एक खेत से जेसीबी मशीन द्वारा मिट्टी खोदी जा रही थी। जानकारी लगते ही सेहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले ली। मौके पर मौजूद लोगों से जब खनन से संबंधित परमिशन मांगी गई तो वह नहीं दिखा सके।

इस पर पुलिस तीनों वाहनों को थाने लाई और उन्हें सीज कर दिया। बताया जा रहा जेसीबी मशीन भट्ठा संचालक की है। खनन पर कार्रवाई करने के बावजूद शनिवार को गांव केसरपुर कलां में दिनदहाड़े खनन चलता रहा और जिम्मेदारों को भनक तक नहीं लगी। एसओ सेहरामऊ उत्तरी प्रकाश सिंह ने बताया कि अवैध रूप से खनन कर रही जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर ट्राली सीज कर दी गई है।

### पुलिस का संरक्षण इसलिए हो रहा खनन

सेहरामऊ के अलावा जिले में कई जगह यह कारोबार लंबे समय से फलफूल रहा है। इन्हें पुलिस का भी खौफ नहीं है। सब कुछ जानते बूझते हुए पुलिस भी इस ओर कोई ध्यान नहीं देती है। माफिया चतुराई के साथ रात के अंधेरे में बालू का अवैध खनन करते हैं। सुबह पांच बजे तक काम को अंजाम दिया जाता है, ताकि दिन के उजाले में उनकी करतूत लोगों की नजर से बची रहे। अधिकांश जगह यह अवैध कारोबार पुलिस की शह से ही हो रहा है। प्रतिदिन अवैध बालू व मिट्टी लदे दर्जनों ट्रैक्टर व ट्रॉलियां एक साथ निकलती हैं। रात भर खाली ट्रॉलियां सड़कों पर दौड़ती नजर आती हैं। इतना ही नहीं अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर व ट्रॉलियों की तस्वीरें और वीडियो भी लगातार सामने आते रहे हैं। लेकिन खनन विभाग के अधिकारी व पुलिस कार्रवाई करने से कतराते हैं।

# किशोरी से छेड़छाड़, विरोध करने पर लाठी-डंडों से पीटा

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** फोटो खींचने को लेकर कुछ दिन पहले हुए विवाद के चलते एक युवक ने पड़ोसी की नाबालिग बेटी को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ की। इतना ही नहीं उसने विरोध किया तो लाठी-डंडों से पीटा। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने इस मामले में किशोरी के परिजन की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तालाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण की पत्नी ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि कुछ दिन पहले फोटो खींचने को लेकर पड़ोस के ही विवेक कुमार से विवाद हुआ था। जिसकी थाने में तहरीर भी दी थी। बताते हैं कि शुक्रवार की शाम करीब सात बजे उसकी 13 साल की नाबालिग बेटी समीप की दुकान पर सामान लेने जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में विवेक कुमार ने बेटी को पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की गई। घटना का पता लगने पर पीड़ित भी मौके पर पहुंच गया। इस पर आरोपी ने तीन साथी बुला लिए। सभी ने धारदार हथियार और डंडे से हमला कर पिटाई की। पुलिस ने मामले में विवेक, नन्हेंलाल, रोहित,मुनेश समेत चार के खिलाफ छेड़छाड़ एवं मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

# वक्फ की जमीन कब्जा करने की कोशिश, शिकायत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद के निवासी इसरार शाह पुत्र अनवार शाह ने सुन्नी वक्फ बोर्ड लखनऊ के चेयरमैन को पत्र भेजा। जिसमें बताया कि वक्फ संख्या 1169 पीलीभीत जोकि उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वपक्फ बोर्ड लखनऊ में कब्रिस्तान के नाम पर दर्ज है। इस पर शुक्रवार सुबह कुछ दबंग कब्जा करने की नियत से अवैध निर्माण कराने लगे। राजनीतिक रसूख बताते हुए डराना धमकाना शुरू कर दिया। इस संपत्ति से दूर रहने की लोगों को धमकी दी गई। इस मामले को गंभीरता से जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# विवाद के बाद युवक को घेरकर गर्दन पर बांके से किया हमला, हालत गंभीर

संवाददाता, मझोला

● न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम पीरातल का मामला, घायल के भाई की तहरीर पर सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** खेत पर गए युवक को घेरकर जानलेवा हमला कर दिया। उसके गले पर बांके से हमला कर लहूलुहान कर दिया। खून से लथपथ गंभीर हालत में घायल को परिजन जिला अस्पताल ले गए। यहां हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां घायल की हालत गंभीर बनी है। पुलिस घायल के भाई की तहरीर पर सात आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम पीरातल के रहने वाले नरेंद्र कुमार पुत्र गोकरण लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 मई की शाम सात बजे उसके 22 वर्षीय भाई गोकरण लाल गांव के बाहर खेत पर पशुओं को भगाने के लिए गए थे। तभी गांव का रहने वाला नीलेश कुमार, रवि, ममता देवी, प्रवीण, दीपक , कमलेश, वीरेंद्र अचानक से पहुंच गए और उन्होंने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला कर दिया। बांके से गर्दन पर वार कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की जानकारी मिलने पर जब परिवार वाले पहुंचे तो आरोपी मौके से भाग गए। आनन फानन में घायल को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। बरेली के एक निजी अस्पताल में घायल का इलाज चल रहा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक आरोपी नीलेश से उसका पुराना विवाद है। 16 मई को भी आरोपी ने गांव की ही चक्की के पास उसके भाई को घेरकर मारपीट की थी। एसओ न्यूरिया प्रदीप बिश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की धरपकड़ को टीम लगाई है।

# 'साहब मुझे बचाओ, पति नशे की हालत में आए दिन मारपीट करता है'

संवाददाता, दियोरियाकलां

● माता और पिता के साथ थाने पहुंची विवाहिता ने सुनाया दुखड़ा
● कोतवाली के रामनगर जगतपुर गांव का मामला, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** माता और पिता के साथ कोतवाली पहुंची एक विवाहिता ने अपने पति पर शराब के नशे की हालत में आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उसने खुद के साथ परिवार की जान को खतरा भी बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला की आपबीती सुनने के बाद उसे सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर जगतपुर की रहने वाली हीराकली पत्नी प्रदीप कुमार शनिवार को आंखों में आंसू लिए अपने माता और पिता के साथ कोतवाली पहुंची। यहां उसने पुलिस को तहरीर दी और बताया कि उसका पति नशा अधिक करता है। अक्सर वह नशा अधिक चढ़ने के बाद बेवजह घर में गाली गलौज कर झगड़ा फसाद करता है। कई बार उसको जान से मारने की कोशिश भी की गई। विवाहिता के मुताबिक गृहस्थी बचाने की खातिर वह काफी समय से उत्पीड़न सहती रही। लेकिन पति ने सभी हदें पार कर दी। उसके मुताबिक 13 मई को पति नशे की हालत में घर आया और जमीन बेचने की बात करने लगा। यह सुन वह दंग रहे गई। जब इसका उसने विरोध किया तो वह हमलावर हो गया और लाठी- डंडे से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं जान लेने की कोशिश की गई। किसी तरह भागकर खुद की जान बचाई। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि महिला की आपबीती सुनने के साथ ही उसकी तहरीर के आधार पर मारपीट आदि की धाराओं में पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस जांच कर रही है।

### गाली देने का विरोध करना पड़ा महंगा

**दियोरियाकलां।** नशे की हालत में घर के बाहर गाली गलौज कर रहे युवक को टोकना एक महिला को महंगा पड़ गया। आरोपी ने हमला कर महिला की पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव खरदाह निवासी पिंकी देवी पत्नी धर्म पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पड़ोस का ही रहने वाला अशोक कुमार शुक्रवार देर शाम नशे की हालत में उनके घर के बाहर आकर गाली गलौज कर रहा था। उसे जब ऐसा करने से मना किया गया तो वह झगड़ा करने लगा। हमला कर पीड़िता की पिटाई कर दी। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए और बीच बचाव कराया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। कोतवाल उमेश सोलंकी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

**दिक्कत** घुंघचिहाई कस्बे में हर घर जल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन से हादसा होने का सता रहा डर

# पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क की मरम्मत कराना भूले

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार :** इन दिनों कस्बे में हर घर जल योजना के तहत पानी की पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इसका लाभ भले कब मिले लेकिन मुसीबत वर्तमान में ही बढ़ गई है। ठेकेदारों की मनमानी ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है।

पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क पर किए गए गड्ढे सुधारे ही नहीं जा रहे हैं। इस लेकर खानापूरी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी हाल ही में सड़क इंटरलॉकिंग हुई थी। जिसे ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने को लेकर बीच से उखाड़ दिया। 15 दिन तक सड़क ऐसे ही उखड़ी पड़ी रही। ईटों को नालियों के किनारे लगा दिया गया। फिर जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तब पाइपलाइन पड़ना शुरू हुई और चार फीट गहरा गड्ढा खोदकर उसमें पानी की पाइपलाइन डाली गई। पाइपलाइन डालने के पश्चात मरम्मत करने में भी खानापूरी की गई। मिट्टी को भी पूर्णतया समतल नहीं किया गया और ना ही इंटरलॉक ईट दोबारा यथास्थान पर लगाई गई। जिससे आवागमन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। हादसे का डर भी बना हुआ है। कुछ ग्रामीण चोटिल भी हो गए हैं। ऐसा ही अन्य ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का भी हाल है। वहां पर भी पाइपलाइन डालने के बाद दोबारा सड़क दुरुस्त करने में औपचारिता निभाई गई।


घुंघचिहाई कस्बे में पाइप लाइन बिछाने के बाद बिना मरम्मत छोड़ी गई सड़क।

● ग्रामीण बोले- जैसे-तैसे बनती है सड़क, उसे भी बेतरतीब काम के दौरान कर दिया तहस-नहस


सड़क खोदने के बाद उसकी मरम्मत नहीं की गई। रास्ता ऊबड़ खाबड़ हो गया है। आवागमन में दिक्कत हो रही है।
–प्रमोद मिश्रा, ग्रामीण


पाइपलाइन बिछाने के बाद फिर से सड़क की मरम्मत नहीं की गई। बड़ी मुश्किल से सड़के बन पाती हैं, उसे भी तहस –नहस कर दिया है।
–शिशुपाल सिंह, ग्रामीण


पाइपलाइन बिछाने के बाद ठेकेदार द्वारा बताया गया था कि सड़क को ठीक कराया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं किया है। हादसे का डर बना है।
– राहुल यादव, ग्रामीण

# प्लाट पर गए युवक पर हमला, फायर करने का आरोप

**पूरनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां के रहने वाले नन्हे खां पुत्र मोहम्मद रजा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को वह अपने प्लाट पर थे। आरोप है कि इस दौरान पांच लोग वहां पहुंच गए और गाली गलौज करते हुए प्लाट से जाने की धमकी दी। मना करने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। आरोप है पिटाई के दौरान एक व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से उन पर तमंचे से फायर कर दिया। बमुश्किल उन्होंने अपनी जान बचाई। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनकी दाढ़ी के बाल भी नोचे। दोबारा प्लाट पर दिखने पर गोली मारने की धमकी दी। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कराई जा रही है।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धौरहरा खुर्द निवासी इंद्रजीत की पुत्री शीतल (16) की घर में हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे सीएचसी लाए, जहां डॉक्टरों ने शीतल को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चचेरे भाई सरोज कुमार ने बताया कि शीतल का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रविवार को शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### वृद्ध का शव मिला, देर शाम तक शिनाख्त नहीं

**बेहजम।** थाना नीमगांव की सिकंद्राबाद में वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त नहीं होने पर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में शव रखवा दिया। पुलिस पहचान कराने की कोशिश कर रही है। गांव बिलोचापुर में रोशन नगर मोड़ के पास सड़क किनारे शनिवार सुबह शव पड़ा देखा गया। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई थी। बेहजम चौकी प्रभारी प्रभात गुप्ता ने बताया कि शव की पहचान देर शाम तक नहीं हो सकी है।

### जल्द अधिशासी अभियंता से करेंगे मुलाकात, उद्योग बंधु की बैठक में भी उठेगा मुद्दा, फिर भी नहीं हुआ समाधान तो होगा विरोध प्रदर्शन

# बहुत हुई बिजली कटौती की मार, व्यापारी आंदोलन करने को तैयार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच इन दिनों हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती से हर कोई बेहाल हो चुका है। शिकायतों के बाद सुधार के आश्वासन तक जिम्मेदारी सीमित रह गई है। दिन-रात की अघोषित कटौती ने घरेलू के साथ ही व्यावसायिक जीवन भी अस्त व्यस्त कर दिया है।जिसके चलते अब व्यापारियों का सब्र टूटता दिखाई दे रहा है। वह जल्द ही अधिकारियों से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग करेंगे और फिर भी हल नहीं निकला तो आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। इसके लिए बैठक कर व्यापारियों ने रणनीति बनाई है ।

दरअसल, कभी सुधार के नाम पर तो कभी जर्जर संसाधनों में आई खराबी के नाम पर घंटो बिजली गुल हो रही है। तारों का टूटना और आग लगना भी आम बात हो चुकी है। जिम्मेदार ओवरलोड और मरम्मत


भीषण गर्मी में खूब रुला रही बिजली की अघोषित कटौती

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

का बहाना बताकर जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं । इसे लेकर शनिवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी की अध्यक्षता में शहर में एक प्रतिष्ठान पर हुई। जिसमें तय किया गया कि जल्द ही व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर अघोषित विद्युत कटौती को लेकर विरोध प्रकट करेगा। जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि इस तरह अघोषित विद्युत कटौती करने से शहर का सारा व्यापार चौपट है। जनता भी इस भीषण गर्मी में बेहाल


बिजली कटौती को लेकर हुई बैठक में पहुंचे व्यापारी। ● अमृत विचार

है। बिजली कब गुल हो जाए इसका कोई पता नहीं। अधिकांश इलाकों में तारों के मकड़ जाल हैं। जर्जर और झूलते तारों में मामूली सी बारिश या तेज हवा चलते ही फाल्ट हो जाते हैं। ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या के चलते इनवर्टर चार्ज नहीं हो पाते हैं। शहर में जर्जर तारों को हटाकर बंच केबल बिछाने की बात कही गई थी पर अभी भी बहुत सारे इलाके इससे वंचित है। कहा कि इस समस्या को लेकर जल्द जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होने वाली व्यापार बंधु की बैठक में भी ये मामला उठाया जाएगा। इस मौके पर प्रकाश वीर सिंह, राजेश अग्रवाल,विक्रांत मिश्र, विक्रम सिंह,संजय पांडे सुनील वर्मा, ऋषि कन्नौजिया , अनिल अरोड़ा ,अतुल जायावाल, प्रवीण मोहन अग्रवाल, रामस्वरूप मौर्य ,नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक , शलभ सिंह ,एडवोकेट आर के शर्मा, ममनून , मुस्तकीम ,साजिद अंसारी , मोबीन,युवा जिला अध्यक्ष शैली शर्मा , युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी , राशिद अंसारी, सैफ अंसारी आदि मौजूद रहे।



बिजली की अघोषित कटौती को लेकर व्यापारियों ने बैठक की है। जिसमें अधिकारियों से मुलाकात करने पर रणनीति बनाई गई है। जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता से मुलाकात करेगा।
– **अनिल महेंद्रू, जिला चेयरमैन,** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल



बिजली आने और जाने का कोई समय नहीं है। भीषण गर्मी में प्रतिदिन घंटों की कटौती हो रही है। व्यापार पर इसका बड़ा असर पड़ रहा है। इस मुद्दे को दमखम के साथ उठाया जाएगा। हर वर्ग इस समस्या से जूझ रहा है। सप्लाई बेहतर कराने के लिए व्यापार मंडल प्रयास करेगा। – **अफरोज जिलानी,** जिलाध्यक्ष, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

### शुक्रवार को भी लड़खड़ाई रही व्यवस्था

बिजली सप्लाई शुक्रवार को भी लड़खड़ाई रही और अघोषित कटौती ने भीषण गर्मी में रूलाकर रख दिया। शुक्रवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार था। भीषण गर्मी में लोग पहले ही बेहाल थे। उस पर बिजली की अघोषित कटौती ने दोपहर में और परेशान कर दिय। कई घंटे तक निरंजन कुंज, एकता नगर, लाल रोड, बाजार, गंगोत्री पुरम कॉलोनी समेत आसपास के इलाकों में बत्ती गुल रही। हालांकि जिम्मेदारों का तर्क था कि गांधी स्टेडियम रोड पर 400 केवीए ट्रांसफार्मर का लोड बैलेंस करने को कार्य चल रहा था। एक नया बिजली का पोल लगवाया जा रहा था। जिसके चलते सप्लाई कुछ देर बाधित रही है। हालांकि इसके बाद भी देर शाम तक कई बार बिजली की आंखमिचौली बनी रही।

# बच्चों के इम्तिहान में शिक्षक फेल...ऐसे कैसे पढ़ेगा इंडिया

### निपुण असेसमेंट परीक्षा में जनपद के 635 विद्यालयों में 532 स्कूलों के बच्चे क, ख, ग तक नहीं लिख सके

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शासन व जिला प्रशासन की तमाम कोशिशों के बाद भी परिषदीय स्कूलों में नौनिहालों का ज्ञान बढ़ाने में शिक्षक फेल साबित हुए हैं। निपुण असेसमेंट परीक्षा में जिले के हजारों बच्चे कमजोर साबित हुए। इन बच्चों ने 40 फीसदी से कम अंक हासिल किए। हाल ही में घोषित किए गए रिजल्ट से साफ हो गया है ये बच्चे क, ख, ग, घ लिखने तक नहीं जानते। जबकि जिले के कई हजार शिक्षक बच्चों को निपुण बनाने में जुटे हुए थे।

परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहालों का वैसे तो अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा कराकर उनके अर्जित ज्ञान का मूल्यांकन किया जाता है। इस परीक्षा के अंक के आधार पर ही उनकी श्रेणी व योग्यता तय होती है। इस बार पहली मर्तबा शासन ने ओएमआर शीट पर इनका ज्ञान परखने का निर्णय लिया था। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जिले के प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में सत्र 2023-24 में परीक्षा हुई थी। यह परीक्षा प्रत्येक विद्यालय में डायट के माध्यम से कराई गई थी। इस परीक्षा में नौनिहालों से उनके कोर्स से ही संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए थे। इनका जवाब नौनिहालों को ओएमआर शीट पर देना था। इस शीट को ऑनलाइन उसी दिन अपलोड करना था। जिले के 926 प्राइमरी और 282 कंपोजिट विद्यालय के कक्षा एक से तीन तक के 66,144 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें कक्षा एक में 12635 में 11399, कक्षा दो में 27657 में 24621 और कक्षा तीन में 25852 में 22927 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

डायट की ओर से इन स्कूलों में थर्ड पार्टी निपुण अस्समेंट कराया। रिजल्ट में चौंकाने वाले परिणाम सामने आए। 635 में 103 विद्यालय ही निपुण हो सके। यानी 532 विद्यालयों के बच्चे सबसे फिसड्डी साबित हुए है। यानी यह बच्चे अपने कोर्स के ज्ञान में कमजोर मिले। यह परीक्षा शिक्षकों की कसौटी परखने की भी थी, जिसमें शिक्षक भी इस कसौटी पर खरे नहीं उतर पाए है। अमरिया ब्लॉक के 79 परिषदीय स्कूलों का थर्ड पार्टी अस्समेंट में मात्र 14 स्कूल निपुण हो सके। बरखेड़ा ब्लॉक में 79 में 13 ,बिलसंडा में 82 में आठ, बीसलपुर में 99 में 33, जहानाबाद में एक में एक, ललौरीखेड़ा में 78 में नौ, मरौरी में 83 में दो, शहर में 16 में शून्य और पूरनपुर में 118 में 23 स्कूलों के बच्चे ही निपुण हुए थे।

इधर, नया शैक्षिक सत्र शुरु होने के बाद बीएसए ने सभी को तैयारी करने के निर्देश दिए हैं ताकि व्यवस्था में सुधार किया जा सके।

### पूरनपुर और नगरीय क्षेत्र की स्थिति दयनीय

निपुण एस्समेंट में पूरनपुर के अलावा नगरीय क्षेत्र यानी शहर के स्कूलों की स्थिति दयनीय देखने को मिली। जबकि अफसरों की नाक के नीचे यह स्कूल संचालित हैं। फिर शहरी क्षेत्र में एक भी स्कूल निपुण नहीं हो सका। पूरनुपर में 118 में 23 स्कूलों को ही 80 फीसदी से अधिक अंक मिल सके। इन सवालों के पीछे स्कूलों में शिक्षकों की कमी बताई जा रही है। जिस वजह से बच्चे निपुण नहीं हो सके। मगर सवाल यह उठता है जो मौजूद है वह स्कूलों में बच्चों को कितना पढ़ा रहे है और किस स्तर पर पढ़ा रहे हैं। फिलहाल हालत कुछ भी रह हो, लेकिन करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी बेसिक शिक्षा की तस्वीर सुधारने का नाम नहीं ले रही है।

### छह भागों में बांटा गया निपुण असेसमेंट का रिजल्ट

निपुण असेसमेंट टेस्ट का रिजल्ट छह ग्रेड में बांटा गया है। 90 से 100 फीसदी अंक हासिल करने वाले बच्चे को ए प्लस ग्रेड, 75 से 90 फीसदी अंक हासिल करने वाले बच्चे को ए ग्रेड, 60 से 75 फीसदी फीसदी अंक हासिल करने वाले बच्चे को बी ग्रेड, 50 से 60 फीसदी अंक हासिल करने वाले बच्चों को सी ग्रेड, 40 से 50 फीसदी अंक हासिल करने वाले बच्चे को डी ग्रेड और शून्य से 40 फीसदी अंक पाने वाले बच्चे को ई ग्रेड में रखा गया है। शासन की ओर से बी ग्रेड तक बच्चे को मानक के अनुरूप माना गया है। सी, डी और ई ग्रेड के बच्चों को निपुण असेसमेंट के दूसरे चरण में अपेक्षित शैक्षिक गुणवत्ता प्रदान कराने की कोशिश की जा रही है।

निपुण एस्समेंट शैक्षिक सत्र 2023-24 में कराया गया था। जिसमें 635 स्कूलों में 103 ही निपुण हो सके। शेष स्कूलों को नोटिस भी जारी किया है। साथ ही नए शैक्षिक सत्र में सुधार करने के लिए भी पत्र जारी किया गया है। जिला समन्वयक ट्रेनिंग को प्रतिदिन निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही स्कूलों में सुधार कराने के लिए कहा गया है। ताकि आगे होने वाले निपुण एस्समेंट में सुधार आ सके। –
**–अमित कुमार सिंह,** बीएसए

- शैक्षिक सत्र 2023- 24 में कक्षा एक से तीन तक के छात्र छात्राओं में कराई गई थी परीक्षा
- परिणाम के बाद शिक्षकों की लापरवाही आई सामने तो बीएसए ने सुधार की चेतावनी दी

## स्कूल खुलने के बाद लगेगी ऑनलाइन हाजिरी, खरीदे जा रहे दो हजार सिम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- बायोमेट्रिक हाजिरी के लिए शासन की ओर से टैबलेट देने के बाद हाजिरी नहीं लगा रहे थे शिक्षक

**अमृत विचार :** स्कूलों में पारदर्शिता लाने के लिए की गई ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था का शिक्षक विरोध कर रहे थे। टैबलेट मिलने पर वह ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगा रहे थे। शिक्षक नेताओं का तर्क था वह अपनी आईडी पर सिम क्यों खरीदें। इधर, शनिवार को अमृत विचार ने ''टैबलेट मिल गए पर ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगा रहे शिक्षक'' शीर्षक से खबर प्रकाशित तो जिम्मेदार हरकत में आ गए। विभाग ने टैबलेट संचालित करने के लिए दो हजार सिम खरीदने का निर्णय लिया है। सिम खरीदने की प्रक्रिया भी शुरु कर दी गई है। दावा किया जा रहा है कि अब गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद शिक्षकों को टैबलेट से


टैबलेट मिल गए पर ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगा रहे शिक्षक

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

ऑनलाइन हाजिरी लगानी होगी।

शिक्षा महानिदेशक के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बायोमेट्रिक से हाजिरी लगाने की व्यवस्था को लागू किया था। जिसका आदेश पिछले शैक्षिक सत्र में आ गया था। बॉयोमैट्रिक करने के लिए जिले में दो हजार टेबलेट भी भेज गए थे। जिन्हें स्कूलों में भेज दिया गया था। मगर टेबलेट आने के बाद भी शिक्षकों ने ऑनलाइन हाजिरी लगाना शुरू नहीं की। शिक्षक संगठनों ने इस व्यवस्था का विरोध करते हुए तर्क दिया कि वह सरकारी कार्य में अपनी पर्सनल आईडी का प्रयोग क्यों करें। क्योंकि शिक्षकों का तबादला होता रहता है। ऐसे में व्यक्तिगत आईडी पर सिम लेना उचित नहीं है। साथ ही इस व्यवस्था को बंद कराने की मांग उठाई थी। टेबलेट मिलने के बाद सिर्फ 10 फीसदी स्कूल ही ऑनलाइन हाजिरी लगा रहे थे। शेष ने टेबलेट ऑन तक नहीं किए हैं। जिस पर अब शासन ने दोबारा से सख्ती करते हुए टेबलेट में सिम की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है।बीएसए अमित कुमार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार अधिकतर स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में है, जहां नेटवर्क की प्रॉब्लम भी रहती है। इसको देखते हुए जियो और एयरटेल सिम की खरीद की जा रही है। जिले के लिए दो हजार सिम खरीदी जा रही है। जिन्हें टेबलेट में डाला जाएगा। इसके बाद सभी को ऑनलाइन हाजिरी अवश्य लगाना होगी। जिसमें नेट आदि की पूरी सुविधा होगी। बीएसए अमित कुमार ने बताया कि टेबलेट के लिए दो हजार सिम खरीदी जा रही है। जिसकी प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जल्द ही सिम मंगवा ली जाएगी। इसके बाद सभी को ऑनलाइन हाजिरी लगानी होगी।

### अब कक्षा में पढ़ाते समय बनाया जाएगा वीडियो

**पीलीभीत।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता सुधारने के लिए शासन की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। नए शैक्षिक सत्र में पढ़ाई के पैटर्न में इस बार बदलाव किया गया है। जिसके तहत अब स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को कक्षा में बच्चों को पढ़ाने की वीडियो रिकॉर्डिंग करनी होगी। यह वीडियो मूल्यांकन के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में भेजा जाएगा। मूल्यांकन के आधार पर कक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ में उत्कृष्ट श्रेणी के वीडियो का कार्यशालाओं में इस्तेमाल भी किया जाएगा। जिले में 1508 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें करीब पौने दो लाख बच्चे पढ़ रहे हैं। विद्यालय में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए तरह-तरह के प्रयोग हो रहे हैं। अब शासन ने शिक्षण कार्य को और प्रभावी बनाने के लिए मूल्यांकन का फैसला लिया है। इसमें प्राथमिक, कंपोजिट व जूनियर विद्यालय के शिक्षक को कक्षावार, विषयवार और लर्निंग आउटकम आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग करना होगा। करीब पांच मिनट की रिकॉर्डिंग करने के बाद इस वीडियो को डायट में भेजा जाएगा। यहां वीडियो का मूल्यांकन होगा। उसे गुणवत्ता के आधार उत्कृष्ट, मध्यम व सामान्य श्रेणी में विभाजित किया जाएगा। मध्यम और सामान्य श्रेणी में आने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर और बेहतर किया जाएगा। अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का वीडियो कार्यशाला में प्रयोग किया जाएगा। जुलाई से यह व्यवस्था जिलेभर में लागू होगी। वीडियो के आधार पर शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## झोलाछाप को राहत शिक्षिका बोली- घर से नाराज होकर गई थी

**पूरनपुर, अमृत विचार :** चार दिन पहले रहस्यमय ढंग से लापता हुई शिक्षिका के बयान के बाद झोलाछाप को पुलिस से राहत मिलती दिखी है। शिक्षिका ने परिजन से नाराज होने पर खुद ही घर से जाने की बात कही और झोलाछाप पर पिता की ओर से लगाए गए आरोपों को भी गलत बताया। शिक्षिका के बयान पर चार दिन बाद झोलाछाप को पुलिस ने छोड़ दिया है।

नगर की रहने वाली एक युवती निजी स्कूलों में शिक्षिका है। बुधवार को वह स्कूल जाने की बात कह कर घर से निकली थी। उसके बाद घर नहीं लौटी। उसके पिता की ओर से मोहल्ले में क्लीनिक चलाने वाले गैर समुदाय के एक झोलाछाप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने झोलाछाप को उसी दिन हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी। दो दिन बाद युवती खुद ही गजरौला थाने पहुंच गई।

शुक्रवार को पुलिस ने कोर्ट में शिक्षिका के बयान दर्ज कराए। इस दौरान उसने मजिस्ट्रेट के सामने परिजनों से नाराज होकर खुद ही अकेले घर से चले जाने के बारे में बताया। शिक्षिका के बयान के बाद पुलिस ने उसे परिजनों को सौंप दिया। इसके अलावा चार दिनों से हिरासत में चल रहे झोलाछाप को भी छोड़ दिया। कस्बा इंचार्ज प्रद्युमन कुमार ने बताया कि युवती खुद ही नाराज होकर घर से चली गई थी। इस पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए व्यक्ति को छोड़ दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### भाषण प्रतियोगिता में फरहीन प्रथम



**बरखेड़ा।** एचआरपी डिग्री कॉलेज में शनिवार को पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्नातक उत्तीर्ण कर चुके छात्र व छात्राओं ने भाग किया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें फरहीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मोहित श्रीवास्तव द्वितीय स्थान पर रहे जबकि साक्षी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पैरोडी प्रतियोगिता में छात्र अनिकेत प्रथमम, प्रमोद कुमार द्वितीय और पवन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। पुराने साथियों से मिलकर सभी के चेहरे खिल उठे। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि इस तरह का सम्मेलन प्रतिवर्ष महाविद्यालय स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। प्राचार्य डॉ .वंदना शर्मा ने उद्बोधन एवं स्वागत किया। कार्यक्रम नियोजन कौशल कुमार गंगवार ने आभार व्यक्त किया। जबकि संचालन राकेश कुमार व सीमा रानी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सचिव डॉ . अनूप वेरी, प्रबंधक आशीष गुप्ता, अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने विजेताओं को सम्मानित किया।

### मानव सेवा समिति ने छात्रों को बांटी कॉपियां



**बिलसंडा।** मानव सेवा समिति के तत्वाधान में समाजसेवियों ने शनिवार को नगर के गांधी स्मारक सुंदरलाल इंटर कॉलेज में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निशुल्क कॉपियों का वितरण किया। इस दौरान आगामी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया। कहा कि गरीब कन्याओं के विवाह के लिए 51 हजार रुपये की आर्थिक मदद, समाज के गरीब बेसहारा बुजुर्गों को कपड़े उपलब्ध कराना, हर वर्ष मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करना, बेघर नागरिकों के लिए आवास के लिए 1.40 लाख की आर्थिक मदद, असहाय व्यक्तियों के अंतिम संस्कार को 5100 रुपये की मदद किए जाने समेत योजनाएं शामिल हैं। उधर, कॉपी वितरण करने पर राजीव गुप्ता प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र राय ने समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। संजय पांडेय, डा. हिमांशु सक्सेना, अनूप मिश्रा, सुजीत कुमार, प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सचिन गंगवार आदि मौजूद रहे।

# यहां आश्रित गोवंशों को भी नहीं मिल रहा हरा चारा

संवाददाता, बिलसंडा

बिलसंडाः गोवंश संरक्षण मुहिम पर भारी भरकम बजट खर्च होने के बाद भी गोआश्रय स्थलों में पशुओं को हरा चारा नहीं मिल पा रहा है।

ग्राम पंचायत करेली में संचालित गोशाला में मौजूदा समय में करीब 250 गोवंश हैं। जबकि इसी ग्राम पंचायत में करीब पचास एकड़ सरकारी जमीन भी है। इसमें करीब 20 एकड़ जमीन पर वन विभाग की ओर से बबूल का पौधारोपण कराया हुआ था, जिसे कटवाया भी जा चुका है, लेकिन उसमें चारे की बुवाई शुरू नहीं हो सकी। जबकि चार साल पहले गोशाला के उद्घाटन के दौरान तत्कालीन डीएम पुलकित खरे


गांव सिमरा महीपत की गोशाला में गोवंश को मच्छरों से बचाने के लिए लगवाई गई मच्छरदानी।

ने सरकारी जमीनों पर हरे चारे की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए थे।

मौजूदा वक्त में गांव मरौरी खास, दियोरियाकलां, बकैनिया तालुके रामपुर अमृत, सिमरा महीपत, सिंधौरा खरगपुर समेत दर्जनभर स्थानों पर गोशालाएं संचालित हैं। इनमें से अधिकांश गोआश्रय स्थलों पर पशुओं को भरपेट चारा नसीब नहीं हो पा रहा है। जिसका पशुओं के स्वास्थ्य पर भी खराब असर पड़ रहा है।

उधर, गांव तिलसंडा हसौआ के प्रधान रक्षपाल का कहना है उनके गांव में बनी गोशाला में करीब 30 गोवंश के भरण पोषण को सरकार से मिलने वाली धनराशि का समय पर भुगतान न मिलने से उसे अपनी कई बीघा जमीन गिरवी डालनी पड़ी। बावजूद इसके भुगतान की कोई व्यवस्था नहीं हुई है। इधर, गोशाला संचालकों का कहना है कि समय पर भुगतान न मिलने की वजह से गोशाला का संचालन करने में दिक्कत हो रही है। हालांकि सिमरा महिपत समेत अन्य कुछ गोशालाओं में मच्छरों से गोवंश को बचाने के लिए मच्छरदानी प्रधानों की तरफ से लगवाई गई है।

जिन ग्राम पंचायतों में गोशालाएं बनी हुई हैं। वहां पर सरकारी जमीनों को शीघ्र ही कब्जा मुक्त कराकर चारे की बुवाई कराई जाएगी। जिसकी प्रक्रिया चल रही है ।अति शीघ्र सरकारी जमीनों से अवैध कब्जों को मुक्त कराया जाएगा। इसके अलावा छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने के लिए क्षेत्र की कई गोशालाओं का विस्तारीकरण कार्य चल रहा है।
– **अमित कुमार शुक्ला,** खंड विकास अधिकारी बिलसंडा


गांव चपरौआ कुइयां में छुट्टा गोवंश। ● अमृत विचार

### प्रधान बोले - सरकारी जमीनों पर हो बुवाई की व्यवस्था

प्रधानों का कहना है कि सरकार प्रति गोवंश सिर्फ 50 रुपए प्रतिदिन भरण पोषण दे रही है जोकि नाकाफी है। मौजूदा वक्त में भूसे की कीमत हजार रुपए कुंटल के आसपास है। प्रति गोवंश हर रोज करीब तीन से चार किलो भूसा लगता है। ऐसी स्थिति में गोशालाओं का संचालन कर पाना मुश्किल हो रहा है। हर महीने घाटा होने से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। गांव करेली की मौजूदा प्रधान का कहना है कि कई बार समस्या को लिखित रूप से अधिकारियों को अवगत भी कराया गया, लेकिन व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं हो सका। प्रधानों का यह भी कहना है कि प्रशासन अगर सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराकर उनमें चारा बुवाई की व्यवस्था करा दे, तो कुछ हद तक नुकसान कवर किया जा सकता है।

## खेतों में गंदा पानी, नुकसान संग बीमारी का सता रहा डर

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** कस्बे के कई मोहल्लों के घरों से निकलने वाले गंदे पानी का निकास न होने से गंदा पानी पीलीभीत बीसलपुर मार्ग के किनारे खेतों में जमा हो गया है। जिस कारण किसानों को फसल की चिंता सता रही है। वहीं, बीमारी फैलने की भी आशंका बनी है।

नगर पंचायत के कई मोहल्लों के मकानों का पानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पूरब में अस्पताल के किनारे बने नाले से होकर विद्युत उपकेंद्र के समीप


बरखेड़ा में पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग से सटे खेत में भरा गंदा पानी।

बने नाले से होकर बरखेड़ा पीलीभीत मुख्य मार्ग की पूर्वी दिशा में मार्ग के किनारे बने नाले में होकर जाता था। कुछ समय पहले पीलीभीत बीसलपुर मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान मार्ग के किनारे नगर पंचायत की ओर से पूर्व में बनाया नाला टूटने से पानी का निकास बंद हो गया था। लोगों का कहना है कि मार्ग के दोनों किनारों पर पानी निकास के लिए कस्बे में नाले का निर्माण कराया गया है। नगर पंचायत की ओर से बीते दिनों कस्बे के समीप बीसलपुर की तरफ मुख्य मार्ग के किनारे पानी निकास के लिए कच्चा नाला कुछ दूरी तक खुदवाया गया था। लेकिन इसके आगे पानी निकास की कोई भी व्यवस्था नहीं की गई। जिस कारण घरों का गंदा पानी मार्ग के किनारे बने कच्चे नाले से होते हुए मुख्य मार्ग के किनारे बने पक्के नाले से होकर जा रहा था।

जिस कारण पानी मोहल्ला ठाकुरद्वारा के सुखलाल व उनके भतीजे विनोद कुमार, वेद प्रकाश के खेत में भर गया है। खेत तालाब जैसे प्रतीत हो रहे हैं। वार्ड नंबर एक के निवासी आनंद स्वरूप का कहना है कि उनके मकान के पास भी कई दिनों से गंदा पानी भरा है। जिससे मच्छर बढ़ गए हैं।

- पीड़ित ग्रामीणों ने प्रशासन से की समाधान कराने की मांग



# फर्नीचर की दुकान के बाहर सो रहे चौकीदार को वाहन ने रौंदा, मौत

## शुक्रवार रात सहसवान थाना क्षेत्र में हुई घटना , चरपाई पर सो रहा था वीरपाल

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** दुकान के बाहर चारपाई डालकर सो रहे चौकीदार को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। चौकीदार की मौके पर मौत हो गई। पास में रखा फर्नीचर भी टूट गया। लोगों ने सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।


मृतक वीरपाल।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव सिलहरी निवासी वीरपाल (50) पुत्र परमेश्वरी दिल्ली राजमार्ग स्थित मंडी समिति के


वाहन की टक्कर से टूटी चारपाई।

सामने अफजाल की फर्नीचर की दुकान पर चौकीदारी करते थे। वह रात को दुकान के बाहर चारपाई पर सोते थे। शुक्रवार रात भी उन्होंने दुकान के बाहर चारपाई बिछाई और सो गए। रात को किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और भाग गया। चौकीदार की मौके पर मौत हो गई। चारपाई टूट गई। तेज आवाज सुनकर आसपास रहने वाले लोग मौके पर आ गए। पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद पुलिस आ गई। वीरपाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डाक्टर ने चौकीदार की मौत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे। मौके पर टूटे पड़े फर्नीचर को देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि हादसा किसी बड़े वाहन से हुआ होगा। साथ ही वाहन चालक के नशे में होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। सहसवान कोतवाल सौरभ सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**सहसवान।** विपरीत दिशा से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीन युवक घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे कोतवाली सहसवान क्षेत्र में बदायूं-मेरठ राजमार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। सहसवान के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी जीतू, रवि और शिवम बाइक से मोहल्ला शहबाजपुर की ओर जा रहे थे। विपरीत दिशा से बदायूं की ओर से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जीतू और शिवम की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बाट माप मरम्मतकर्ता पर दर्ज होगी रिपोर्ट

**बदायूं।** बाट-माप विभाग के मरम्मत कर्ता राकेश कुमार का विभाग ने अनियमितताएं बरतने पर लाइसेंस सस्पेंड कर दिया था। फिर भी वह काम कर रहा है। हाल ही में राकेश ने उसहैत के बाजार में व्यापारियों के कांटे बाट की मरम्मत की और व्यापारियों से मनमानी फीस वसूल रसीद नहीं दी। दो दिन पूर्व विभाग के अधिकारी बाजार में पहुंचे तो उन्हें जानकारी हुई। व्यापारियों ने अधिकारियों को लिखित में शिकायत दी। जिसके बाद अधिकारी मरम्मत कर्ता का लाइसेंस सस्पेंड कर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं। बाट माप अधिकारी संजय कुमार सरोज ने बताया कि राकेश गुप्ता का लाइसेंस आठ माह से सस्पेंड है। व्यापारियों ने शिकायत की है। अब एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# गंगा में उतराता मिला दो दिन से लापता किशोर का शव, दोस्तों संग गया था

संवाददाता, सहसवान

- **सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर टप्पा मलसई का रहने वाला था अमित**

**अमृत विचार :** दो दिन पहले दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने की बात कहकर घर से निकाला किशोर लापता हो गया। परिजनों ने उसकी तलाश की। कहीं भी पता न चलने पर शुक्रवार को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार को उसका शव गंगा के पानी में उतराता मिला। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव नसीरपुर टप्पा मलसई निवासी नेम सिंह खेती करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनका बेटा अमित कुमार (18) खेती में उनका हाथ बंटाता था। 16 मई सुबह 10 बजे अमित दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने जाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके साथ में गांव निवासी महीपाल, सतपाल और शिवजी भी स्नान करने गए थे। उसके दोस्त स्नान करके वापस आ गए लेकिन देर शाम तक अमित घर नहीं लौटा। परिजनों ने दोस्तों से जानकारी की। दोस्तों ने बताया कि अमित गंगा स्नान करने गया ही नहीं था। वह रास्ते में खेत पर ही रुक गया था। इसके बाद परिजनों ने अमित कुमार की आसपास के गांव और रिश्तेदारी में तलाश की। पुलिस को सूचना देकर शुक्रवार को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार सुबह सहसवान क्षेत्र के गांव टोंटपुर करसरी गंगा घाट पर मौजूद लोगों ने गंगा के पानी में शव उतराता देखा। आसपास के गांवों में सूचना दी। लापता अमित कुमार के परिजन मौके पर पहुंचे और अमित के रूप में शिनाख्त की। ग्रामीणों की सूचना पर सहसवान पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत पर पिता नेम सिंह और माता सरोज देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

मृतक के भाई महादीपक ने बताया कि अमित स्नान करने नहीं गया और खेत पर रुक गया तो गंगा में जाकर कैसे डूब गया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सहसवान कोतवाल सौरभ सिंह ने बताया कि लापता किशोर का शव गंगा में उतराता मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस से परेशान महिलाओं ने एसडीएम से लगाई गुहार

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** महिलाओं ने थाना फैजगंज बेहटा पुलिस पर निर्दोष लोगों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम व सीओ को शिकायत पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

शनिवार को गांव भोजपुर की दो दर्जन महिलाएं बिसौली एसडीएम कल्पना जायसवाल के पास पहुंची। महिलाओं ने तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला एवं सीओ सुनील कुमार को भी शिकायती पत्र दिया। महिलाओं का दिनों एक युवक को काला मुंह करके जूता चप्पल की माला पहनाकर गांव में घुमाया गया था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने चार लोगों को जेल भेज दिया है। अब भी पुलिस द्वारा निर्दोष लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। अधिकारियों से महिलाओं ने मांग की है कि दोषियों पर कार्रवाई की जाए, और निर्दोषों को इसमें बेवजह न फंसाया जाए, मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। स्वेता, रीता पाल, संगीता, शोभा देवी, उर्मिला, विमलेश, नीरू, भूरी देवी, बीरबती, शांति, रामा, चित्रा देवी आदि मौजूद रहीं।

# साधना शर्मा हत्याकांडः गैंगस्टर की आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद स्पेशल जज ने खारिज की जमानत याचिका**

**अमृत विचार :** डीजीसी क्रिमिनल साधना शर्मा की हत्या मामले में गैंगस्टर की आरोपी शिक्षिका की जमानत अर्जी स्पेशल जज, गैंगस्टर एक्ट पूनम सिंघल ने खारिज कर दी ।

डीजीसी क्रिमिनल साधना शर्मा की 23 मई 2016 को कोर्ट से उझानी अपने घर जाते समय रास्ते में कार से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस की विवेचना में हत्या के मुख्य अभियुक्त पीसी शर्मा सहित उसकी पत्नी कमलेश शर्मा, साले गिरीश मिश्रा, मृतका साधना शर्मा की बहन श्रद्धा गुप्ता, यासीन उर्फ बाबा, राजू उर्फ रियाज, इशरत आदि के नाम सामने आए थे। पुलिस ने साल 2017 में गैंगस्टर के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट लगाई।

वादिनी विपर्णा गौड़ की पैरवी पर उच्च न्यायालय में रिट के बाद साल 2019 में शेष तीन आरोपी श्रद्धा गुप्ता, श्रवण गुप्ता और कमलेश शर्मा के खिलाफ पूरक गैंगचार्ट बनी थी। श्रद्धा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में गैंगस्टर की रिपोर्ट निरस्त करने की याचिका डाली। कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी। नजीर बनाई कि एक मुकदमे में भी गैंगस्टर का मुकदमा कायम किया जा सकता है। पूरक गैंग चार्ट भी बनाया जा सकता है।

आरोपी कमलेश शर्मा ने 8 मई 2024 को स्टेशल जज, गैंगस्टर एक्ट पूनम सिंघल की कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने कमलेश को जिला जेल भेज दिया। कमलेश ने जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया। 18 मई को कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुना। कमलेश शर्मा के अधिवक्ता ने कोर्ट में याचना की कि आरोपी महिला है और परिषदीय विद्यालय में शिक्षिका है। उसके खिलाफ साक्ष्य भी नहीं है। जिसका विरोध करते हुए वादिनी विपर्णा गौड़ ने बहस की। सरकारी अधिवक्ता सुभाष शर्मा ने भी तर्क रखे। स्पेशल जज, गैंगस्टर एक्ट पूनम सिंघल ने जमानत याचिका खारिज कर दी है।


खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा. आर. एस. सिंह

B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)

स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

- रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
- 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरूस्ती प्राप्त करें।

मोटे होने का रामबाण इलाज

नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्साः- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्याऐं

छिपाएं नहीं बताएं या मिलें

स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी

- शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
- हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
- इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
- वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
- योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार 09 जून 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463 7599211076

नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र

B.Sc. NURSING

प्रवेश हेतु 25.04.2024 से आवेदन

Website : http://www.abvmuup.edu.in

प्रवेश परीक्षा (CNET) दिनांक 14.06.2024

निःशुल्क कोचिंग 13.05.2024 से, शीघ्र रजिस्ट्रेशन

Mob.: 9410405769, 7599203105

महेन्द्र गायत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग

रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली

Clinical Training

- महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
- महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली
- C.H.C. मीरगंज एवं खिरका, फतेहगंज पश्चिमी
- इन्स्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एवं अस्पताल, आगरा

● G.N.M. ● A.N.M. ● D.P.T. ● D.OPT. ● DIPLOMA O.T. ● D. PHARMA ● BAMS

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**देवरानी और जेठानी में मारपीटः** बिल्सी। क्षेत्र के गांव अहमदगंज में शनिवार की सुबह बच्चों के विवाद में देवरानी और जेठानी में कहासुनी होने के बाद मारपीट हो गई। जिसमें दोनों घायल हो गई। जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई है। गांव निवासी लालाराम की पत्नी नीलम और रघुनन्दन की पत्नी सुमन के बच्चों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिसके बाद बड़ों में काफी कहासुनी होने लगी। बाद में लाठी-डंडे चलने लगे।

आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज

डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142
पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
●पित्त की पथरी ●पित्त की नली की पथरी ●अपेन्डिक्स ● हार्निया
●पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ●बच्चेदानी व रसौली ●आबेरियन सिस्ट
●एक्टापिक प्रगनेन्सी ●गदूद ऑपरेशन (TURP) ●पेट की जाँच।
●महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
●गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ●मात्र एक टीका और ऑपरेशन
नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो?
आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551

## अलग-अलग स्थानों पर मालगाड़ी से कटकर दो की मौत

**शाहजहांपुर।** बरेली से आ रही मालगाड़ी से तिलहर तथा बंथरा के बीच एक व्यक्ति तथा रोडवेज रेलवे फाटक पर एक और व्यक्ति की कटकर मौत हो गई। शनिवार की शाम छह बजकर 25 मिनट पर मालगाड़ी बरेली से आ रही थी। डाउन लाइन पर बंथरा और तिलहर के बीच एक व्यक्ति की रेल लाइन पार करते समय कटकर मौत हो गई। जीआरपी मौके पर पहुंची और घटना स्थल तिलहर होने के कारण तिलहर थाने को सूचना दी गई। तिलहर पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की उम्र 40 वर्षीय है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। दूसरी घटना इसी मालगाड़ी से छह बजकर 50 मिनट पर रोडवेज रेलवे फाटक पर एक व्यक्ति की और कटकर मौत हो गई, जो रेल लाइन पार कर रहा था। इंजन की चपेट में आ गया। जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की उम्र 42 साल बतायी जाती है। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि दोनों शवों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।

# सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत चार की मौत

## सीतापुर रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को मारी टक्कर, आठ माह के बालक समेत पांच घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रोजा, खुदागंज और पुवायां क्षेत्र में हुए सड़क हादसे, परिजन रो-रोकर बेहाल

**अमृत विचारः** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ माह के बालक समेत पांच घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम कराया। यह हादसे खुदागंज, रोजा तथा पुवायां क्षेत्र में हुए।

हरदोई जिले के शाहाबाद थाना के गांव दौलतपुर निवासी शब्बीर(55) की रिश्तेदारी रोजा थाना क्षेत्र के गांव सिसौआ में है। उनकी रिश्तेदारी में किसी की मौत हो गयी थी। वह अपने भाई जब्बीर के साथ शनिवार की दोपहर 12 बजे बाइक से सिसौआ गांव जा रहे थे। सीतापुर रोड पर टेड़ी पुलिया के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई घायल हो गए। रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इलाज के दौरान शब्बीर की मौत हो गई। जबकि उसके घायल भाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया। रोजा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी का नाम शाहिदा है और दो बच्चे है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

वहीं, रोजा थाना क्षेत्र के गांव सिसौआ निवासी शबीना खातून(27) अपनी पति खालिद के साथ शुक्रवार की शाम पांच बजे बाइक से शहर बाजार में खरीददारी करने के लिए आ रही थी। सीतापुर रोड पर जमूका गांव के सामने पीछे से आ रही बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी पत्नी आठ माह के बेटे को लेकर सड़क के किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि उसके पति खालिद तथा बेटे के मामूली चोट आई है। पुलिस ने घायल महिला को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इलाज के दौरान रात आठ बजे महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### सड़क हादसे में मां की मौत, बेटा घायल

**पुवायां।** थाना क्षेत्र के गांव दुधिया खुर्द निवासी ओमवती(50) पत्नी ओमप्रकाश बेटे राम किशोर के साथ शुक्रवार को एक डॉक्टर के यहां दवा लेने आई थी। वह शाम को लौटते समय अपने भाई रामसागर निवासी बड़ावन थाना सिंधौली के यहां चली गई। वह अपने बेटे के साथ वहीं रुक गई। शनिवार की सुबह सात बजे बेटे के साथ बाइक से सिधौली से पुवायां जा रही थी। शाहजहांपुर-पुवायां रोड नखाशा के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे महिला गिरकर ट्रॉली से दबकर घायल हो गई। घायल महिला को सीएचसी पर ले गए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे को मामूली चोट आई है।

### डनलप से बाइक टकराई, युवक की मौत



**खुदागंज।** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव कीलापुर खुर्द निवासी मोहम्मद जावेद(26) की ससुराल खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव गौटिया में है। उसके साले की शादी शुक्रवार को दिन में थी। शादी हो जाने के बाद उसकी पत्नी जमीना बेगम वहीं रुक गई थी। शुक्रवार की रात आठ बजे वह बाइक से खुदागंज से अपने मिर्जापुर जा रहा था। कटरा-खुदागंज मार्ग पर अकबरिया गांव के सामने बाइक तथा डनलप से टकरायी गयी, जिससे मोहम्मद जावेद घायल हो गया। घायल को सीएचसी पर लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह मजदूरी करता था। उसकी पत्नी का नाम जमीना है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# रेलवे कॉलोनी में दो लोगों को चाकू मारकर किया घायल, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जुआ खेलने का विरोध करने पर दिया वारदात को अंजाम

**अमृत विचारः** शहर में रेलवे पार्किंग पर समझौता करने के बहाने अभियुक्तों ने बुलाया और दो लोगों को चाकू मारकर घायल कर दिया। आरोपियों ने तमंचा निकाल लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना का कारण है कि घायल ने घर के बाहर आरोपी जुआ खेलते थे और विरोध किया था। एएसपी सिटी, सीओ सिटी तथा सदर बाजार थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी राकेश ने बताया कि उसके पुत्र अनुराग का कुछ समय पहले मोहल्ले के शोएब व मोहित से विवाद हो गया था।आरोप था कि आरोपी उसके दरवाजे पर जुआ खेलते और लड़कियों के साथ अभद्र व्यवहार करते थे। उसके बेटे अनुराग ने थाने पर शिकायत कर एनसीआर दर्ज कराई थी। जिसके बाद से आरोपी उसके बेटे से रंजिश मानने लगे थे। शुक्रवार की रात साढ़े दस बजे उसका पुत्र अनुराग यादव, रोहित गौतम, अनुज घर से बाहर टहल रहे थे।

रेलवे कॉलोनी में रेलवे पार्क के पास आरोपियों ने उसके पुत्र को समझौता करने के लिए बुलाया। आरोप है कि शोएब, सोहेल आदि ने एक राय होकर रोहित गौतम को जाति सूचक शब्द कहे और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पुत्र अनुराग तथा रोहित गौतम को चाकू मारकर घायल कर दिया। अनुराग के सीने पर दो चाकू तथा रोहित के हाथ में चाकू लगा है। आरोपियों ने तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घटना की सूचना पर एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडेय, प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह पहुंच गए। पुलिस ने आरोपी शोएब, सोहेल, जीशान, तसलीम, फैजान, सलमान, भोला, तौसीफ समेत एक दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने एक आरोपी शोएब को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

> अनुराग तथा रोहित की शोएब से पुरानी रंजिश चल रही है।रात में आरोपी शोएब ने अपने साथियों के साथ दोनों लोगों को चाकू मारकर घायल कर दिया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी शोएब को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य की तलाश की जा रही है। **-संजय कुमार,** एएसपी सिटी

### मालगोदाम रोड बना शराबियों का अड्डा

शाहजहांपुर। सदर बाजार थाना क्षेत्र में मालगोदाम रोड पर मोमोज आदि के ठेले शाम सात बजे काफी संख्या में लग जाते है। जबकि यह रास्ता रेलवे कॉलोनी को जाता है। ठेले आदि स्थानों पर शराबियों तथा अराजक तत्वों का अड्डा जम जाता है। ठेले आदि स्थानों पर खुलेआम शराब पीते है। यहां पर कई जगह के लोग आकर खड़े होते है। रेलवे कालोनी जाने वाली महिलाओं तथा लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करते है। महिलाओं का निकलना दूभर हो जाता है। रेलवे कॉलोनी के कर्मचारियों ने एसपी से मांग की है मालगोदाम रोड पर अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी बरामद युवक पुलिस हिरासत में

**खुटार, अमृत विचारः** कस्बा पुवायां में एक मोहल्ले में रहने वाली एक किशोरी एक माह पहले खुटार के गांव दिलीपपुर निवासी अपने एक प्रेमी के साथ चली गई थी। शनिवार को पुवायां पुलिस ने युवक के घर छापा मारा। जहां से लड़की को बरामद कर आरोपी को पकड़ लिया। दोनों को पुवायां पुलिस थाने लेकर चली गई। जहां पूछताछ चल रही है।

चर्चा है कि दोनों पिछले कई महीने से पुवायां के गुटैया क्षेत्र में एक फार्मर के यहां मजदूरी करने एक साथ जाते थे। इस बीच दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया। करीब एक माह पहले परिजनों से छिपकर घर से चले गए। इसके बाद तलाश शुरू की गई।

पकड़ जाने के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। लेकिन युवक और किशोरी फोन पर बाते करते रहे। दो दिन पूर्व किशोरी अपने घर से फिर युवक के साथ चली गई। परिजनों ने मामले की सूचना पुवायां पुलिस को दी। शुक्रवार रात को पुलिस ने दिलीपपुर गांव में आरोपी युवक के घर छापेमारी की। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया और थाने ले गई। खबर लिखे जाने तक पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही थी। वहीं थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि उक्त प्रकरण में पुवायां थाने में मुकदमा दर्ज है। इसलिए पुवायां पुलिस लड़का और लड़की को पुवायां लेकर गई है।

# सूचना और तकनीकी में निपुण होना समय की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्मार्ट कक्षाओं में उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी को हुई कार्यशाला
- शाहजहांपुर, पीलीभीत और लखीमपुर के डायट प्रवक्ता और एसआरजी हुए शामिल

**अमृत विचारः** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल में स्मार्ट कक्षाओं के उपकरणों के उपयोग के लिए शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का प्रारंभ करते हुए प्रभारी प्राचार्य/डीआईओएस हरिवंश कुमार प्रवक्ताओं, खंड शिक्षा अधिकारियों और एसआरजी का आह्वान किया कि सभी कार्यशाला से अधिकतम लाभ प्राप्त करते हुए शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को बेहतर बनाएं।

प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि आज के समय में सूचना एवं तकनीकी दोनों ही व्यक्ति को ताकत प्रदान करते हैं, इसलिए दोनों में ही निपुण होना अति आवश्यक है। आईसीटी का विधिवत प्रयोग करके परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदल सकती है। वरिष्ठ प्रवक्ता सोनिया गुप्ता ने कहा कि यह डिजिटल युग है, तकनीकी रूप से कमजोर व्यक्ति संघर्ष के दौर में पीछे रह जाएगा। प्रशिक्षण प्रभारी बी एल मौर्य ने कहा कि अब बच्चे नवीन ज्ञान से परिपूर्ण है, इसलिए शिक्षकों को भी स्मार्ट बनना होगा। शिव नाडर फाउंडेशन के प्रशिक्षक डॉ. शरद त्रिवेदी, पायल श्रीवास्तव, विवेक और आईटी इंजीनियर अंकित मिश्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में आईसीटी की भूमिका, विषय सामग्री विकसित करने में एआई का उपयोग, रीड अलांग ऐप से कहानी पढ़ना, डिजिटल सामग्री की उपलब्धता पर उपयोगी जानकारी दी। इसी कड़ी में खान अकादमी के प्रशिक्षक आयुष गुप्ता ने वेव लर्निंग की प्रक्रिया को समझाया। इसी तरह से जिओ के प्रशिक्षक राहुल शर्मा ने वेब लर्निंग और अंकित ने स्विफ्ट चैट के बारे में प्रशिक्षण दिया।

### इनका रहा योगदान

कार्यशाला में प्रवक्ता टी आर गंगवार, शशांक पांडेय, राकेश कुमार, जमाल अख्तर, अतुल कुमार शुक्ला, सुभाष चंद्र सिंह, अंजनी भारती, बरुणा उपाध्याय, अजीत कुमार मिश्रा आदि का योगदान रहा।

### ये कर रहे हैं प्रतिभाग

कार्यशाला में शाहजहांपुर के अतिरिक्त पीलीभीत और लखीमपुर खीरी दो-दो डायट प्रवक्ता, एक-एक एसआरजी और समस्त खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## अंतिम संस्कार में गए परिजन, छात्रा को ले भागा युवक

**कांट, अमृत विचारः** परिजनों के अंतिम संस्कार में जाने पर युवक बीए की छात्रा को ले भागा। पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कांट निवासी बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा राजकीय डिग्री कॉलेज अभयान में पढ़ती है। छात्र के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी 17 मई को अंतिम पेपर देकर घर आई। सभी परिजन रिश्ते के एक चाचा के निधन के बाद उनके घर अंतिम संस्कार में गए हुए थे। इसी बीच लाडपुर यारपुर निवासी युवक बेटी को बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर सिंह ने बताया प्रार्थना पत्र मिल गया है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# दो वर्ष के बेटे के सिर पर तमंचे की नाल लगा महिला से दुष्कर्म

संवाददाता, खुटार

- एसपी के आदेश पर घटना के 46 दिन बाद दर्ज की थी रिपोर्ट
- चमराबोझी मोड़ के पास पकड़ा गया आरोपी, भेजा जेल

**अमृत विचारः** तमंचे की नाल दो वर्ष के बेटे पर लगाकर जान से मारने की धमकी देकर महिला से दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने घटना के 46 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की। अब 13 दिन बाद पुलिस ने गांव चमराबोझी मोड़ के पास आरोपी को पकड़ कर कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 20 मार्च की रात वह अपने घर में दो वर्षीय बेटे के साथ चारपाई पर सो रही थी। उसका पति बाहर गया हुआ था। गांव चमराबोझी का रहने वाला आरोपी अमरपाल उर्फ कल्लू उसके घर में जबरन घुस आया और दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके बेटे के सिर पर तमंचे की नाल रखकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। कही भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। दूसरे दिन 21 मार्च को पति को जानकारी दी। इसके बाद महिला थाने पहुंची और सारी घटना बताकर पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने जांच की बात कहकर रिपोर्ट दर्ज नहीं की और झूठा आश्वासन देकर वापस लौटा दिया था। जिस पर महिला कई दिनों तक थाने के चक्कर लगाती रही। लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। महिला ने पुवायां सीओ से भी शिकायत की थी। पुलिस से तंग आकर महिला ने उच्चाधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की थी। एसपी अशोक कुमार मीणा ने मामले को गंभीरता से लिया और खुटार पुलिस को जांच कराकर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। पांच मई को पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर चमराबोझी गांव निवासी आरोपी अमरपाल उर्फ कल्लू के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। शनिवार को पुलिस ने चमराबोझी मोड़ के पास आरोपी अमरपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में MOHD SAIF अंकित है जबकि मेरे पासपोर्ट सं. S9067410 में मेरा अंग्रेजी में नाम MOHAMMAD SAIF है जो कि गलत है। मेरा सही नाम अंकित किया जाये। मो. सैफ पुत्र सलीम उद्दीन, निवासी ग्राम परसौना, मोहल्ला होली, ब्लॉक बिथरी चैनपुर, बरेली

बिकाऊ
एक मकान 40 गज में डबल स्टोरी बना हुआ
जी.आर.एम. स्कूल के पास नैनीताल रोड, बरेली
नोटः एजेन्ट/ब्रोकर सम्पर्क न करें
इच्छुक ग्राहक ही सम्पर्क करें
7217322446

सीधी भर्ती
पशु स्वास्थ्य सुधार मिशन उ.प्र.
में कुल 6222 रिक्त पदों पर
ग्रुप-A-375 (स्नातक)
ग्रप-B-980 (इण्टरमीडिएट)
ग्रुप-C-4867 (हाईस्कूल)
वेतनमान 21500, 17000 व 13500
योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी
https://pashuswasthyasm.com
पर ऑनलाइन आवेदन करें।

सूचना
मैंने अपने बड़े पुत्र असलम शाह (33 वर्ष) को उसके दुर्व्यवहार व चाल चलन ठीक न होने के कारण उससे तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। यह अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। आजम शाह पुत्र बादाम शाह, निवासी खतौला, गनपतराय, घूंसा, थाना सी.बी. गंज, जिला बरेली

बिकाऊ है
दुकान 12'x17' मय बेसमेंट जड़ समेत प्राइम लोकेशन नियर प्लाजा होटल चौपुला चौराहा, बरेली।
वास्तविक खरीदार ही सम्पर्क करें।
स्वीटी इन्टरप्राइजेज
9897805943, 9557826409

किराये हेतु
दो कमरे का मकान किचन, बाथरूम सहित
गली नं. 5, स्लीपर रोड, सी.बी. गंज, बरेली
संपर्क करें
8938963397

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अरूण विद्यार्थी व पुत्रवधु नीलम विद्यार्थी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। जय देवी पत्नी स्व. बाबू राम विद्यार्थी निवासी बी-2, गली नं. 1, सैनिक कॉलोनी, संजय नगर, बरेली।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री सोमवती ने अजय कन्या इंटर कॉलेज, 396, शिवपुरी कुंवरपुर बरेली से उत्तीर्ण की है। जिसका हाईस्कूल का मूल प्रमाण पत्र परीक्षा सन 2022 अनुक्रमांक 1220739399 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। भजन लाल पुत्र स्व. ख्यालीराम, निवासी ग्राम रसूलपुर वाहनपुर, तहसील फरीदपुर जिला बरेली।

सूचना
मैं अपने पुत्र रोहित गुप्ता एवं उसकी पत्नी सोनाली गुप्ता को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। मिथलेश देवी पत्नी महेश चन्द्र निवासीगण ग्राम व पोस्ट गुरगांव थाना मूसाझाग जिला बदायूं

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मुआवजे के इंतजार ने बढ़ाया दर्द, गहरे हुए घाव

अनुपम सिंह, बरेली

**एससी एसटी एक्ट**

- समाज कल्याण विभाग से 60 पीड़ितों को मुआवजा का इंतजार

**अमृत विचार :** एससी-एसटी एक्ट के मामलों में केस दर्ज होने के बाद पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए मुआवजे की धनराशि दी जाती है, लेकिन जिले में काफी संख्या में पीड़ितों को बजट के अभाव में मुआवजा नहीं मिल सका है। तमाम पीड़ित खुद या फिर उनके अपने समाज कल्याण विभाग के कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्हें आश्वासन देकर लौटाया जा रहा है।

अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार अधिनियम में पीड़ितों को शासन से मुआवजे की राशि देने का प्रावधान है। इसके लिए सरकार समाज कल्याण विभाग के जरिए मुआवजा की धनराशि पीड़ितों के खातों में भेजती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के 1140 पीड़ितों को 8.50 करोड़ की धनराशि उनके खाते में भेजी गई। इसमें हत्या, हत्या के प्रयास, दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, छेड़खानी, जातिसूचक गाली-गलौज, मारपीट के मामलों में पीड़ित या उनके परिवार को मुआवजे की धनराशि मिली। हालांकि, इसके बाद भी 50 से 60 ऐसे पीड़ित थे, जिन्हें मुआवजे की धनराशि नहीं मिल पाई।

### किस मामले में कितना मिलता है मुआवजा

दलित परिवार के कमाऊ व्यक्ति की हत्या पर आश्रित परिवार को 8.25 लाख का मुआवजा मिलता है। गैर कमाऊ और नाबालिग की हत्या पर 4.12 लाख की धनराशि मुआवजे के तौर पर दी जाती है। दुष्कर्म के मामले में 3.75 लाख, सामूहिक दुष्कर्म के केस में पीड़िता को 4 लाख की धनराशि दी जाती है।

### महीनों की दौड़ के बाद मिल सकी मुआवजे की धनराशि

बहेड़ी के एक गांव में 14 जून 2023 को अनुसूचित जाति की युवती के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। मामले में केस दर्जकर पुलिस ने कार्रवाई की। एससी एसटी के तहत मिलने वाले मुआवजे की धनराशि का मेसेज पीड़िता के पिता के पास पहुंचा। लड़की के पिता के मुताबिक बैंक से पैसा निकालने के लिए जाने पर बताया गया कि समाज कल्याण विभाग से इस पर आपत्ति लगी हुई है। इसकी जानकारी करने के लिए उन्हें विभाग के कार्यालय में 10-12 बार आना पड़ा। 3.75 लाख मुआवजा पाने के लिए वह 16 मई को फिर दफ्तर शादी के कार्ड के साथ पहुंचे। काफी देर इंतजार के बाद समाज कल्याण अधिकारी से मुलाकात हुई, तब जाकर मुआवजे की धनराशि उन्हें मिल पाई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

प्रवेश प्रारम्भ

# बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

## बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म

- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

## बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- एम.कॉम.
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- एम.बी.ए.
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

# कोर्ट ने 500 कर्मचारियों को जारी किया पत्र, 21 दिन के अंदर मांगा जवाब

# बॉम्बे हाईकोर्ट में दाखिल ब्योरे पर रबड़ फैक्ट्री कर्मियों से मांगी सहमति

बरेली कार्यालय

- कोर्ट से कर्मचारियों का भुगतान निर्धारित हुआ, मालिकाना हक का इंतजार

**अमृत विचार :** करीब 25 वर्ष पहले बंद हुई रबड़ फैक्ट्री के कर्मचारियों का बॉम्बे हाईकोर्ट से भुगतान निर्धारण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। कोर्ट ने अभी पांच सौ कर्मचारियों को पत्र जारी कर पूर्व में दाखिल ब्योरे पर सहमति मांगी है। 21 दिन के अंदर इसका जवाब दाखिल करना होगा। मालिकाना हक मिलने के बाद कर्मचारियों को भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

रबड़ फैक्ट्री के लिए 1960 में मुंबई के सेठ किलाचंद को फतेहगंज पश्चिमी में सरकार ने 3.40 लाख रुपये लेकर 1382.23 एकड़ जमीन



दी थी। लीज की शर्त थी कि फैक्ट्री बंद होने की स्थिति में जमीन सरकार के अधीन आ जाएगी, लेकिन 15 जुलाई 1999 को फैक्ट्री बंद होने के बाद ऐसा नहीं हो पाया। इसको लेकर मालिकाना हक का केस बॉम्बे हाईकोर्ट में चल रहा है। फैक्ट्री बंद होने से यहां काम कर रहे करीब 1432 कर्मचारियों का भुगतान फंस गया था, उसके बाद से भुगतान को लेकर मांग चल रही है।

हाईकोर्ट में मामला चलने के बाद अब कर्मचारियों के भुगतान को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि, इससे पहले फैक्ट्री पर मालिकाना हक तय होगा।

फैक्ट्री पर जिसका मालिकाना हक होगा, उसी को कर्मचारियों का भुगतान देना होगा। फैक्ट्री की जमीन की कीमत 18 सौ करोड़ से ज्यादा की बताई जा रही है। बॉम्बे हाईकोर्ट में सभी 1432 कर्मचारियों का ब्योरा दाखिल है। उस आधार पर कोर्ट ने पहले 500 कर्मचारियों को उनके पास सीधे पत्र भेजकर यह कहा है कि उनकी ओर से पूर्व में जो जानकारियां दी गई हैं, उसमें कर्मचारियों को कोई आपत्ति तो नहीं है। ब्योरे में कोई बदलाव करना है तो पत्र देखकर कर सकते हैं। इसके अलावा पत्र में कर्मचारियों को मिलने वाले भुगतान की धनराशि भी तय कर दी गई है।

### 21 दिन में जवाब दाखिल कर बोनस खारिज पर जताएंगे आपत्ति

एसएंडसी कर्मचारी यूनियन के महासचिव अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी 500 कर्मचारियों के पास पत्र आया है। यूनियन की ओर से पहले ही जवाब दाखिल किया जा चुका है, लेकिन हाईकोर्ट में दाखिल ब्योरे पर कर्मचारियों की भी सहमति लेने के लिए पत्र भेजा है। बाकी कर्मचारियों के पास भी हाईकोर्ट का पत्र आएगा। बताया कि सभी कर्मचारियों का भुगतान कोर्ट ने निर्धारित कर दिया है। कोर्ट ने कर्मचारियों के मूल वेतन के साथ डीए, डीएफए, एचआरए, मेडिकल एलाउंस, एजुकेशन एलाउंस को मंजूरी दे दी है, लेकिन मूल वेतन के ब्याज और बोनस को खारिज कर दिया गया है। इसको लेकर 21 दिन के अंदर बॉम्बे हाईकोर्ट में उनकी ओर से जवाब दाखिल कर मूल वेतन के ब्याज और बोनस को खारिज करने पर आपत्ति जताई जाएगी।

## BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

# छात्रों की परीक्षा हो गई, अब बैच से नाम ही गायब मिले

## प्रयोगात्मक परीक्षा में रोजाना छात्र हो रहे परेशान

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्नातक और परास्नातक की वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षा में छात्रों को रोजाना परेशानी हो रही है। कई छात्रों का केंद्र बदल गया है तो कई छात्रों की परीक्षा के बाद बैच ही गायब हो जा रहा है। इसके अलावा कई छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा होने के बाद केंद्र बदला गया है। ऐसे में परीक्षकों को छात्रों के अंक चढ़ाने में दिक्कत आ रही है। छात्रों के विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अंक न चढ़ने से उनका परिणाम भी प्रभावित हो सकता है।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वार्षिक परीक्षा में छात्रों की संख्या कम होने पर प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए प्रत्येक जिलों में सभी महाविद्यालयों के छात्रों के एक या दो केंद्र बनाए थे। इस दौरान महाविद्यालयों में परीक्षाएं शुरू भी हो गईं। बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने सभी महाविद्यालयों की परीक्षा का विरोध किया तो विश्वविद्यालय ने कुछ दिनों बाद केंद्र बदल दिए।

इस दौरान कुछ विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षा हो गईं। बरेली कॉलेज में भी दूसरे कॉलेज के छात्रों ने परीक्षा दे दी। रसायन विज्ञान विभाग में तीन छात्रों की परीक्षा तो हो गई लेकिन जब परीक्षक ने अंक चढ़ाने के लिए पोर्टल खोला तो बैच ही गायब था। इसके अलावा जानकारी न होने की वजह से अलग-अलग विषयों के छात्र बरेली कॉलेज में परीक्षा देने पहुंच रहे हैं तो उन्हें केंद्र बदलने की जानकारी दी जा रही है।

### बीटेक और बीफार्म में लेटरल एंट्री से प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बीटेक, बीफार्म में लैटरल इंट्री और अन्य डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। छात्र 30 जून तक 150 रुपये शुल्क अदा कर 30 जून तक पंजीकरण करा सकते हैं। सभी प्रवेश मेरिट के आधार पर होंगे। प्रवेश समन्वयक प्रो. एसके पांडेय ने बताया कि सत्र 2024- 25 के लिए बीटेक और बीफार्म में लैटरल एंट्री, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों कम्युनिकेशन स्किल्स, इंग्लिश फार बिजनेस, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रोफिसिएंसी इन मैंडरिन, जर्मन, फ्रेंच और स्पेनिश में प्रवेश के लिए पंजीकरण होंगे। बीटेक और बीफार्म में प्रवेश सीयूईटी की मेरिट से होंगे और यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो डिप्लोमा की मेरिट से प्रवेश होंगे। सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश इंटर की मेरिट से होंगे। छात्र प्रवेश संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट और प्रवेश पोर्टल पर ले सकते हैं। विश्वविद्यालय परिसर और महाविद्यालयों में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### बीएससी जंतु विज्ञान की परीक्षा की तिथि बदली

बरेली कॉलेज ने बीएससी षष्टम सेमेस्टर की जंतु विज्ञान के द्वितीय बैच की परीक्षा की तिथि में बदलाव किया है। 20 मई को होने वाली परीक्षा अब 22 मई को सुबह 10 बजे होगी। इसके अलावा प्रथम बैच की परीक्षा 20 मई को होगी।

## सार-संक्षेप

### ऑडी कार न मिलने पर महिला से मारपीट, जेठ पर दुष्कर्म की कोशिश का आरोप, नौ लोगों पर रिपोर्ट

**बरेली।** किला में दहेज में ऑडी कार न मिलने पर ससुराल वालों ने तीन महीने की गर्भवती महिला से मारपीट की। महिला ने जेठ पर दुष्कर्म की कोशिश का भी आरोप लगाया है। सीओ द्वितीय संदीप कुमार सिंह के आदेश पर किला पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला के मुताबिक उसकी शादी दिसंबर 2023 को बदायूं के एक गांव निवासी एक युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी में परिजनों ने जेवरात, कार समेत लगभग 70 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि ससुराल वाले कार की जगह ऑडी कार न मिलने पर परेशान करते थे। आरोप है कि 11 मई की रात जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। इसकी सूचना परिजनों को दी तो वह अपने साथ मायके ले आए। परिजनों ने जब उसका मेडिकल चेकअप कराया तो पता चला कि वह तीन महीने की गर्भवती है।

### डंपर में घुसी रोडवेज की बस, सात यात्री घायल

**अमरोहा।** हादसा शनिवार तड़के चार बजे नेशनल हाइवे पर स्थित चौधरपुर में हुआ। लोनी डिपो की रोडवेज की बस सीतापुर से दिल्ली जा रही थी। बस को चालक संदीप कुमार चला रहा था। बस चौधरपुर में पैरामाउंट फैक्टरी के सामने पहुंची तो चालक को नींद की झपकी आ गई। इससे बेकाबू होकर बस हाइवे किनारे खड़े डंपर में घुस गई। टक्कर लगते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और रोडवेज की बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में सात लोग घायल हुए। घायल चालक संदीप कुमार, शाहजहांपुर निवासी अमरपाल, आजमगढ़ निवासी अभिमन्यु, हरदोई निवासी प्रभात सिंह, सीतापुर निवासी मोहम्मद आमिर, लखीमपुर खीरी निवासी मोहम्मद मेराज, सीतापुर निवासी अंकित को एंबुलेंस से पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल में पहुंचाया गया।

### तीन साल की बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने किया हमला

**बरेली।** शीशगढ़ के बंजरिया गांव में दुकान पर चीज लेने जा रही बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्ची चेहरे और पैर में काट लिया। गंभीर हालत में बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बंजरिया गांव निवासी अरसिया ने बताया कि उनकी तीन साल की बेटी जैनब शनिवार को दुकान पर चीज लेने के लिए जा रही थी। रास्ते में बच्ची पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। बच्ची के चेहरे और पैर पर काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रोने की आवाज सुन लोगों ने कुत्तों को भगाकर बच्ची को बचाया। परिजनों ने बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इससे पहले शुक्रवार को कैंट के मोहनपुर में तीन बच्चों को कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया था। वहीं सीबीगंज क्षेत्र के बंडिया, खना गौटिया और मथुरापुर गांव में पिछले साल कुत्तों के हमले में चार बच्चों की जान जा चुकी है।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25

## KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE

Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

# सेना का जवान बता कर सोफा खरीदने के बहाने 72 हजार ठगे

बरेली कार्यालय

- व्हाट्सएप नंबर पर सेना की वर्दी में लगा रखी थी फोटो
- एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में एक दुकानदार से साइबर ठग ने खुद को सेना का जवान बताकर सोफा खरीदने के बहाने 72 हजार रुपये की ठगी कर ली। ठग ने एक रुपये ऑनलाइन भेजकर दुकानदार के खाते से रुपये ट्रांसफर करा लिए। दुकानदार ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुराना शहर के रोहली टोली निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह फर्नीचर बनाते हैं। करीब एक सप्ताह पहले उनके पास एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने सोफा खरीदने की इच्छा जताई और सोफे के फोटो व्हाट्सएप पर भेजने को कहा। फोन करने वाले के व्हाट्सएप नंबर पर सेना की वर्दी में फोटो लगा था। सोफे के फोटो भेजने के बाद ठग बोला कि 10 हजार रुपये ऑनलाइन भेज रहा हूं और बकाया डिलीवरी के समय दे दूंगा। इसके बाद ठग ने कहा कि एक रुपये उसके अकाउंट में भेजो तभी रुपये डालता हूं। अमित ने एक रुपये उसके खाते में भेजे तो ठग ने एक रुपये वापस कर दिया। इसके बाद ठग ने अमित से धीरे-धीरे 72 हजार 400 रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद लिंक भेजकर भुगतान करने को कहा और बताया कि सारे रुपये आपको वापस मिल जाएंगे।

# ट्रेनों में खराब हो रहे एसी, गर्मी में यात्री बेहाल

बरेली कार्यालय

- हर रोज आधा दर्जन शिकायतें एसी में खराबी की आ रहीं
- भरपूर किराया देने के बाद भी परेशान हो रहे यात्री

**अमृत विचार :** गर्मी में ट्रेनों के अंदर एसी में खराबी आने की शिकायतें बढ़ गई हैं। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। हर रोज बरेली जंक्शन पर एसी से जुड़ी आधा दर्जन शिकायतें कंट्रोल रूम में पहुंच रही हैं। भरपूर किराया देने के बाद भी एसी कोच में यात्रियों को गर्मी से रहात नहीं मिल रही है। अफसरों के अनुसार शिकायतों पर ट्रेन एंड लाइटिंग विभाग का ऑनबोर्ड स्टॉफ समस्या का निस्तारण करता है। ऑनबोर्ड स्टाफ समस्या दूर नहीं कर पाता है तो स्टेशन पर मौजूद स्टाफ मामले को देखता है।

एसी कोचों की अलग-अलग श्रेणियों में स्लीपर के मुकाबले तीन से पांच गुना अधिक किराया यात्रियों से लिया जाता है, लेकिन कई बार तो ट्रेन के गंतव्य से चलने के बाद ही एसी में समस्या आ जाती है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी होती है। बीते सप्ताह राजधानी एक्सप्रेस के थर्ड एसी कोच में एसी खराब हो गया था। इसपर यात्रियों हंगामा किया था। बरेली जंक्शन पर कोच को ही बदलना पड़ा था। वहीं दूसरी ट्रेनों में भी हर दिन एक्स से लेकर कंट्रोल रूम तक एसी खराब होने की शिकायतों की भरमार है, रेल प्रशासन इस समस्या को दूर करने में नाकाम साबित हो रहा है। बरेली जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रेन एंड लाइटिंग विभाग की ओर से ऐसी शिकायतों का निस्तारण किया जाता है।

### पुराने आईसीएफ कोच बढ़ा रहे दिक्कत

ट्रेनों का संचालन आईसीएफ और एलएचबी कोच के साथ किया जा रहा है। एलएचबी की तुलना में पुराने हो चुके आईसीएफ कोच में एसी खराब होने की शिकायतें आ रही हैं। इनमें कम कूलिंग की शिकायतें सबसे ज्यादा हैं।

### जंक्शन से इन ट्रेनों में चलता है एसी स्टाफ

आला हजरत, बरेली-वाराणसी, मुगलसराय, इंटरसिटी, लोकमान्य तिलक टर्मिनस और महाकाल एक्सप्रेस में एसी स्टाफ चलता है।

## बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India, Medical Council of India, Dental Council of India, Pharmacy Council of India, Indian Nursing Council, Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council, Association of Indian Universities, Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## विज्ञप्ति

आदर्श उ0मा0 विद्यालय बेहटा गुसाई (बदायूं) की साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आदर्श उ0मा0 विद्यालय बेहटा गुसाई, बदायूं की प्रबन्ध समिति के 25 (पच्चीस) सदस्यों का चुनाव शासन के नियमानुसार विद्यालय भवन में दिनांक 02.06.2024 को निम्न कार्यक्रमानुसार होगा।

1- नामांकन दिनांक - 02.06.2024 प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक।
2- नामांकन पत्रों की जांच तथा नाम वापिस दि0- 02.06.2024 दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक।
3- चुनाव दि0-02.06.2024 अपरान्ह 3 बजे से 5 बजे तक। मतगणना के तुरन्त बाद परिणाम।

अध्यक्ष
आदर्श उ0मा0वि0 बेहटा गुसाई तहसील बिल्सी जिला बदायूं

## आवश्यकता है

(मान्यता प्राप्त) शिवदेई बालिका जू.हा. स्कूल बीसलपुर जनपद पीलीभीत में अंग्रेजी विषय के रिक्त पद पर अनुभवी सहायक अध्यापिका की आवश्यकता है। आवेदन रजि. डाक द्वारा ही मान्य होंगे। आवेदन दिनांक 02.06.24 तक प्राप्त किये जायेंगे। साक्षात्कार दिनांक 07.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे से विद्यालय प्रांगण में होगा। आवेदक की शैक्षिक योग्यता निम्नवत् होगी-

1. विधि द्वारा स्थापित संस्थान से बी.टी.सी., जे.टी.सी., एच.टी.सी., बी.एड.
2. उ.प्र./भारत सरकार द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण हो।
3. साक्षात्कार के समय निम्नतम आयु सीमा 21 वर्ष से कम न हो।

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करें एवं मूल प्रमाण-पत्रों सहित साक्षात्कार में उपस्थित हों।

प्रबन्धक
शिवदेई बालिका जूनियर हाईस्कूल
बीसलपुर, पीलीभीत
मो. 8126513072

## पंजाब नैशनल बैंक
भारत सरकार का उपक्रम

सस्त्र सेन्टर, क्षेत्रीय कार्यालय : बरेली
सी-18/बी, प्रथम तल, डी.डी. पुरम, बरेली
Ph: 0581-2520446 (Fax)
E-mail : cs8194@pnb.co.in

### नोटिस U/S 13 (2) के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण वित्तीय संपत्ति एवं सुरक्षा हित अधिनियम 2002 का प्रवर्तन

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि किस्त/ब्याज/मूल ऋण का भुगतान न करने के कारण, नीचे उल्लिखित खातों को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हमने अपने अंतिम उपलब्ध पतों पर पंजीकृत डाक के माध्यम से सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रुक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत नीचे दी गई सुविधाओं के कारण व्याज और अन्य शुल्कों के साथ पूरे बकाया की मांग की थी या तो उन्हें वापस लौटा दिया गया था उनकी पावती नहीं मिली और जैसे उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से उसी के बारे में सूचित किया गया।
हम इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों (साठ दिनों) के भीतर पूर्ण रूप से भुगतान होने तक अनुबंधित दर पर नीचे बताई गई राशि का भुगतान करने के लिए निम्नलिखित बोरोअर्स/गारंटर्स/मोटगेजस का आहवान करते हैं। डिफॉल्ट रूप में कानून के तहत उपलब्ध बैंक के अन्य अधिकारों का उपयोग करने के अलावा, बैंक किसी भी या सभी शक्तियों का उपयोग करने का इरादा रखता है, जो कि वित्तीय परिसंपत्तियों के सिक्यूरिटीकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (4) के अन्तर्गत प्रदान किया जाता है और सुरक्षा अधिनियम 2002 को लागू करता है। सुरक्षित ऋण का भुगतान न करने की स्थिति में, बैंक द्वारा लागू की गई सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण भी नीचे उल्लिखित है।

| क्र. | ऋणी खाते एवं शाखा का नाम | मांग सूचना दिनांक के अनसुार बकाया राशि | अचल सम्पत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी : मैसर्स नेब एंड संस इंडस्ट्रीज** पता: प्लॉट नंबर 53, इंडस्ट्रियल एस्टेट, भोजीपुरा, बरेली उत्तर प्रदेश 243202 भारत **श्री नकुल नेब पुत्र श्री सतीश कुमार नेब (पार्टनर्स) पता 1:** गणित कमल नैनपुर मिनी बाईपास इज्जत नगर बरेली उत्तर प्रदेश 243122 भारत मो: 8979988108 **पता 2:** 100/17 दोहना रेलवे स्टेशन के पास पार्क एवेन्यू बरेली उत्तर प्रदेश 243202 भारत **(ऋणी/जमानती)** **श्री हर्षित नेव पुत्र श्री सतीश कुमार नेब (पार्टनर)** पता: 42 मठ कमल नैनपुर मिनी बाईपास इज्जत नगर बरेली उत्तर प्रदेश 243122 भारत मो: 7983068926 **(ऋणी/जमानती)** **बरेली-एसआरएम मेडिकल स्मारक ट्रस्ट (522410)** | **मांग सूचना दिनांक 14.05.2024 रूपये 19,05,932.00** 30.04.2024 को + ब्याज एवं अन्य खर्चे 01.05.2024 से लागू | पट्टे पर रखी व्यवसायिक भूमि के साम्यिक बन्धक क्षेत्रफल 1004 वर्ग मीटर प्लॉट नंबर 53, इंडस्ट्रियल एस्टेट, भोजीपुरा, बरेली (यूपी) में स्थित है नेब एंड संस इंडस्ट्रीज अपने साझेदारों श्री नकुल नेब और श्री हर्षित नेब के माध्यम से लीज डीड एसआरओ बरेली के साथ पंजीकृत है। **चौहद्दी पूरब** : प्लॉट नंबर 54, **पश्चिम** : खुली जगह और प्लॉट नंबर 52, **उत्तर** : अन्य भूमि, **दक्षिण:** 40 फीट चौड़ी सड़क<br>व्यवसायिक भूमि के साम्यिक बन्धक (अमला मलवा) क्षेत्रफल 51.93 वर्गमीटर आरबीसी छत के साथ प्लॉट नंबर 53, इंडस्ट्रियल एस्टेट, भोजीपुरा, बरेली (यूपी) में स्थित है, श्री नकुल नेब और श्री हर्षित नेब दोनों पुत्र श्री सतीश कुमार ने नेब के माध्यम से सेल डीड एसआरओ बरेली के साथ पंजीकृत है। **चौहद्दी पूरब** : प्लॉट नंबर 54, **पश्चिम** : प्लॉट नंबर 52, **उत्तर** : अराजी दीगर, **दक्षिण** : 40 फीट चौड़ी सड़क<br>व्यवसायिक भूमि के साम्यिक बन्धक (अमला मलवा) क्षेत्रफल 130.06 वर्गमीटर टीनपोश द्वितीय श्रेणी के साथ इंडस्ट्रियल एस्टेट, भोजीपुरा, बरेली (यूपी) में स्थित है, श्री नकुल नेब और श्री हर्षित नेब दोनों पुत्र श्री सतीश कुमार ने नेब के माध्यम से सेल डीड एसआरओ बरेली के साथ पंजीकृत है। **चौहद्दी पूरब** : प्लॉट नंबर 54, **पश्चिम** : प्लॉट नंबर 52, **उत्तर** : अराजी दीगर, **दक्षिण** : 40 फीट चौड़ी सड़क |

नोट : किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए अंग्रेजी में प्रकाशित अंग्रेजी के विज्ञापन को वरीयता दी जायेगी

दिनांक : 19.05.2024 स्थान : बरेली प्राधिकृत अधिकारी

# बहुमत का रथ या संघर्ष का अग्निपथ

## पांचवें चरण में मतदान के साथ ही 428 लोकसभा सीटों का चुनाव तय कर देगा दोनों गठबंधनों का भविष्य

मनोज त्रिपाठी

पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर मतदान के बाद 428 लोकसभा सीटों पर चुनाव खत्म हो जाएगा और मतगणना का काउंट डाउन शुरू हो जाएगा। इसी के साथ बड़ा सवाल है कि क्या भाजपा इस चरण में 300 का आंकड़ा छू लेगी या 2019 की 303 सीटों से आगे निकल जाएगी। कुछ ऐसा ही यक्ष प्रश्न इंडिया गठबंधन के सामने भी है कि क्या वह अपनी जीत की संभावना 200 सीटों तक पहुंचाने में सफल हो पाया है। गृह मंत्री अमित शाह और तमाम भाजपा नेता चौथे चरण के बाद पार्टी को बहुमत मिलने का दावा कर रहे हैं, तो इंडिया गठबंधन की ओर से भाजपा के 200 से 220 सीटों पर सिमटने की भविष्यवाणी की जा रही है। अब कौन सही और कौन गलत हैं, इसका पता तो चार जून को मतों की गणना में ही चलेगा। फिलहाल पांचवें चरण की 49 सीटों में पिछली बार के नतीजों के आईने में पलड़ा भाजपा का ही भारी नजर आ रहा है।

सोमवार को पांचवे चरण में जिन 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें एक दर्जन सीटें ऐसी किसी न किसी पार्टी का गढ़ हैं। इन 12 सीटों पर एक ही दल पिछले तीन चुनावों से जीत हासिल करता चला आ रहा है। इन 12 में से पांच सीटों पर भाजपा 2009, 2014 और 2019 में कमल खिलाने के बाद इस बार जीत का चौका लगाने को तैयार है। पांचवें चरण की इन 49 सीटों में 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छह और कांग्रेस ने 14 सीटें जीती थीं। लेकिन 2014 में कांग्रेस सिर्फ दो सीटें जीत सकी और 2019 में महज एक सीट पर ही सिमट गई थी। इसके मुकाबले 2014 में भाजपा ने 27 और 2019 में 32 सीटें जीत ली थी।

### पांचवें चरण की 49 सीटें पर प्रदर्शन

| | चुनाव वर्ष 2009 | चुनाव वर्ष 2014 | चुनाव वर्ष 2019 |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 06 | 27 | 32 |
| कांग्रेस | 14 | 02 | 01 |

**बड़ा सवाल**

भाजपा 300 का आंकड़ा छू लेगी या 2019 में मिली 303 सीटों से आगे निकलेगी

इंडिया गठबंधन क्या जीत का आंकड़ा 200 सीटों तक पहुंचाने में सफल हो पाया



**12** सीटों पर एक ही दल ने जीते हैं लगातार पिछले तीन चुनाव

**05** सीटों पर भाजपा इस बार जीत का चौका लगाने को तैयार

### 2019 में पांचवें चरण में यह था दलीय प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| भाजपा | 32 |
| शिवसेना | 07 |
| टीएमसी | 04 |
| कांग्रेस | 01 |
| जेडीयू | 01 |
| एलजेपी | 01 |
| बीजद | 01 |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | 01 |
| अन्य | 01 |

### 25 सीटों पर इस बार भी भाजपा सबसे मजबूत दावेदार

- इस बार पांचवें चरण की 49 में 25 सीटों पर भाजपा को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि पिछले तीन में से दो लोकसभा चुनाव में पार्टी ने इन 25 सीटों पर कमल खिलाया है। इस आंकड़े के हिसाब से कांग्रेस सिर्फ दो सीटों पर ही मजबूत है।

### चार सीटों पर हुआ था नजदीकी मुकाबला

पांचवें चरण में सिर्फ चार सीट ऐसी हैं, जिन पर 2019 के चुनाव में जीत का अंतर बहुत कम था। इनमें उत्तर प्रदेश की कौशांबी, ओडिशा की बोलनगीर, पश्चिम बंगाल की बैरकपुर और आरामबाग सीटें शामिल हैं। इनमें तीन सीटें भाजपा ने जीती थीं, जबकि आरामबाग में टीएमसी विजयी रही थी।

### सात राज्यों में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला था

- पांचवें चरण के जिन आठ राज्यों में चुनाव है, उनमें सात राज्यों में कांग्रेस को 2019 में से एक भी सीट नहीं मिली थी। कांग्रेस केवल उत्तर प्रदेश में रायबरेली की सीट ही जीत सकी थी जबकि अमेठी सीट पर उसे हार मिली थी।

# महाराष्ट्र में आखिरी 13 सीटों पर जीत की चाबी तो उत्तर भारतीयों के पास

दिग्विजय सिंह

- भाजपा और राज ठाकरे के साथ से एक वर्ग में नाराजगी
- 2019 में शिवसेना ने सात और भाजपा ने जीती थीं छह सीटें

महाराष्ट्र में पांचवें चरण में 13 लोकसभा सीटों धुले, डिंडोरी, नासिक, कल्याण, पालघर, भिवंडी, ठाणे, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर पूर्व, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर मध्य सीट पर वोट पड़ने के साथ ही सभी 48 सीटों पर मतदान प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। इन 13 सीटों में 10 सीटें ऐसी हैं, जहां उत्तर भारतीय मतदाता 25 से 35 प्रतिशत तक हैं। 2019 के चुनाव में इन 13 सीटों में भाजपा ने छह और शिवसेना ने सात सीटें जीती थी।

लेकिन तब शिवसेना और भाजपा साथ-साथ थी। अब शिवसेना दो फाड़ हो गई है, तो शहर पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी दो हिस्सों में बंट चुकी है। राज्य में बदले हुए राजनीतिक समीकरणों में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर मानी जा रही है। भाजपा ने बढ़त लेने के लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। भाजपा शासित राज्यों के पांच मुख्यमंत्री डेरा डाले हैं। उत्तर भारतीय मतदाताओं के बीच खास मेहनत की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में 20-22 सभाएं कर चुके हैं। विगत दिवस मुंबई में रोड शो करने के बाद अगले दिन विशाल रैली की है। भाजपा अगर महाराष्ट्र में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना चाहती है, तो नतीजों से असली और नकली शिवसेना की लड़ाई का भी फैसला होना है। ऐसे में करीब 10 सीटों पर उत्तर भारतीय, मुस्लिम और दलित मतदाता महत्वपूर्ण हो गए हैं। आम तौर पर उत्तर भारतीय मतदाताओं का समर्थन भाजपा को ज्यादा मिलता रहा है, लेकिन भाजपा द्वारा राज ठाकरे का साथ लेने का संदेश उत्तर भारतीयों के बीच अच्छा नहीं गया है।

कांग्रेस और उसके साथ महा विकास अघाड़ी में शामिल राकांपा शरद पवार तथा शिवसेना उद्धव ठाकरे इसी नाराजगी को भुनाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। उन्हें मुस्लिम मत मिलने का भी भरोसा है।

### पीयूष गोयल की पहले चुनाव में हो रही है अग्नि परीक्षा



मुंबई उत्तर सीट से केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल का मुकाबला अभिनेता-राजनेता भूषण पाटिल से है। 2019 में भाजपा के गोपाल सी. शेट्टी ने इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर को 4.65 लाख वोटों से हरा दिया था। पीयूष गोयल तीन बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

### डिंडोरी में केंद्रीय मंत्री भारती पवार को छूट रहा पसीना



- डिंडोरी में भाजपा तीन बार से जीत रही है। यहां इस बार सांसद और केंद्रीय मंत्री भारती प्रवीण पवार का मुकाबला राकांपा भास्कर भगरे से हो रहा है। भारती 2014 में राकांपा से चुनाव लड़कर हार गई थीं। 2019 में भाजपा से जीती थीं। लोकसभा क्षेत्र की छह में से चार विधानसभा सीटें राकांपा के पास हैं।



### मुख्यमंत्री शिंदे के पुत्र डॉ. श्रीकांत लगा पाएंगे हैट्रिक

- कल्याण लोक सभा सीट से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे डॉ. श्रीकांत शिंदे चुनावी जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में जुटे हैं। श्रीकांत ने 2014 और 2019 में शिवसेना के टिकट पर कल्याण में जीत हासिल की थी। उनके सामने मैदान में शिवसेना (उद्धव) की वैशाली डारेकर राणे हैं।

### वकील उज्जवल निकम को वर्षा गायकवाड़ से कड़ी चुनौती



मुंबई उत्तर मध्य सीट पर भाजपा की तरफ से उतरे हाई प्रोफाइल वकील उज्ज्वल निकम पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला मुंबई कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ से हो रहा है। वर्षा धरावी से चार बार विधायक चुनी जा चुकी हैं और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रही हैं। यहां पिछले दो चुनाव भाजपा की पूनम महाजन ने जीते थे।

### भिवंडी में केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल कांटे की संघर्ष में फंसे




- भिवंडी से केंद्रीय मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें शरद पवार की एनसीपी के प्रत्याशी सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे कड़ी टक्कर दे रहे हैं। यहां 2019 में पटेल ने कांग्रेस के सुरेश तावड़े को डेढ़ लाख मतों से हराया था।

**नवीन पटनायक किला बचाने में लगे, कांग्रेस तीसरे नंबर पर पिछड़ती आ रही नजर**

# ओडिशा में बीजद पर बढ़त बनाती दिख रही भाजपा

**20** मई को विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान होगा

ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होने से इस बार मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक दोहरे दबाव में हैं। भाजपा राज्य में सरकार बनाने के साथ ही लोकसभा चुनाव में अधिकतर सीटें जीतने का दावा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो अपनी सभाओं और रैलियों में भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथग्रहण में लोगों से आने की अपील करके पटनायक को सीधी चुनौती दे रहे हैं। इसी माहौल में 20 मई को पांचवें चरण में राज्य में पांच लोकसभा सीटों बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलनगीर, कंधमाल और अस्का में वोट पड़ेंगे। राज्य में कुल 21 लोकसभा सीटे हैं। 2019 के चुनाव में इन पांच में



से चार सीटें भाजपा ने जीती थीं। बीजद एक ही सीट जीत पाया था। ओडिशा में लोकसभा चुनाव में 2009 में बीजद को 37 फीसदी वोट शेयर के साथ 14 सीटें मिली थीं। कांग्रेस 33 प्रतिशत वोट शेयर के साथ छह सीट ही जीत पाई थी। भाजपा शून्य पर सिमट गई थी। 2014 में बीजद ने 44 प्रतिशत वोट के साथ 20 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने 22 प्रतिशत वोट पाकर राज्य में अपना खाता खोला था। 2019 में 43 फीसदी वोट के साथ बीजद को 12 जबकि भाजपा को 38 प्रतिशत वोट के साथ आठ तथा कांग्रेस को 14 फीसदी वोट के साथ एक सीट मिली थी। इस आंकड़े से साफ है कि भाजपा वोट प्रतिशत के मामले में बीजद के करीब पहुंच चुकी है। राज्य का चुनावी परिदृश्य भी भाजपा और बीजद के बीच सीधे संघर्ष में भाजपा की बढ़त की तस्वीर बयां कर रहा है, कांग्रेस विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव तीसरे नंबर पर ही दिख रही है।

### नीचे नवीन ऊपर मोदी को वोट देने की मुहिम

- राज्य में 20 मई को विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में 35 सीटों पर मतदान होगा। 147 सीटों वाली विधानसभा के लिए पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। पिछले चुनावों में देखा गया है कि जो पार्टी विधानसभा चुनाव में जीतती है, उसे ही लोकसभा में ज्यादा सीटें मिलती हैं। इसी कारण भाजपा राज्य में सरकार बनाने का प्रचार करके जी तोड़ कोशिश कर रही है कि मोदी की लोकप्रियता की बदौलत लोकसभा की कम से कम 15-16 सीटें जीत सके। लेकिन एक मुहिम राज्य में नवीन पटनायक तो केंद्र में नरेंद्र मोदी को वोट देने की भी चल रही है। बीजद विधायक इसका ज्यादा विरोध भी नहीं कर रहे हैं, शायद उन्हें लग रहा है कि इस ट्रेंड से उनकी हार का खतरा दूर हो जाएगा। ऐसा होता है तो यह एक तरह की टेक्टिकल वोटिंग होंगी, क्योंकि अभी तक विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होने पर मतदाताओं का रुझान ज्यादातर एक पार्टी की ही तरफ देखने में आता रहा है।

**बताई गारंटी**



बिहार की वाल्मीकि नगर से जदयू उम्मीदवार सुनील कुमार के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला।

# उमर अब्दुल्ला की मुश्किलें बढ़ीं

चुनाव डेस्क

- बारामूला सीट पर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन ने भी लगा रखा है जोर
- जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के इंजीनियर रशीद के लिए उनके बेटे ने जोरदार प्रचार करके बनाई सहानुभूति

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर की हाई प्रोफाइल बारामूला लोकसभा सीट पर भी पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा। इस सीट पर पहले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला तथा पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद गनी लोन के बीच मुकाबला माना जा रहा है। लेकिन चुनाव प्रचार खत्म होने के साथ मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। जेल में बंद अवामी इत्तेहाद पार्टी के प्रत्याशी इंजीनियर रशीद के लिए उनके बेटे अबरार ने जोरदार चुनाव प्रचार करके संघर्ष में खड़ा कर दिया है। अबरार ने कई रोड शो किए हैं, जिनमें भीड़ जुटी है। रशीद के जेल में बंद होने से मतदाताओं के एक वर्ग की सहानुभूति मिल रही है। रशीद दो बार के विधायक हैं और टेरर फंडिंग के मामले में तिहाड़ जेल में हैं। भाजपा ने बारामूला समेत घाटी की तीनों सीटों पर प्रत्याशी नहीं उतारा है, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी खामोशी के साथ पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद गनी लोन का समर्थन दे रही है। बारामूला सीट के अंतर्गत 18 विधानसभा क्षेत्रों में 17.32 लाख मतदाता हैं। यहां 23 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट पर देश भर में रह रहे 25,821 विस्थापित कश्मीर पंडितों के मतदान की व्यवस्था की गई है। 21 मतदान केंद्र जम्मू, चार दिल्ली और एक केंद्र उधमपुर में बना है।

# बसपा की जातीय इंजीनियरिंग किस पर पड़ेगी भारी

**पूर्वांचल में साल 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में छह लोकसभा सीटें जीती थीं। इसमें जौनपुर को छोड़कर बाकी पांच सीटों घोसी, श्रावस्ती, गाजीपुर, अंबेडकर नगर तथा लालगंज में बसपा को नए प्रत्याशी उतारने पड़े हैं, इसकी वजह यह है कि गाजीपुर से चुनाव जीते अफजाल अंसारी और श्रावस्ती के सांसद रामशिरोमणि वर्मा इस बार सपा से ताल ठोंक रहे हैं, अंबेडकर नगर के सांसद रितेश पांडेय भाजपा के प्रत्याशी बन गए थे, जबकि घोसी से जीते अतुल राय का अधिकतर समय जेल में रहे हैं।**

### अंबेडकर नगर, घोसी और श्रावस्ती में बनाया मुस्लिम-दलित समीकरण

- अंबेडकरनगर में बसपा ने इस बार मुस्लिम-दलित का दांव खेलते हुए कमर हयात अंसारी को मैदान में उतारा है। यहां करीब चार लाख दलित और साढ़े तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। पौने दो लाख कुर्मी और इतने ही यादव मतदाता हैं। ब्राह्मण मतदाता डेढ़ लाख से कुछ कम और क्षत्रिय वोटर एक लाख हैं। श्रावस्ती में पांच लाख मुस्लिम मतदाता, करीब पौने तीन लाख दलित, दो लाख से ज्यादा कुर्मी वोटर और ढाई लाख ब्राह्मण मतदाता हैं। यहां भी मुस्लिम- दलित समीकरण से बसपा 2019 में चुनाव जीती थी। इस बार पार्टी ने मुस्लिम –दलित वोट बैंक पर भरोसा करते हुए श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन को उतारा है। घोसी में अतुल राय भाजपा के हरिनारायण को हराकर चुनाव जीते थे। लेकिन उनका पूरा कार्यकाल लगभग जेल में ही बीता। इसलिए उनकी जगह बसपा ने कांग्रेस से आए पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। बालकृष्ण बसपा से ही सांसद रहे थे और वह नोनिया चौहान हैं। यहां नोनिया चौहान की अच्छी खासी संख्या है। यहां मऊ विधानसभा पर तो मुस्लिम निर्णायक है। लालगंज सुरक्षित सीट पर पिछली बार सपा की संगीता आजाद जीती थीं। उन्होंने भाजपा की नीलम सोनकर को हराया था। इस बार बसपा ने यहां डॉ. इंदु चौधरी को टिकट दिया है। जौनपुर से बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट काटने के बाद सांसद श्याम सिंह यादव को उतारा है। गाजीपुर में बसपा से जीते अफजाल अंसारी इस बार सपा के प्रत्याशी हैं। यहां बसपा ने डॉ. उमेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है।



### नौ सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी सपा-कांग्रेस का बिगाड़ रहे खेल

- बसपा के पास दलित वोट बैंक का अभी भी बड़ा हिस्सा है। वह इसी के साथ मुस्लिम, ब्राह्मण और पिछड़ा वर्ग का जोड़ घटाना लगाकर प्रत्याशी उतारती रही है। इस बार बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार पूर्वांचल की लड़ाई में दलित-मुस्लिम और दलित-ब्राह्मण का समीकरण बनाकर उम्मीदवार उतारे हैं। बसपा ने पूर्वांचल के रण में नौ लोकसभा सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर इंडिया गठबंधन का समीकरण बिगाड़ने का प्रयास किया है। हाथी चुनाव चिह्न पर इस बार अंबेडकरनगर से कमर हयात अंसारी, श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अमद खान, डुमरियागंज से मोहम्मद नदीम मिर्जा, संतकबीरनगर से नदीम अशरफ, आजमगढ़ से महमूद अहमद, महराजगंज से मोहम्मद मौसमे आलम, गोरखपुर से जावेद सिमनानी और वाराणसी से अतहर जमाल लारी चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं।

### आधा दर्जन सीटों पर खेला ब्राह्मण कार्ड

- बसपा ने दलित-ब्राह्मण समीकरण मजबूत करके मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन अपनी तरफ खींचने की रणनीति के तहत आधा दर्जन सीटों पर ब्राह्मण उम्मीदवार मैदान में उतारकर सपा-कांग्रेस गठबंधन की परेशानी बढ़ा रखी है। पार्टी से फैजाबाद से सच्चिदानंद पांडेय, बस्ती से दयाशंकर मिश्रा, मिर्जापुर में मनीष त्रिपाठी, कैसरगंज में नरेंद्र पांडेय, गोंडा से सौरभ कुमार मिश्रा मुकाबले को त्रिकोणीय धार देने की कोशिश में जुटे हैं।

### बसपा के गढ़ वाली सीटें

| भदोही | | गाजीपुर | | लालगंज | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | 4,66,414 | 2019 जीती | 5,66,082 | 2019 | 5,18,820 – जीती |
| 2014 | 2,45,554 | 2014 | 2,41,645 | 2014 | 2,33,971 |
| 2009 जीती | 1,95,808 | 2009 | 3,09,924 | 2009 | 2,07,998 – जीती |

| भदोही | | गाजीपुर | | लालगंज | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | 4,66,414 | 2019 जीती | 5,66,082 | 2019 | 5,18,820 – जीती |
| 2014 | 2,45,554 | 2014 | 2,41,645 | 2014 | 2,33,971 |
| 2009 जीती | 1,95,808 | 2009 | 3,09,924 | 2009 | 2,07,998 – जीती |

# संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था कि "भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।" सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि, "आयरिश संविधान में, "दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं।"

गांव गली में शोर है-कौवा कान ले गया। किसी ने नहीं देखा। इसने उससे कहा। उसने अगले से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव में भारी बहुमत पाकर संविधान बदल देंगे। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कोई सरकार संविधान समाप्त कर सकती है? क्या कोई सरकार बिना संविधान के ही शासन की संस्थाओं, न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका का संचालन कर सकती है? क्या कोई सरकार संविधान के आधारिक लक्षणों-बेसिक फीचर्स का संशोधन या निरसन कर सकती है? सारे प्रश्नों का उत्तर है-नहीं। कौवा कान ले गया लेकिन कान अपनी जगह ही है। कौवा कांव कांव कर रहा है। झूठ मूठ।

बचपन में कथा सुनी थी। एक बारात के सारे लोग भाग रहे थे। एक ने दूसरे से पूछा-आप क्यों भाग रहे हैं? दूसरे ने कहा-आप भी भाग रहे हैं। अगले ने कहा-मुझे क्या पता? सब भाग रहे हैं। सो हम भी भाग रहे हैं। बहुत खोज करने पर पता चला कि एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल की चाभी खो गई थी। वह तेज रफ्तार दौड़कर चाभी खोजने गया था। बाकी लोग देखा देखी अकारण भाग रहे थे। संविधान खात्मे की बहस व्यर्थ है। संविधान साधारण अभिलेख नहीं है। यह राष्ट्र का राजधर्म है। आवश्यकतानुसार संविधान में संशोधन होते रहते हैं। लगभग 105 संशोधन हो चुके हैं। संविधान में ही संविधान संशोधन के प्रावधान हैं। संविधान बदलने और संशोधन करने में मूलभूत अंतर है। संविधान संशोधन विषयक प्रावधान (अनुच्छेद 368-मसौदा संविधान अनुच्छेद 304) पर संविधान सभा में बहस चली थी। एच. वी. कामथ ने कहा था, "संशोधन आखिरकार क्या है? संशोधन का अर्थ हो सकता है संविधान में कुछ परिवर्तन। उसमें कुछ जोड़ना या उसका निरसन।" लेकिन चुनाव में संविधान संशोधन को लेकर कोई बहस नहीं है। संविधान खत्म करने की बयानबाजी हास्यास्पद है।

संविधान सभा में पी. एस. देशमुख ने कहा था कि, "भविष्य में कुछ समय तक संविधान में तमाम परिवर्तन करने आवश्यक होंगे। इसलिए संविधान संशोधन आसान बनाना जरूरी है।" सभा में अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। डॉ. आम्बेडकर ने कहा कि, "आयरिश संविधान में, "दोनों सदन सामान्य बहुमत से संविधान के किसी भाग को संशोधित कर सकते हैं।" शर्त है कि सदनों के विनिश्चय को जनता का बहुमत अनुमोदित करे। स्विस संविधान में भी विधानमण्डल संशोधन विधेयक पारित कर सकता है। लेकिन जनता के अनुसमर्थन की आवश्यकता है।" उन्होंने अनेक उदाहरण दिए। भारत में संशोधन की शक्ति विधायिका में निहित है। उन्होंने सभा में विचाराधीन विधेयक का विवेचन किया, "हम संविधान संशोधन को तीन श्रेणियों में बांटते हैं। एक श्रेणी में संसद का साधारण बहुमत पर्याप्त है। दूसरी श्रेणी के संशोधन में दो तिहाई बहुमत आवश्यक है। तीसरी श्रेणी में देश की आधे से अधिक विधानसभाओं का समर्थन आवश्यक है।" यहां संशोधन की पूरी प्रक्रिया औचित्यपूर्ण है।

संविधान सभा में संशोधन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग थी कि आमजन राजनैतिक प्रणाली को बदलने की मांग कर सकते हैं। जन असंतोष प्रकट करने का कोई मार्ग भी होना चाहिए। डॉक्टर आंबेडकर ने कहा, "जो संविधान से असंतुष्ट हैं उन्हें दो तिहाई बहुमत प्राप्त करना होगा। यदि वह व्यस्क मत के आधार पर निर्वाचित संसद में दो तिहाई बहुमत भी नहीं पा सकते तो यह मान लेना चाहिए कि संविधान के प्रति असंतोष में जनता उनके साथ नहीं है।" उच्चतम न्यायालय ने स्थापना दी थी कि हमारे संविधान का कोई भाग ऐसा नहीं है जिसका संशोधन नहीं हो सकता। गोलकनाथ के चर्चित मुकदमे में 11 जजों की विशेष न्यायपीठ ने 6 न्यायाधीशों के बहुमत से पूर्व विनिश्चय को उलट दिया था और कहा था कि, "यद्यपि अनुच्छेद 368 में कोई अलग अपवाद नहीं है। लेकिन मूल अधिकारों की प्रवृत्ति ही ऐसी है कि वह अनुच्छेद 368 में संशोधन प्रक्रिया के अधीन नहीं हो सकते। यदि ऐसे किसी अधिकार का संशोधन करना है तो नई संविधान सभा बुलानी पड़ेगी।"


फिर केशवानंद वाद का चर्चित फैसला आया। गोलकनाथ के वाद के समय से ही प्रश्न उठाया जा रहा था कि, "क्या मौलिक अधिकारों (भाग-3) के बाहर भी संविधान का कोई उपबंध है जो संशोधन की प्रक्रिया से मुक्त है?" केशवानंद के मुकदमे में बहुमत ने गोलकनाथ के मत को उलट दिया कि अनुच्छेद 368 के अधीन मूल अधिकारों का संशोधन नहीं हो सकता। एक अन्य बड़ी बात भी न्यायालय ने कही है कि संविधान के कुछ आधारिक लक्षण हैं जिनका संशोधन नहीं किया जा सकता। यदि संविधान संशोधन अधिनियम संविधान की आधारिक संरचना में परिवर्तन के लिए है तो न्यायालय उसे शक्तिवाह्य के आधार पर शून्य घोषित करने का अधिकारी होगा। न्यायालय ने भारत की सम्प्रभुता, अखण्डता, परिसंघीय प्रणाली, न्यायिक पुनर्विलोकन, संसदीय प्रणाली आदि अनेक विषयों को संविधान के आधारिक लक्षण बताए।

दरअसल चुनाव के मूलभूत मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इंडिया गठबंधन संविधान खत्म करने की निराधार कल्पना दोहरा रहा है। संविधान में आपातकाल के लिए देश की आंतरिक अशांति को आधार बताया गया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी ही आंतरिक अशांति से पीड़ित थीं। देश में शांति थी। लोकतांत्रिक आन्दोलन बेशक थे। उन्होंने आपातकालीन प्रावधान (अनुच्छेद 352) का दुरुपयोग किया। इंडिया गठबंधन को आपातकाल 1975-77 के समय पारित 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1976 का अध्ययन करना चाहिए। 42 वें संशोधन के माध्यम से संविधान के 53 अनुच्छेद एक साथ बदले गए। सातवीं अनुसूची में भी परिवर्तन किए गए। महत्वपूर्ण सिद्धान्तों को बदल दिया गया। संविधान के किसी उपबंध का उल्लंघन करने के आधार पर उसकी संवैधानिकता को चुनौती देने के लिए संघ और राज्यों के कानून में भेद किया गया। यह उपबंध किया गया कि कोई उच्च न्यायालय किसी केन्द्रीय विधि या जिसमें ऐसी विधि के अंतर्गत अधीनस्थ विधान भी सम्मिलित है, संविधान विरुद्ध होने के आधार पर अविधि मान्य नहीं कर सकेगा।"

42वां संशोधन न्यायपालिका की शक्ति को घटाने वाला था और मौलिक अधिकारों की भी। उच्चतम न्यायालय अपनी अधिकारिता (अनुच्छेद 32) में किसी राज्य विधि को असंवैधानिक घोषित नहीं करेगा। संविधान संशोधन अधिनियमों के न्यायिक पुनर्विलोकन के अधिकार का भी संशोधन हुआ। उपबंध किया गया कि जिस विधि को संविधान संशोधन विधि बताया जाएगा, उसे न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। नीति निदेशक तत्व (अनुच्छेद 37) किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। लेकिन उपबंध किया गया कि किसी निदेशक तत्व को क्रियान्वित करने वाली विधि को मूल अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर न्यायिक पुनर्विलोकन से मुक्त रखा जाएगा। यह मूल संविधान के ठीक उल्टा है। संविधान क तहस नहस करने का यह प्रयास निन्दनीय है।

श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान और उसकी आत्मा को ही कुचल दिया था। 1977 के आम चुनाव में जनता पार्टी की सरकार आई। नई सरकार ने 43वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से न्यायिक पुनर्विलोकन के न्यायपालिका के अधिकार की बहाली की। सभी जनविरोधी प्रावधानों को निरस्त कर दिया गया। भारतीय संविधान के इतिहास में संविधान के साथ छेड़खानी का निन्दनीय कृत्य दूसरा नहीं मिलता। संविधान के प्रति भारतीय जन गण मन की निष्ठा है। संविधान बदलने या पूरा संविधान ही खारिज करने और तानाशाही लाने जैसे आरोप हास्यास्पद हैं। वे संविधान बदलने या हटाने की बात उठाकर आपातकाल की संवैधानिक त्रासदी याद दिला रहे हैं। इस दृष्टि से उनका यह कृत्य उपयोगी है। आपातकाल संवैधानिक त्रासदी है। आपातकाल की तानाशाही अत्याचार और संविधान को तहस-नहस करने के कृत्यों का पाठ और पुर्नपाठ जरूरी है।

# स्वपक्ष की स्थापना


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हम में से मुझ जैसे सचमुच के "रिटायर्ड" लोग निष्क्रिय जीवन जीने के लिए नियतिबद्ध हैं। ऐसे में बीवी से झगड़ने, सोशल मीडिया पर विचरण करने और टीवी देखने के अलावा कोई काम नहीं। टीवी पर लगातार घमासान।

मन में वैराग्य भाव आना सहज है, लेकिन नहीं आता। कुछ चुने हुए लोग हैं, जिन्हें हर चैनल पर एक-दूसरे का पानी उतारने की कला आजमाने का मौका मिलता है। कुछ देर बाद दो लोग एक साथ तारसप्तक में बोलना शुरू कर देते हैं। फिर तो किसी का भी कहा समझ में नहीं आता। झुंझलाकर एक चैनल बंद कीजिए तो दूसरे पर फिर वही चीख पुकार। भारतीय टीवी अतिशय उत्सवधर्मी है। हर चीज को उत्सव में बदल देना उसके लिए बाएं हाथ का खेल है। आगजनी हो रही हो, मारपीट हो रही हो, गोली चल रही हो, मिसाइल और रॉकेट चल रहे हों, उसके सतत उत्सव के हिस्से बन जाते हैं। दृश्य की त्रासदी और बीभत्सता से जुगलबंदी करते स्वर का उत्साह और उन्माद में चिचियाना काबिले तारीफ है। बिना स्वर साधना के ऐसी एकतारता नहीं आ सकती।

भारतीय टीवी जीवन की नश्वरता का बोध कराने के लिए रामबाण है। कोई भी स्कूप भयंकर से भयंकर हो, एक ही दिन स्कूप रहता है। एक दिन सुप्रीम कोर्ट के सुप्रीम निर्णय ने दिन भर तहलका मचाया। बीच-बीच में समय मिला तो पाकिस्तान, नहीं राजनीतिक पहलवानों का दंगल। अभी तक के सबसे बड़े पहलवान की हुंकार और उसे चित करने के लिए कई छोटे पहलवानों का जमघट। फिलहाल पाकिस्तान और दंगल यही दोनों स्थाई राग हैं। पहलवानों का दंगल और सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक माने जा रहे फैसले तो कुछ-कुछ समझ में आते हैं, लेकिन पाकिस्तान में क्या हो रहा है, समझ से परे है। हमारे यहां की तरह वहां भी टीवी पर लोग वही घमासान मचाए हुए हैं। उसी स्टाइल में। अंतर सिर्फ इतना है कि वहां सिर्फ दो पक्ष हैं, लेकिन दोनों घनघोर। एक दिन तो ऐसा लगा, जैसे यूक्रेन युद्ध का लघु रूप सरक कर हमारे पड़ोस में आ बैठा हो, जो भी हो, दुःखद है। इस गुमान में न रहें कि हमारे यहां ऐसे हालात नहीं पैदा हो सकते।

हम दोनों के जीन्स एक ही हैं भाई। नैयायिक वाद-विवाद-संवाद के अखाड़े के धुरंधर पहलवान थे। तर्क-वितर्क-कुतर्क पर जितना काम कर गए हैं, उससे एक इंच आगे बढ़ना शिव का धनुष तोड़ना है। बटुली के चावल की तरह बस पांच दाने देख लेना पर्याप्त होगाः- वाद उस विचार को कहते हैं जिसमें प्रमाणों और तर्कों के सहारे विपक्ष का खंडन करके स्वपक्ष की स्थापना की जाती है और जिसमें अंतिम निर्णय किसी सर्वस्वीकृत सिद्धांत के विरुद्ध नहीं जाता। वाद में वादी और प्रतिवादी दोनों अपने मत की पुष्टि और विपरीत मत का खंडन करना चाहते हैं, किंतु दोनों का उद्देश्य यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना ही होता है।

तर्क-उस युक्ति को कहते हैं जिससे प्रतिपाद्य विषय की सिद्धि के लिए उसकी विपरीत स्थापना का दोष दिखाया जाता है। जैसे कार्य-कारण संबंध दिखाने के लिए कहा जाता है, जिस चीज में धुआं होगा, उसमें आग भी होगी, क्योंकि आग ही धुएं का कारण है और बिना कारण के कोई कार्य होता नहीं। विरोधी कह सकता है, कहीं-कहीं बिना आग के भी धुआं हो सकता है। (नैयायिकों के अनुसार) इसका जवाब होगा, यदि बिना कारण के कार्य हो सकता है तो खाना पकाने के लिए आप आग क्यों खोजते हैं? (बिजली को भी आप आग का एक आधुनिक रूप मान सकते हैं)। यहां यह स्पष्ट कर दिया जाए कि 'तर्क' का उद्देश्य हमेशा यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना होता है।

# अति पर्यटन से जाम में फंसता उत्तराखंड


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

गढ़वाल में यातायात की स्थिति ज्यादा खराब है, क्योंकि चारधाम यात्रा शुरू होते ही क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है।

गर्मियों की शुरुआत और चारधाम यात्रा के शुरू होने के साथ ही उत्तराखंड की सड़कों में पर्यटकों की भीड़ नजर आने लगी है। कुमाऊं में हल्द्वानी से आगे नैनीताल मार्ग पर और गढ़वाल में हरिद्वार-ऋषिकेश, देहरादून-मसूरी और यमनोत्री-गंगोत्री की सड़कों पर रोज जाम की स्थिति बनी हुई है। मई-जून में बच्चों के स्कूल बंद होते ही लोग नैनीताल,मसूरी और चारधाम की यात्रा पर दौड़ने लगते हैं। अगर देहरादून मसूरी, हरिद्वार और नैनीताल की बात करें तो इन नगरों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि ये अपने आकार में बहुत छोटे हैं और अचानक आने वाली भीड़ को बमुश्किल संभाल पाते हैं।


हल्द्वानी से नैनीताल की ओर जाने वाली सड़क कम चौड़ी है। हर कोई अपने वाहन से ही नैनीताल जाना चाहता है। अप्रैल से जुलाई तक के चार महीना में यहां पर्यटकों की भीड़ ऐसे टूट पड़ती है,जैसे साल के बाकी बचे महीना में यहां घूमने,फिरने,देखने लायक चीजों का अकाल पड़ जाएगा। नतीजन कई किलोमीटर का जाम लग जाता है। नैनीताल में पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थल नहीं है और न ही नैनीताल में इतनी भीड़ को सहने की क्षमता है। यही कारण है कि पुलिस को वाहनों को नैनीताल से कुछ किलोमीटर पहले रोकना पड़ता है और वहां से सटल सेवा के द्वारा लोगों को नैनीताल पहुंचाया जाता है। यह ठीक है कि दिल्ली से रुद्रपुर, हरिद्वार-देहरादून तक फोरलेन हाईवे बन जाने के बाद हर वक्त लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिली है,लेकिन उससे आगे की सड़क कम चौड़ी होने के कारण आए दिन वाहनों को घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। इसलिए यदि आप इन जगहों पर जा रहे हैं तो मानसिक रूप से तैयार होकर जाइए की कई जगहों पर आपको जाम में फंसना पड़ेगा।

गढ़वाल में यातायात की स्थिति ज्यादा खराब है, क्योंकि चारधाम यात्रा शुरू होते ही क्षमता से अधिक लोगों के पहुंचने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है। धामों के कपाट खुलते ही यात्री इनके दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। कुछ दिन पहले गंगोत्री राजमार्ग पर गंगनानी से हर्षिल तक करीब 60 किलोमीटर क्षेत्र में वाहन जाम में फंस गए। इस कारण कई श्रद्धालु उत्तरकाशी से बिना दर्शन किए ही वापस लौट गए। सरकार चाहे कितनी भी घोषणाएं करें,कागजों पर कितनी भी व्यवस्थाएं बनाएं, लेकिन पर्यटन और धार्मिक स्थल के आसपास लोगों को परेशानी से बचाने का कोई समुचित तंत्र आज तक विकसित नहीं हो पाया है। चारधाम यात्रा के शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में इस बार 45 प्रतिशत यात्री ज्यादा पहुंचे हैं। अब इनमें से कितने असल धार्मिक यात्री हैं और कितने सिर्फ घूमने फिरने वाले यूट्यूबर हैं,यह बता पाना कठिन है। सरकार भले ही बढ़ती भीड़ को देखकर उसे अपनी उपलब्धि बताएं, पर भूवैज्ञानिक मानते हैं कि यात्रियों की बढ़ती भीड़ और अति पर्यटन आपदा को निमंत्रण है। ज्यादा लोग यानी ज्यादा गाड़ियां और ज्यादा कार्बन उत्सर्जन,जो सीधे-सीधे हिमालय के ग्लेशियर को प्रभावित करता है।

वाहनों का शोर,उनसे निकलता धुआं और हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट से पहाड़ की जैव विविधता प्रभावित हो रही है। वन्य जीवों के व्यवहार में परिवर्तन देखा गया है और वे अपने प्राकृतिक आवास स्थलों से पलायन कर रहे हैं। पहले पहाड़ पर जाने के कुछ अलिखित नियम थे। यात्रा आस्था और विश्वास से जुड़ी थी। साथ ही उन अलिखित नियमों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी थे। जिन पहाड़ी कंदराओं पर हमारे पूर्वज जोर से आवाज करने को भी प्रतिबंधित मानते थे,आज वहां बेधड़क हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट गूंज रही है। सड़क चौड़ीकरण के लिए धड़ल्ले से डायनामाइट फोड़े जा रहे हैं और चार धाम परियोजना जिसे ऑल वेदर रोड का सुनहरा नाम दिया गया है,उसके लिए साठ हजार से अधिक हरे पेड़ों की बलि चढ़ा दी गई। केदारनाथ की शांत वादियों में उसकी सांस्कृतिक मौलिकता में बदलाव नजर आने लगा है। कपाट खुलने के बाद वहां ढोल- नगाड़ों की थाप पर लोग नृत्य कर रहे हैं। रीले बन रही है,सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाए जा रहे हैं। आस्था के नाम पर नए-नए प्रयोग हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन असल सवाल यह है लोगों को इतने संवेदनशील क्षेत्र में ऐसा करने की अनुमति किसने दी और शिव के धाम में इन सब का होना कितना जायज है।

यह सही है कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यात्रियों की बढ़ती संख्या के आंकड़ों को देखकर सरकार भी खुश होती है। कई लोगों की जीविका इस यात्रा पर निर्भर है,लेकिन यहां पर हमें यह भी याद रखना होगा की जो फसल हमारा पेट भरती है,उसके बीजों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। हमें यात्रा के नाम पर अति पर्यटन से बचना होगा, क्योंकि किसी भी चीज की अति अंततः नुकसान ही पहुंचाता है। हमें तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना होगा। चारो धामों को तीर्थ स्थल ही बने रहने दें। उन्हें मौज मस्ती और पिकनिक का स्थान न बनाया जाए। बद्रीनाथ और केदारनाथ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए यात्रियों की संख्या को निर्धारित किया जाना चाहिए। इसके अलावा सुविधा के नाम पर केदारनाथ में शुरू की गई हेलीकॉप्टर सेवा को भी सीमित किया जाए और पैदल यात्रा को प्रोत्साहन मिले।

# 'बेटी संरक्षिका दंपति' का प्रशस्ति-पत्र


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सामान्यतया महिला सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया जाता है। सरकार द्वारा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रस्ताव भी संसद में लाया गया,लेकिन लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बहुत उत्साहवर्धक नहीं रही। महिला सशक्तिकरण के तहत केवल सुसंपन्न एवं उच्च आभामंडल के अलावा मध्यम तथा निचले तबके की महिलाओं की भी भागीदारी होनी चाहिए।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अन्य प्रभावकारी कदम उठाने की जरूरत है। मसलन किसी दंपति को सिर्फ बेटियां ही हैं और परिवार में उनका बेटे जैसा ही पालन-पोषण हो रहा तथा अब बेटे होने की कोई उम्मीद नहीं है तो ऐसी दंपत्ति को 'बेटी संरक्षिका' संबंधित प्रशस्तिपत्र दिया जाना चाहिए। ऐसी दंपति में माता या पिता कोई भी शासकीय सेवा में हैं तो उन्हें उनकी सेवा पुस्तिका में भी प्रशस्ति अंकित किए जाने के साथ 'बेटी संरक्षण' का इंक्रीमेंट दिया जाना चाहिए। यदि ऐसी दंपति सरकारी सेवा में नहीं हैं तो उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ वरीयता के आधार पर दिया जाना चाहिए। सिर्फ बेटियों वाले घर की छात्राओं को शिक्षा में विशेष सुविधाएं दी जानी चाहिए।

इस तरह के निर्णय से प्रथमतः लिंग-परीक्षण एवं भ्रूण-हत्या जैसे कदम पर रोक लगेगी। सिर्फ बेटियों के माता-पिता होने की हीन भावना पैदा किए जाने पर भी नियंत्रण होगा तथा समाज में तेजी से घटती महिलाओं की संख्या में कमी आएगी। अन्यथा 'मर्ज बढ़ता ही गया, ज्यों-ज्यों दवा की' जैसी स्थिति बनी रहेगी। केवल भाषणों में महिला सशक्तिकरण की राग अलापने के बहुत सार्थक परिणाम नहीं दिखाई पड़ रहे हैं।

# मेघ की लिपि


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मुझे जल्दी तो हो रही थी, किंतु जल का आग्रह टालता भी कैसे? अथाई पर दो मिनट को रुक कर जल पिया और उसी तेजी से चलने लगा। पीछे से टेर लगी, भगतजी के घर तक न पहुंच पाओगे, भीग जाओगे। ये पड़पड़ी वाला बादल है।

बीते दिनों यहां बादल छाये हुए थे,उन्हें देखकर प्रसन्न तो हुआ था,किंतु अपने अज्ञान पर लज्जित भी हुआ था कि इन्हें देखकर मैं कुछ भी नहीं पढ़ सका हूं। पुरानी बात याद आई,अवकाश के दिनों में तिरुपति-विश्वविद्यालय के प्रोफेसर-अध्यक्ष डॉ.चन्द्रभान रावत घर पर ही आ जाते थे,जब तक वे लोहवन में रहते,तब तक या तो वे मुझे बुला लेते अथवा वे स्वयं ही संध्या के समय मेरे घर पधारते। एक दिन लोहवन में उनके घर जा रहा था,जैसे ही लोहवन के दगरे में उतरा कुछ बादल पूरब की ओर से उठे, रास्ते में अथाई पर कुछ लोग बैठे हुए थे,बुलाया, पानी पी जाओ।

मुझे जल्दी तो हो रही थी,किंतु जल का आग्रह टालता भी कैसे? अथाई पर दो मिनट को रुक कर जल पिया और उसी तेजी से चलने लगा। पीछे से टेर लगी,भगतजी के घर तक न पहुंच पाओगे,भीग जाओगे। ये पड़पड़ी वाला बादल है। मुझे मेघ का ज्ञान तो था नहीं और तब तक धरती पर एक भी बूंद नहीं आई थी,मैंने सोचा कि बूंदा-बांदी भी हुई तो रावतजी का घर यहां से आधी किलोमीटर ही तो है। बहुत तेजी से कदम बढ़ा दिए,किंतु बादल की तेजी के सामने मेरी तेजी फेल हो गई। इतनी तेजी से पड़पड़ी आई कि मैं तो एक-दो मिनिट में ही आपाद-मस्तक भीग चुका था।

अथाई पर बैठे उस जनपद-जन के मेघ संबंधी ज्ञान को आज तक याद कर लेता हूं,मुझे उसका आदेश मानना चाहिए था,सोच लेता हूं कि वह जानपद-जन गुरु के रूप में नमस्करणीय था। उससे एक विद्या सीख सकता था! मेघ-विद्या कैसा पढ़ा-लिखा हूं? मेघ की लिपि को पढ़ना नहीं सीखा?

# किसी व्यक्ति के बौद्धिक स्तर का कारण: एक वैज्ञानिक विश्लेषण


डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

वास्तव में किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता उसकी मानसिक संरचना पर निर्भर करती है। यह मानसिक संरचना उसके मस्तिष्क और शेष शरीर की संरचना पर निर्भर करती है।

परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राएं,माता-पिता और गुरुजन के परिश्रम के अतिरिक्त, अपनी अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कारों को ग्रहण करने के लिए स्वयं उत्तरदायी हैं। उनकी शारीरिक और मानसिक संरचना और माता-पिता द्वारा प्राप्त जीन्स इसके लिए उत्तरदायी हैं। साथ ही इस संरचना में वातावरण और परिस्थितियों का भी योगदान है। गर्भावस्था की अनेक परिस्थितियां भी बच्चों की इस शारीरिक और मानसिक संरचना के लिए उत्तरदायी हैं।

वास्तव में किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता उसकी मानसिक संरचना पर निर्भर करती है। यह मानसिक संरचना उसके मस्तिष्क और शेष शरीर की संरचना पर निर्भर करती है। ये दोनों बातें व्यक्ति के जीन्स और गर्भकाल की परिस्थितियों और बाद में जीवन भर की विशेष रूप से बचपन की परिस्थितियों और वातावरण पर निर्भर करती हैं। उदाहरण के लिए डाउन सिन्ड्रोम, फ्रेजाइल एक्स सिन्ड्रोम, फेनाइल कीटोनूरिया, रेट सिन्ड्रोम, प्रेडर विली सिन्ड्रोम, रे सैक्स डिजीज, विलियम्स सिन्ड्रोम जैसी अनेक बीमारियां होती हैं, जो क्रोमोजोम्स पर निर्भर करती हैं, जो जीन्स द्वारा निर्धारित होती हैं। ये जीन्स के म्यूटेशन्स के कारण उत्पन्न हो सकती हैं, जो आनुवांशिक होती हैं और व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक संरचना तथा उनके इन गुणों को प्रभावित करती हैं। इन शारीरिक दोषों के होने पर व्यक्ति की बुद्धिमत्ता प्रभावित होती है। ये दोष गर्भावस्था में ही निश्चित हो जाते हैं। बुद्धिमत्ता को निर्धारित करने के अनेक जीन्स होते हैं। यह एक बहुत जटिल तंत्र होता है। ये जीन्स पीढ़ी दर पीढ़ी जाते हैं। इसलिए बुद्धिमान परिवार में पैदा हुए बच्चे आम तौर पर बुद्धिमान होते हैं, लेकिन यह आवश्यक नहीं होता है। बुद्धिमान माता-पिता की संतान कम बुद्धि की अथवा कम बुद्धि के माता-पिता की संतान अधिक बुद्धि की हो सकती है। यदि माता-पिता के जीन्स में कमी नहीं है, केवल उनके मस्तिष्क की किसी बीमारी या दोष के कारण उनकी बुद्धिमत्ता प्रभावित हुई है तो उनकी संतान सामान्य होगी। अथवा किसी के जीन्स में भी कोई कमी या अच्छाई होने के बावजूद ऐसा हो सकता है कि उनकी संतान विपरीत गुणों की हो। ऐसा जीन्स के जटिल संयोजनों, पुरानी जीन्स के सामने आ जाने,नए जीन्स के छिप जाने, डॉमिनेन्ट और रिसेसिव जीन्स की परस्पर क्रियाओं और म्यूटेशन्स एवं अन्य जटिल कारणों के कारण हो सकता है। आनुवांशिक और जेनेटिक कारणों के अतिरिक्त बुद्धिमत्ता बच्चे की बचपन और उसके बाद की भी परिस्थितियों पर भी निर्भर करती है। उसे पढ़ने का कैसा वातावरण मिला है, उसके माता-पिता का व्यवहार कैसा है, उसके गुरुजन कैसे हैं, उसका स्वास्थ्य कैसा है, उसे कैसा भोजन और कैसे पौष्टिक पदार्थ मिल रहे हैं और वातावरण में प्रदूषण तो नहीं है, जैसे अनेकानेक कारण इसे निर्धारित करते हैं।

इस संदर्भ में हेलेन केलर की कहानी प्रासंगिक है। अमेरिका की हेलन एडम्स केलर का जन्म 27 जून 1880 को हुआ था। जन्म के समय वह एक सामान्य बच्ची थी। 19 माह की आयु में उसे दिमागी बुखार हो जाने के कारण उसके मस्तिष्क पर प्रभाव पड़ा,क्योंकि हमारा मस्तिष्क ही हमारे सभी संवेदी अंगों को नियंत्रित करता है, संवेदनाओं को समझता है, अंगों को चलाता है, इसलिए वह दृष्टिहीन और बधिर हो गई। वह बधिर थी इसलिए वह मूक भी हो गई, क्योंकि बच्चे सुनकर ही बोलना सीखते हैं। उसके माता-पिता बहुत दुःखी हुए। वे समझ नहीं पा रहे थे कि वे अपनी पुत्री को जीवन निर्वहन के योग्य कैसे बनाएं, कैसे वह अपना जीवन काटेगी। वह बेचारी बच्ची भागती थी, अवरोधों से टकराती थी और गिरती थी। उसके माता-पिता ने उस बच्ची के साथ संपर्क करने के लिए उसे कुछ घरेलू चिन्ह सिखाए। उसके जीवन में एक मोड़ तब आया जब 7 वर्ष की आयु में उसे अध्यापिका एनी सलीवान मिली। एनी अपने जीवनभर केलर के साथ रहीं। एनी सलीवान स्वयं लगभग दृष्टिहीन थीं। 5 वर्ष की आयु में उन्हें ट्रेकोमा रोग हो जाने के कारण उनकी दृष्टि लगभग समाप्त हो गई थी। सलीवान ने हेलन को लिखना और पढ़ना सिखाया। यह एक बहुत श्रमसाध्य कार्य था। हेलन पढ़ती गईं। उसने स्कूली शिक्षा और फिर कॉलेज की शिक्षा प्राप्त की। उसने किसी व्यक्ति के होठों और गले को छूकर यह जानना सीखा कि वह क्या बोल रहा है। स्वयं हेलन ने बोलना सीखा।

हम इस बात की दुष्करता को समझ सकते हैं कि कैसे उसने बिना सुने बोलना सीखा होगा। वह एक बहुत प्रसिद्ध लेखिका बनीं, सामाजिक कार्यकत्री बनीं, राजनेत्री बनीं और व्याख्यान कत्री बनीं। अनेक देशों में गईं और वहां पर अपने भाषण दिए। उन्होंने अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए। उनके ऊपर नाटक खेले गए। उनके ऊपर पुस्तकें लिखी गईं और उनके ऊपर फिल्म बनाई गई। उनको मिलने वाला वातावरण यह दिखाता है कि कैसे किसी व्यक्ति के मानसिक स्तर और उसकी शैक्षिक और बौद्धिक उपलब्धियों में जीन्स और परिस्थितियों दोनों की ही भूमिका होती है।

# अकेलेपन का दंश


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक उम्र के बाद विश्वास या भरोसा कम होने लगता है जिससे व्यक्ति अपने को सीमित कर लेता है। यही स्थिति अकेलेपन की ओर ले जाती है।

वर्तमान भौतिकवादी युग में जबकि मनोरंजन के अनेकों साधन उपलब्ध हैं। मनुष्य में व्यक्तिवाद की भावना हावी होती जा रही है। यही कारण है कि मनुष्य अकेलेपन या एकांकी जीवन जीने को मजबूर हो रहा है। खासकर उम्र के उस पड़ाव में जब इंसान रिटायर होकर घर बैठ जाता है तो उसका अपने दोस्तों और सहकर्मियों से संवाद भी कम होने लगता है। यही से वो अपने को अकेला महसूस करने लगता है या एकांतवासी होने लगता है।

इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि एक उम्र के बाद विश्वास या भरोसा कम होने लगता है जिससे व्यक्ति अपने को सीमित कर लेता है। यही स्थिति अकेलेपन की ओर ले जाती है। यह वो समय है जब बच्चे नौकरी के लिए तनाव में हैं या नौकरी के लिए शहर से बाहर हैं और घर पर भी हैं तो संवादहीन हो चले हैं जिससे बुजुर्गों का एकाकीपन और भी ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है।

यह अकेलापन व्यक्ति को अवसाद और नकारात्मकता की ओर ले जाने का बड़ा कारण भी है। विगत कई वर्षों से कोरोना,बेरोजगारी,महंगाई, बीमारी आदि के तनाव से भी मनुष्य अवसाद कुंठा और निराशा से घिर रहा है। जरूरत है समाज को खुशहाल बनाकर,गिरते हैप्पीनेस इंडेक्स को सुधारने की ताकि अकेलेपन में जी रहे लोगों को इससे उबारा जा सके,उनमें खुशी का एहसास पैदा किया जा सके। इसके लिए संयुक्त प्रयास की आवश्यकता होगी। संवाद के साथ-साथ लोगों को समाज में जोड़ने और छोटी-छोटी खुशियों और आयोजनों में शामिल करने के सार्थक प्रयासों की जरूरत होगी अन्यथा समाज में एकांकी जीवन जीने वाले इस दंश से बाहर नहीं निकल सकते।

## मिल्कीपुर में बोले सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, कहा- भाजपा ने युवाओं व किसानों को दिया धोखा

# लोगों की जान ले रही है भाजपा की वैक्सीन : अखिलेश

संवाददाता, मिल्कीपुर, अयोध्या


मिल्कीपुर में अखिलेश यादव की सभा के दौरान भगदड़ में टूटी कुर्सियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। कोरोना काल में इन्होंने जो वैक्सीन लगवाई, आज वह लोगों की जान ले रही है। लोगों को हार्ट अटैक पड़ रहे हैं। अब वैक्सीन बनाने वाली कंपनी कह रही है कि हम वैक्सीन वापस लेंगे। ये बातें शनिवार को सपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहीं। वो मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच नंबर चौराहा स्थित मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि नौजवानों के लिए कोई नौकरी नहीं है। पेपर लीक नहीं हुए, बल्कि सरकार ने लीक कराए हैं। कहा कि पीडीए की सरकार आई तो नौजवानों को उनका हक देंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे। किसी किसान की आय बढ़ी हो तो बताइए। इन्होंने केवल महंगाई बढ़ाई और खाद की बोरी से 10 किलो उर्वरक की चोरी की। बड़े-बड़े उद्योगपति बैंकों का पैसा लेकर भाग गए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि इस बार आंसुओं का पानी खतरे के ऊपर बह रहा है। कहा कि बीजेपी के खिलाफ जनता में जबरदस्त गुस्सा है। 400 सीटें इंडिया गठबंधन जीत रहा है।बीजेपी को सिर्फ 143 सीटें ही मिलेंगी। उन्होंने गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को जिताने की अपील की।

**चार चरणों के चुनाव में भाजपा चारों खाने चित्त :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया कि चार चरणों के वोट पड़े हैं। उसमें बीजेपी चारों खाने चित हो गई है। आपको देखना और समझना होगा। जनसभा को पूर्व विधायक तेज नारायण पांडे पवन, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, छोटेलाल यादव, बख्तियार अहमद, कमलासन पाण्डेय, यदुनाथ यादव सहित कई लोगों ने संबोधित किया।

### मीडिया गैलरी में मची भगदड़, कुर्सियां टूटी, कपड़े फटे

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर के पांच नंबर चौराहे के मैदान में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सपा/गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में जनसभा थी। जैसे ही अखिलेश यादव मंच की ओर बढ़े समाजवादियों की बेकाबू भीड़ मंच की ओर दौड़ पड़ी। देखते ही देखते अफरातफरी मच गई। मीडिया गैलरी की सारी कुर्सियों पर सपाई कब्जा करने लगे। यही नहीं सपाइयों ने मीडिया गैलरी में जमकर तोड़फोड़ की। यहां तक कि पत्रकारों ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। भगदड़ में कई पत्रकारों के कपड़े फट गए। कुछ पत्रकारों को मामूली चोटें भी आई हैं। दो दिन पहले रुदौली विधानसभा के मवई में भी रही हाल हुआ था। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है स्थानीय नेताओं से पता करा रहे हैं।

# जो परिवार वाले नहीं वह क्या जानें परिवार का दर्द: डिंपल यादव

संवाददाता गोंडा


चुनावी रथ से रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित करती डिंपल यादव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गोंडा की सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा के समर्थन में शनिवार को रोड शो करने पहुंची सपा सांसद डिंपल यादव ने प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी पर जमकर निशाना साधा। डिंपल यादव ने रोड शो में उमड़े जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि जो परिवार वाले नहीं है उन्हे परिवार का दर्द क्या होता है यह नहीं पता है। परिवार की जिम्मेदारी क्या होती है वह इसे नहीं जानते। समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो रिश्ते निभाना जानती है जो परिवार का दर्द समझती है।

डिंपल ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है।यह परिवर्तन और बदलाव का चुनाव है। यह बदलाव युवाओं के हाथ में है और इस जनसमूह को देखकर यह तय हो गया है कि इस बार बदलाव होकर रहेगा। डिंपल के स्वागत में गोंडा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। रोड शो में उमड़ी भीड़ को देखकर डिंपल यादव भी गदगद नजर आईं। आंबेडकर चौराहे पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रचंड गर्मी के बीच उन्होंने करीब 10 मिनट तक लोगों को संबोधित किया। डिंपल यादव ने कहा कि यह परिवर्तन का चुनाव है और यह परिवर्तन जनता के हाथ है। भारतीय जनता पार्टी पर दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए डिंपल यादव ने कहा कि इस दबाव की राजनीति का पतन जनता के हाथ में है और जनता के सहयोग से समाजवादी पार्टी इस राजनीति को खत्म करेगी। डिंपल यादव ने पांच किलोमीटर तक रोड शो किया।

## सार-संक्षेप

### नर्सिंग व पैरामेडिकल की वार्षिक परीक्षाएं 11 जून से

**लखनऊ, अमृत विचार :** नर्सिंग कॉलेजों और पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों में वार्षिक लिखित परीक्षाएं 11 से 21 जून तक होंगी। परीक्षाओं की तिथियां उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के द्वारा जारी की गई हैं। साथ ही परीक्षाओं की सुचिता बनाए रखने के लिए संबंधित दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अलोक कुमार ने बताया कि जीएनएम, एएनएम और डिप्लोमा टेक्नीशियन पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षाएं 11 जून से शुरू होंगी, समय सारिणी जारी कर दी गई है। सभी संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि अगर किसी परीक्षार्थी का प्रवेश पत्र जारी नहीं हुआ है तो 22 मई तक (तकनीकी त्रुटियां संशोधित कर) प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया, परीक्षा में डिजिटलीय बारकोड युक्त उत्तर पुस्तिकाएं ही उपयोग की जाएंगी, जिनकी जानकारी अधिकृत वेबसाइट पर दी जायेगी। इसके अलावा परीक्षा के प्रश्न पत्र इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन भेजे जाएंगे जो कि परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले सेंटर पर लॉग इन पैनल पर उपलब्ध होंगे।

### एनएचएम कंसल्टेंट ने दिया इस्तीफा

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद एनएचएम में तैनात दीपिका पाठक नामक कंसल्टेंट ने इस्तीफा दे दिया। विगत वर्ष भी दीपिका ने इसी तरह इस्तीफा दिया था और इन्वेस्ट मित्र के तौर पर दूसरे विभाग में ज्वाइन किया था, लेकिन बाद में नियम कानून को ताक पर रखकर दीपिका को पुन: एनएचएम में ज्वाइन करा दिया गया। ज्वाइनिंग के पहले दीपिका ने इन्वेस्ट मित्र की नौकरी छोड़ दी थी। बस इसी को लेकर लंबे समय से एनएचएम कार्यालय में विवाद चल रहा था। बाद में उच्चाधिकारियों ने प्रकरण का संज्ञान लेकर इस्तीफा देने संबंधी आदेश दिया।

### ट्रक ने शिक्षक समेत दो को रौंदा, मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** इनायत नगर थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर बाजार चौराहे पर शनिवार को दोपहर बाद एक तेज रफ्तार बाइक ने एक प्राइवेट शिक्षक समेत दो लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सड़क पर गिरे दोनों लोगों को पीछे से आ रहा एक ट्रक रौंदते हुए निकल गया। हादसे में शिक्षक समेत दोनों की मौत हो गई। इनायतनगर थाना क्षेत्र के कदनपुर जोगिया तिवारी अछौरा निवासी उदयभान तिवारी (52) और मुकेश तिवारी (42) किसी कार्य के लिए शनिवार दोपहर कुमारगंज जा रहे थे। दोनों मिल्कीपुर बाजार स्थित चौराहे के निकट ईंटगांव तिराहे के पास सड़क किनारे सवारी वाहन का इंतजार कर रहे कि एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच कुमारगंज की तरफ जा रहे एक ट्रक ने दोनों लोगों को रौंद दिया।

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर अयोध्या पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार की सुबह श्रीराम जन्मभूमि पहुंचकर रामलला को साष्टांग प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। वह श्रृंगार आरती में भी शामिल हुए। इसके बाद परिसर स्थित कुबेर टीला पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और जटायु की प्रतिमा पर श्रद्धा व्यक्त कर अपने परिवार के साथ फोटो कराई। पूर्व राष्ट्रपति प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार राम मंदिर पहुंचे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कनक भवन मंदिर में भी अपनी आस्था प्रकट की। ऋषभदेव जैन मंदिर में प्रवास के दौरान भगवान ऋषभदेव की आराधना की और जैन धर्म प्रचार प्रसार के लिए आचार्य श्री शांतिसागर सम्मेदशिखर रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान साध्वी जैन धर्म गुरु ज्ञानमती माता के साथ आध्यात्मिक चर्चा की। कोविंद अपने परिवार और राजभवन के 80 सदस्यों के साथ अयोध्या पहुंचे थे। शनिवार को वन्दे भारत ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुए।

### मायावती व राजनाथ सिंह भी पहुंचे अयोध्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** पांचवें चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को अयोध्या में दिग्गजों का जमावड़ा लग गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अयोध्या पहुंचे। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी अयोध्या पहुंचे। बसपा सुप्रीमो मायावती के भी रामनगरी में पहुंचने का समाचार मिला। हालांकि यह दोनों नेता अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक ही आए थे। इसके बाद राजनाथ सिंह और मायावती चुनावी रैली में शामिल होने के लिए बस्ती चले गए। इसके अलावा केशव मौर्य और अखिलेश यादव भी विशेष विमान से एयरपोर्ट पहुंचे थे। अखिलेश एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से मिल्कीपुर में जनसभा करने गए थे।

# बुजुर्ग ने दो पिल्लों की गर्दन मरोड़कर मार डाला, थैले में भरकर फेंक दिया

## लखनऊ के आशियाना इलाके में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा, आसरा द हेल्पिंग हैंड ने की शिकायत

**अमृत विचार:** बुजुर्ग ने सड़क से दो पिल्लों (कुत्ते के बच्चों) को उठाया। उनकी गर्दन मरोड़ कर मारता रहा। उनकी हत्या करने के बाद एक प्लास्टिक के थैले में भरकर दूर ले जाकर फेंक दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शनिवार सुबह फुटेज सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ। हालांकि अमृत विचार इस तरह के वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इसके बाद आसरा संस्था की संस्थापिका ने आशियाना थाने में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस जांच कर रही है। देर रात तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी।

सोशल मीडिया पर वायरल सीसीटीवी फुटेज आशियाना इलाके का है। जहां घर से 20 मीटर दूर बैठे दो पिल्ले दिखे। बुजुर्ग घर से पैदल निकला। दोनों पिल्लों को दबोच लिया। दोनों की गर्दन मरोड़ते हुए अपने घर के पास पहुंचा। मकान का दरवाजा खोलकर अंदर रखे एक प्लास्टिक के थैले में दोनों को डालकर बांध दिया। इसके बाद लाल रंग के स्कूटर से पिल्लों को दूर ले जाकर फेंक दिया। यह पूरी घटना बुजुर्ग के घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

**पहले भी वायरल हो चुके हैं कई वीडियो:** इस तरह के वीडियो पहले भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। इसमें किसी ने कुत्ते के पिल्लों को मारकर जमीन में गाड़ दिया था। पशु प्रेमी को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने गड्ढा खोद पिल्लों को निकलवाया था। इसके बाद पशु प्रेमी ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। हालांकि इसी जिले में एक चूहे की हत्या का भी वीडियो वायरल हो चुका है। आरोपी ने चूहे को रस्सी से बांधकर पानी में डूबो- डूबो मार डाला था। इसका वीडियो पशु प्रेमी ने अपने मोबाइल में कैद करके केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया था।

### रोडवेज से रिटायर है आरोपी

आसरा द हेल्पिंग हैंड की संस्थापिका चारू खरे के मुताबिक पिल्लों को मारने वाले की पहचान रुचिखण्ड-दो निवासी बुजुर्ग के तौर पर हुई है। जो रोडवेज से सेवानिवृत है। चारू का आरोप है कि पिल्लों को मारने के संबंध में बात किए जाने पर बुजुर्ग के बेटे ने अभ्रदता की है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि तहरीर की जांच की जांच की जा रही है। वहीं, आरोपी बुजुर्ग की पहचान कराई जा रही है।

## अजय राय के खिलाफ मामले को रद करने की याचिका खारिज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व कांग्रेस विधायक अजय राय के खिलाफ यूपी गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 और कानून संशोधन अधिनियम के तहत दाखिल मामले को रद्द करने के संबंध में दायर याचिका को खारिज कर दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने अजय राय और 4अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। गौरतलब है कि पुलिस स्टेशन चेतगंज, वाराणसी में वर्ष 2010 में संजय सिंह, संतोष राय, विजय गुरु, चंद्रभूषण राय, सलिल दूबे और अजय राय के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया था।

# बदायूं, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में निर्मित होंगे नर्सिंग कॉलेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की योजना के तहत अर्ध निर्मित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय बदायूं में और सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने प्रस्तावित बजट की पहली किस्त 13 करोड़ 32 लाख जारी कर दी है। बजट मिलने के बाद जल्द ही निर्माण एजेंसी कार्य शुरू करेंगी।

प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने की योजना के अंतर्गत दो नर्सिंग कॉलेजों के निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद बजट जारी कर दिया गया है। महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि अर्ध निर्मित बदायूं मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू कराने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए स्वीकृत बजट में छह करोड़ 66 लाख की प्रथम किस्त प्राप्त हुई है। साथ ही, सहारनपुर नर्सिंग कॉलेज के लिए भी इतना ही बजट मिला है। इन कॉलेजों में एकेडमिक ब्लॉक बनाए जायेंगे।

### लखनऊ में बनेगा 50 बेड का नया अस्पताल

लोगों को घर के समीप बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजधानी के फैजुल्लागंज में 50 बेड का नया संयुक्त अस्पताल स्थापित किया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 22 करोड़ 95 लाख का बजट स्वीकृत करते हुए पांच करोड़ 74 लाख की प्रथम किस्त भी जारी कर दी गई है।

## वकीलों को दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान अपनी विशेष टिप्पणी में आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश को यह विचार करने का निर्देश दिया कि विभाग की ओर से प्रस्तुत होने वाले वकील समर्थन और दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण अपने मामले पर प्रभावी ढंग से बहस करने में असमर्थ रहते हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि विपक्षी अधिकारियों की ओर से पेश होने वाले वकील को सहायता न देने और प्रासंगिक दस्तावेज उपलब्ध न कराने के संबंध में अधिकारियों को एक सामान्य चेतावनी दी जानी आवश्यक है, जिसके परिणामस्वरूप विभाग के वकील विभाग के मामले का बचाव करने में विफल रहते हैं और कोर्ट को फैसला याची के पक्ष में देना पड़ता है।

## बेटों को खाना देने जा रहे किसान को बोलेरो ने 500 मीटर घसीटा, मौत

संवाददाता, बहुआ(कानपुर)

● कानपुर-बांदा हाईवे पर हुआ हादसा, तीन घंटे तक लगा जाम

**अमृत विचार:** ललौली थाना क्षेत्र में बेटों को खाना देने साइकिल लेकर पैदल जा रहे किसान को कानपुर बांदा हाईवे पर तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद किसान साइकिल समेत गाड़ी के नीचे फंस गया। वाहन चालक करीब 500 मीटर तक किसान को घसीटता हुआ ले गया। हादसे में किसान की मौके पर मौत हो गई। घटना के दौरान मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सड़क जाम कर दी।

महाखेड़ा गांव के रहने वाले किसान शिवकरन शर्मा उर्फ पुतु शर्मा (50) के दो पुत्र शिवमूरत व पप्पू राजा ढाबे के सामने वाहनों की मरम्मत का कार्य करते है। शिवकरन सुबह अपने बेटों को खाना देने के लिए कानपुर बांदा हाईवे पर साइकिल लेकर सड़क किनारे पैदल जा रहे थे। तभी गांव के पास ही कानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने उनको टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर बांदा मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत करा शव पोस्टमार्टम भिजवाया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा, जिससे दोनो लेन पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर बोलेरो गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## वर्ग पहेली-74

**बाएं से दाएं**

2.1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।

4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।

5.1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।

6.1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।

7.1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।


8.1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1.1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।

3.1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।

6.1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना, धारण करना 4. प्रवर्तन।



### वर्ग पहेली -73 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 वी | णा | ■ | 2 नौ | ■ | 3 तू |
| 4 दो | ■ | ■ | 5 वै | त | र | णी |
| ड़ | ■ | ■ | ■ | र | ■ | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | ■ | ■ |
| ग | ■ | न | ■ | ■ | ■ | 8 फिं |
| ■ | ■ | खे | ■ | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | ■ | ■ | ई |

## सुडोकू -153

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 | | | | |
| | | 4 | 5 | | | | | 6 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 2 | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | 5 | | | 3 | | | | |
| 5 | | | | | 2 | 8 | | |
| 3 | | | | | 1 | 9 | | |
| 6 | | | 3 | | | | | 4 |

### सुडोकू -152 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 13 .50 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 20 मई 03 .16 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष:** आज व्यवसाय में सहकर्मियों का बेहतरीन सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे। भूमि-संपत्ति विवाद पुन: उभर के आ सकते हैं। ज्यादा विचारशीलता के कारण आप तनाव में भी आ सकते हैं।

**वृष:** आज अधूरे कार्यों को समय पर निपटा लें। बच्चों को अनुशासन की शिक्षा देना हितकर होगा। नए कारोबार में निवेश करने के लिए समय उत्तम नहीं है। पेट में इन्फेक्शन होने की संभावना है। समझदारी पूर्वक स्थितियों को संभालने का प्रयास करें।

**मिथुन:** आज आपको आर्थिक हानि पहुंचा सकती है। घर में कलह का वातावरण हो सकता है। मधुमेह के रोगियों को खानपान की अनियमितता से बचना चाहिए। गृहस्थ सुख में कमी देखने को मिलेगी।

**कर्क:** आज बच्चे अपने करियर और पढ़ाई को लेकर काफी सजग रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपनी नौकरी में बदलाव कर सकते हैं। व्यापार को लेकर बहुत अच्छे मौके मिलेंगे। नया काम शुरू करना लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह:** आज आपकी बातों से अच्छे लोग भी नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको काफी सोच-समझकर ही लोगों से बातें करनी चाहिए। यात्राओं के लिए दिन शुभ नहीं है। गर्मी की वजह से पेट में जलन की शिकायत हो सकती है।

**कन्या:** आज व्यवसाय में बड़ा फेरबदल करने का अवसर मिल सकता है। मृदु व्यवहार के कारण लोगों के चहेते बने रहेंगे। निजी संबंधों के बीच आत्मीयता बढ़ेगी। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयत्न कर सकते हैं। कला और संगीत में आप गहरी रुचि ले सकते हैं।

**तुला:** आज बुरी संगत वाले लोगों से दूरी बनाकर रखें। आपको पर्याप्त मात्रा में आराम करना चाहिए। कारोबार में थोड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आप परिस्थितियों का गलत अवलोकन भी कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज धार्मिक कार्यों में आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहेगा। पुरानी किसी समस्या का समाधान मिल सकता है। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु:** आज आप कुछ दबाव में भी आ सकते हैं। घर में कुछ बदलाव का विचार बनाएंगे। परिवार में मांगलिक उत्सवों को लेकर कुछ योजना बन सकती है। आपके व्यवहार के कारण वरिष्ठ जन आपका सहयोग कर सकते हैं।

**मकर:** आज आपका काम में ज्यादा मन नहीं लगेगा। नकारात्मक लोगों से सलाह न लें। परिवार के साथ समय बिताने से आपका मन अच्छा रहेगा। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आपकी जीवनशैली में कुछ अनियमितता आ सकती है।

**कुंभ:** आज लोहे के उपकरणों का प्रयोग बेहद सावधानी पूर्वक करें। हाथों और उंगलियों में चोट लग सकती है। आप काम के प्रति एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं, इसीलिए नए काम की शुरूआत न करें। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव बढ़ेगा। सुख-सुविधाओं में कमी आएगी।

**मीन:** आज आप अपने व्यक्तिगत जीवन को काफी महत्व देंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कारोबारी अनुबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। बुजुर्ग जातकों को घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
नो प्रॉब्लम — सुबह : 08 .44
दरार — रात : 07 .40

**&pictures**
थैंक गॉड — सुबह : 09 .29
थप्पड़ — रात : 08 .00

**Sony Pix**
मैड मैक्स : फरी रोड — सुबह : 09 .15
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स — रात : 07 .05

**Zee Cinema**
हम आपके हैं कौन — सुबह : 11 .32
सूर्यवंशी — रात : 09 .00

**Colors Cineplex**
वेलकम — सुबह : 09 .33
गोलमाल 3 — शाम : 06 .41

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात : 09 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पड़ोसी- भाभी जी भाई साहब नहीं दिख रहे हैं।
भाभी- हमारा झगड़ा हो गया है वह गार्डन में हैं।
पड़ोसी- मैंने देखा गार्डन में नहीं हैं वो।
भाभी- खोदकर देखा।
पड़ोसी बेहोश...

भिखारी- बाबूजी आप मुझे 150 रुपये देकर मेरी मदद कीजिए।
मैं अपने परिवार से बिछुड़ गया हूं।
मोनू- पहले बताओ तुम्हारा परिवार कहां है?
भिखारी- मल्टीप्लेक्स में फिल्म देख रहा है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, रविवार, 19 मई 2024


## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक- 980 फ्लैग- 1095 डीएमओ- 865 बोल्ड- 1155
**चन्दौसी :** शिवालिक- 990 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 880

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1915, राज श्री 1330, फ़ॉर्चून कि. 1710, रविन्द्रा 1845, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1450, सचिन 1530, सूरज 1475, अवसर 1630, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1520, क्लासिक (कलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1730, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1790, स्वास्तिक 1885 । किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-23500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल- (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7425-7700, मलका छाँटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7800, लाल हिंदुस्तान 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8600, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14800, अरहर पटका मोटा 15400, अरहर कोरा मोटा 15800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17100 । चीनी-डालमियां 4180, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130 (नयी), बहेड़ी 4140 (नयी )।

# विशेष सत्र में सेंसेक्स, निफ्टी बढ़त के साथ बंद

## विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजार में शनिवार को विशेष कारोबार सत्र में बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 88.91 अंक या 0.12 प्रतिशत चढ़कर 74,005.94 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान यह 245.73 अंक या 0.33 प्रतिशत उछलकर 74,162.76 पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 35.90 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 22,502 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और कोटक महिंद्रा बैंक लाल निशान में बंद हुए। अमेरिका के अधिकांश शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) कई दिनों की निरंतर निकासी के बाद शुक्रवार को खरीदार बन गए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को 1,616.79 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की खरीद की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि अमेरिकी डाऊ जोन्स के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने से शेयर बाजारों को वैश्विक समर्थन मिलता रहेगा। अब एफआईआई भी खरीदार बन गए हैं और इससे बाजार पर दबाव कम हुआ है। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.85 प्रतिशत चढ़कर 83.98 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।




- विदेशी संस्थागत निवेशक कई दिनों की निकासी के बाद बने खरीदार

### इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में विशेष सत्र आयोजित

शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 253.31 अंक चढ़कर 73,917.03 और एनएसई निफ्टी 62.25 अंक बढ़कर 22,466.10 अंक पर बंद हुआ था। एनएसई और बीएसई ने सात मई को कहा था कि वह अपने प्राथमिक मंच पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने की अपनी तैयारियों को जांचने के लिए 18 मई को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित करेगा। विशेष कारोबारी सत्र के दौरान कारोबार प्राथमिक साइट (पीआर) से आपातकालीन (डीआर) साइट पर स्थानांतरित किया जाएगा। इससे पहले दो मार्च को भी बीएसई और एनएसई ने इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र आयोजित किया था।

# कुछ क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों में ढील दी है और इस बात की संभावना है कि नई सरकार के सत्ता में आने पर कुछ अन्य क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों में राहत दी जा सकती है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में एफडीआई नीति को उदार बनाया है। भारत की नीतियां दुनिया में सबसे उदार एफडीआई नीतियों में से एक हैं और वास्तव में यह कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में अधिक उदार है। सिंह ने सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाया गया था और इस बात की बहुत संभावना है कि नई सरकार के तहत, हम जो भी क्षेत्र बचे हैं और जहां कुछ उदारीकरण संभव है, वहां इसके लिए प्रयास कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2023 में भारत में एफडीआई 13% घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। ऐसा मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, ऑटो और दवा क्षेत्रों में कम निवेश से हुआ। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन योजनाओं (पीएलआई) की सफलता पर सचिव ने कहा कि अब तक 1.13 लाख करोड़ का निवेश हुआ और कंपनियों ने नौ लाख करोड़ से अधिक की बिक्री, 3.45 लाख करोड़ का निर्यात सृजित किया, साथ ही 8 लाख से ज्यादा नौकरी दी।



- उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव ने नई सरकार बनने पर जताई उम्मीद

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92450 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 90000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 76000 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 56650-56850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 73,650 |
| सोना रवा | 73,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 88,100 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72300 |
| सिल्वर ( पक्की) | 865 (अनुमानित )। |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,650 |
| चांदी आभूषण | 88,000 |

## पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये का बोनस देगा कोटक लाइफ

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने आज वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 7 लाख से अधिक योग्य पॉलिसीधारकों को 1007 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह लगातार 23वां साल है जब कोटक लाइफ ने भाग लेने वाले उत्पादों पर बोनस की घोषणा की है। कंपनी द्वारा घोषित किया गया बोनस वित्त वर्ष 2022-23 की बोनस अमाउंट से 20 फीसदी अधिक है। कंपनी के प्रबंध निदेशक महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि हमें लगातार 23वें साल अपने ग्राहकों के लिए बढ़े हुए बोनस की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। कोटक लाइफ में, हम अपने ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों, जरूरतों को पूरा करने और उनके निवेश के लिए वैल्यू बनाने में मदद करने के लिए समर्पित हैं। हमारे ब्रांड के वादे 'हम हैं...हमेशा' के अनुरूप, हमारा प्रयास हमेशा अपने ग्राहकों के लिए जारी रहेगा।

# नेपाल ने लगाया भारतीय मसालों पर प्रतिबंध

काठमांडू, एजेंसी

सिंगापुर और हांगकांग के बाद अब नेपाल ने भी कथित गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है।

नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के अनुसार एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों को संदिग्ध एथिलीन ऑक्साइड या ईटीओ विकार के कारण शुक्रवार से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके तहत एमडीएच के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और मिश्रित मसाला करी पाउडर तथा एवरेस्ट के फिश करी मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विभाग ने शुक्रवार को जारी एक नोटिस में कहा कि चूंकि इन चार उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई है, इसलिए खाद्य विनियमन 2027 बीएस के अनुच्छेद 19 के अनुसार देश के भीतर इन उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

नोटिस में कहा गया कि हमारा ध्यान उन मीडिया रिपोर्ट पर गया, जिनमें बाजार में इन घटिया उत्पादों की बिक्री और इनके उपभोग के लिए हानिकारक होने के बारे में बताया गया था। खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण निगरानी संस्था ने आयातकों और व्यापारियों से इन उत्पादों को बाजार से वापस लेने का भी आग्रह किया है। पिछले महीने, सिंगापुर और हांगकांग ने कैंसर से जुड़े कुछ ईटीओ के संदिग्ध ऊंचे स्तर का हवाला देते हुए एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों की बिक्री रोक दी थी। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने तब से देश में विभिन्न ब्रांडों के मिसे मसालों की गुणवत्ता जांच करने के लिए कदम उठाए हैं।




- सिंगापुर और हांगकांग के बाद नेपाल ने की कार्रवाई
- एमडीएच-एवरेस्ट के उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड अधिक

## एपीएसईजेड को नॉर्वे सॉवरेन वेल्थ फंड ने निवेश सूची से किया बाहर

**नई दिल्ली।** नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए सरकारी पेंशन फंड से अडाणी समूह की बंदरगाह कंपनी एपीएसईजेड को बाहर कर दिया है। एपीएसईजेड 15वीं भारतीय कंपनी है, जिस पर नॉर्वे के केंद्रीय बैंक ने इस तरह की कार्यवाही की है।

ओएनजीसी, गेल, एनटीपीसी और वेदांत जैसी कंपनियों को इस तरह की कार्यवाही का सामना करना पड़ा है। नॉर्वे का नॉर्जेस बैंक सॉवरेन वेल्थ फंड का प्रबंधन करता है। उसने 15 मई को कहा कि अस्वीकार्य जोखिम से अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन को बाहर करने का फैसला किया है, क्योंकि कंपनी युद्ध या संघर्ष की स्थितियों में व्यक्तियों के अधिकारों के गंभीर उल्लंघन में शामिल है। एपीएसईजेड मार्च 2022 से निवेश रोकने के लिए नार्वे के केंद्रीय बैंक की निगरानी सूची में था। कंपनी को म्यांमार में सशस्त्र बलों के साथ अपने व्यापारिक जुड़ाव के कारण कार्रवाई का सामना करना पड़ा।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार रात सुरक्षाबलों को रवाना किया गया था। दल जब आज सुबह तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में पहुंचा तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

### गोपनीयता उल्लंघन में पूर्व पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**जम्मू।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को हाल में प्रकाशित अपनी पुस्तक में संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक मोहम्मद असलम शेख को शुक्रवार देर रात जम्मू शहर के गांधी नगर इलाके में उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। शेख 1986 में सहायक उप-निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे और पिछले साल सेवानिवृत्त हुए थे।

### पंजाब में सड़क हादसे में चार विद्यार्थियों की मौत

**पटियाला (पंजाब)।** पंजाब में राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (आरजीएनयूएल) पटियाला के चार विद्यार्थियों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी है। पंजाब पुलिस ने बताया कि हादसा शुक्रवार देर रात तब हुआ, जब उनकी तेज रफ्तार एसयूवी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। यह दुर्घटना जिले के भादसों रोड पर बख्शीवाला गांव के पास राजमार्ग पर हुई। मृतकों में तीन छात्र और एक छात्रा हैं, ये सभी विधि के विद्यार्थी थे। पुलिस ने शनिवार को बताया कि दुर्घटना में एक युवक भी घायल हो गया है।

### सिक्किम की नदी में टैक्सी गिरने से दो लोगों की मौत

**गंगटोक।** सिक्किम में शनिवार सुबह सिंगताम के पास पर्यटकों से भरी टैक्सी नदी में गिर गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों का यह परिवार कोलकाता का रहने वाला था और सिलीगुड़ी से गंगटोक जा रहा था, जब सांग खोला में वाहन रानी नदी में गिर गया। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में टैक्सी चालक और परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चालक की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान 72 वर्षीय रवींद्र नाथ पॉल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घायलों को पहले सिंगताम के नजदीकी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें गंगटोक के सेंट्रल रेफरल हॉस्पिटल भेज दिया गया।

# भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार गिरा दी

## प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा- कांग्रेस का इतिहास सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है

अंबाला, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि यह उनकी धाकड़ सरकार थी, जिसने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और परिणामस्वरूप, कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है। उन्होंने जीप घोटाले का जिक्र भी किया जो कि कांग्रेस शासन के दौरान पहला घोटाला था।

मोदी ने हरियाणा में अपनी पहली रैली में उपस्थित जनसमूह से सवाल किया, क्या एक कमजोर सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात बदल सकती थी? सशस्त्र बलों में हरियाणा द्वारा बड़ी संख्या में सैनिकों के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो हरियाणा में माताएं अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में सोचकर चिंतित थीं। मोदी ने वहां मौजूद लोगों से पूछा, क्या अब ऐसी चीजें बंद हो गई हैं या नहीं? प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी की धाकड़ सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया और कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले केंद्र ने अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया, जिसने जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार प्रदान किए थे और तत्कालीन राज्य को केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था।

मोदी ने कहा कि चार जून में केवल 17 दिन बचे हैं, जब चुनाव के नतीजे घोषित होंगे। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को मतदान के पहले चार चरणों में कोई सीट नहीं मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब देश में धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचता है। जिस पाकिस्तान के हाथों में पहले बम थे, अब उसके हाथों में भीख का कटोरा है। हरियाणा की 10 सीट के लिए छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा।

रैली में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल सीट से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल खट्टर, अंबाला और कुरुक्षेत्र सीट से क्रमशः बंतो कटारिया और नवीन जिंदल शामिल थे। इससे पहले मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री रतन लाल कटारिया को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को कटारिया की पुण्य तिथि थी, जिन्होंने लोकसभा में अंबाला का प्रतिनिधित्व किया था। उनकी पत्नी बंतो कटारिया इस बार अंबाला सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं।


हरियाणी की सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी।

- हरियाणा की अपनी पहली रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्ष को घेरा

### मोदी की रैली में शामिल होंगे 13 मिशनों के 25 राजनयिक

**नई दिल्ली।** भाजपा की विदेशी राजनयिकों के बीच अपनी पहचान बनाने तथा राजनीतिक संपर्क स्थापित करने के लिए शुरू की गई भाजपा को जानें मुहिम के तहत यहां स्थित 13 मिशनों के 25 राजनयिक प्रधानमंत्री मोदी की शनिवार को होने वाली रैली में भाग लेंगे। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले ने कहा कि भारत के लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार जश्न के बीच भारत में तेरह राजनयिक मिशनों के 25 प्रतिनिधि 18 मई को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की रैली में लोगों के उत्साह का अनुभव करेंगे। उपस्थित होने वाले लोगों में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, भूटान, इंडोनेशिया, जापान, मॉरीशस, नेपाल, रूस, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड और ब्रिटेन के राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा शुरू की गई भाजपा को जानें मुहिम का हिस्सा है।

# स्वाति के बाएं पैर और दाहिने गाल पर चोट के निशान

नई दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल बाएं पैर के पिछले हिस्से और दाहिने गाल पर चोट के निशान हैं। उनकी पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट से हुई है। मालीवाल पर मुख्यमंत्री केजरीवाल के निजी सहयोगी बिभव कुमार ने कथित तौर पर हमला किया था। मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर खुद पर हमला करने के लिए कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद यह मामला सामने आया।

प्राथमिकी में मालीवाल ने दावा किया कि कुमार ने उन पर 'पूरी ताकत से बार-बार' प्रहार किया और उन्हें सात-आठ बार थप्पड़ और लात से मारा। मालीवाल की चिकित्सकीय जांच शुक्रवार को की गई। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार मालीवाल के बाएं पैर के पिछले हिस्से में लगभग 3x2 सेंटीमीटर आकार के और दाहिनी आंख के नीचे गाल पर 2x2 सेंटीमीटर आकार के चोट के निशान हैं।



- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की रिपोर्ट में हुई पुष्टि

### भाजपा ने आप को 'एंटी औरत पार्टी' करार दिया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को आप पर स्वाति मालीवाल हमला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार के बचाव में पीड़िता को शर्मसार करने और उन्हें ही दोषी ठहराने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि केजरीवाल अपने सहयोगी कुमार को बचाने का प्रयास कर रहे हैं क्योंकि कुमार उनके 'रहस्यों' को उजागर कर उन्हें बेनकाब कर सकते हैं। पार्टी पर कटाक्ष करते हुए, पूनावाला ने संवाददाताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी मूल रूप से 'एंटी औरत पार्टी' (महिला विरोधी पार्टी) है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी नेताओं पर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने के पिछले आरोपों का जिक्र किया। मालीवाल पर भाजपा के इशारे पर काम करने के आप के दावे पर पूनावाला ने पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी की एक अन्य नेता और दिल्ली महिला आयोग की सदस्य वंदना सिंह भी राज्यसभा सदस्य का समर्थन कर रही हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा आम आदमी पार्टी की आलोचना का जिक्र करते हुये पूछा कि क्या लोकसभा सदस्य चौधरी भी भाजपा के एजेंट बन गए हैं। मालीवाल की पार्टी ने उनके खिलाफ भाजपा के एजेंट की तरह काम करने का आरोप लगाया है।

# शिवकुमार पर 100 करोड़ की रिश्वत की पेशकश का आरोप

## यौन शोषण मामला

बेंगलुरु, एजेंसी

विभिन्न आरोपों में जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन्हें जद(एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी पर हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न का वीडियो पेन ड्राइव लीक करने का आरोप लगाने के लिए 100 करोड़ की पेशकश की थी।

भाजपा नेता ने शिवकुमार पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा धूमिल करने और कुमारस्वामी को बदनाम करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। देवराजे गौड़ा ने शुक्रवार देर रात अपनी जमानत पर सुनवाई के बाद हासन में कहा कि शिवकुमार मुझे 100 करोड़ रुपये का प्रस्ताव ही नहीं , बल्कि बेंगलुरु के बॉरिंग क्लब में कमरा 110 के लिए पांच करोड़ रुपये की अग्रिम राशि भी भेजी। उन्होंने रिश्वत की पेशकश को अस्वीकार कर दिया और इसके कारण मुझे पहले अत्याचार, फिर यौन उत्पीड़न और अंत में दुष्कर्म के मामले में फंसाया।



- जेल में बंद भाजपा नेता देवराजे गौड़ा ने लगाए आरोप

### आरोप किए खारिज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार और राज्य के अन्य मंत्रियों ने प्रज्ज्वल से जुड़े वीडियो के पेन ड्राइव वितरित करने में अपनी भूमिका के आरोपों को शनिवार को खारिज कर दिया। शिवकुमार ने कहा, जो व्यक्ति जेल में है, वह ऐसे आरोप कैसे लगा सकता है? ये सब बेबुनियाद है।

### प्रज्ज्वल के खिलाफ अदालत ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स वीडियो कांड में अदालत ने शनिवार को हसन संसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह वारंट एसआईटी की मांग के बाद जारी हुआ है। नोटिस के बावजूद प्रज्ज्वल जांच टीम के सामने पेश नहीं हुए। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने अपने पुत्र एचडी रेवन्ना और पोते प्रज्ज्वल से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी और इस बात पर जोर दिया कि जांच में किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने मामले में कई लोगों की संलिप्तता को रेखांकित करते हुए कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया। विधायक एचडी रेवन्ना को पहले हिरासत में लिया गया था और बाद में उनके पुत्र के कथित सेक्स स्कैंडल से जुड़े अपहरण मामले में सशर्त जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# एकतरफा प्रेम में पांच सदस्यों की हत्या कर की खुदकुशी

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 32 वर्षीय व्यक्ति ने एकतरफा प्रेम में महिला और उसके बेटे समेत परिवार के पांच लोगों की हत्या कर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के एसपी पुष्कर शर्मा ने बताया कि सलिहा थाना क्षेत्र के थरगांव में मनोज साहू ने एकतरफा प्रेम में मीरा साहू, उसके पांच वर्षीय बेटे आयुष, मीरा के पिता हेमलाल, मां जगमोती और बहन ममता की हत्या कर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों से मिली सूचना पर पुलिस वाहं गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों के शरीर पर कुल्हाड़ी के निशान हैं। मनोज का शव भी वहीं लटका मिला। मनोज थरगांव का ही निवासी है।

शर्मा ने बताया कि मनोज बीती रात कुल्हाड़ी लेकर हेमलाल के घर में घुसा और जब परिवार के सदस्य सो रहे थे तब उनकी हत्या कर दी और कमरे में साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मनोज मीरा से एकतरफा प्यार करता था। मनोज ने पूर्व में मीरा को विवाह का प्रस्ताव दिया था जिसे मीरा ने अस्वीकार कर दिया था। 2017 में, मीरा ने कथित तौर पर उसके और उसके परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने के आरोप में मनोज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

- मृतकों के शरीर पर कुल्हाड़ी के निशान, आरोपी का शव वहीं मिला

## रैलियों में चीनी संविधान दिखा रहे राहुल : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी रैलियों में भारत की बजाय चीनी संविधान दिखा रहे हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि गांधी जो किताब दिखा रहे हैं वह चीनी संविधान की तरह लाल कवर वाली है, जबकि मूल भारतीय संविधान पर नीला कवर है। शर्मा ने यह अपने 'एक्स' पर लिखा। हालांकि कई एक्स उपयोगकर्ताओं ने कहा कि लाल कवर वाला संविधान एक खास संस्करण है। कई उपयोगकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वही भारतीय संविधान दिख रहा है, जो गांधी अपनी सभाओं में दिखाते हैं।

# संविधान के अनुसार होगा देश का संचालन : विपक्ष

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे को लेकर शनिवार को उन पर निशाना साधा कि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर पर बुलडोजर चला देगा। विपक्ष ने कहा कि वे सभी की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि देश का संचालन संविधान के अनुसार हो।

खरगे, कांग्रेस- शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना- उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना- यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने 20 मई को राज्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार अभियान के आखिरी दिन संवाददाता सम्मेलन को संयुक्त रूप से संबोधित किया। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री के इन आरोपों से जुड़े सवालों का जवाब दिया कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आ गया, तो वह राम मंदिर को ढहा देगा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणियों के लिए आरक्षण कम कर देगा और अनुच्छेद 370 को बहाल कर देगा। खरगे ने प्रधानमंत्री पर उन बातों पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया, जो कांग्रेस कभी नहीं करेगी। ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा करेगी, जबकि पवार ने कहा कि न केवल मंदिरों, बल्कि सभी धर्मों के पूजा स्थलों की रक्षा करना उनकी सरकार का कर्तव्य होगा।


मुंबई की प्रेस वार्ता में मौजूद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, एनसीपी (शरद) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ।

- विपक्ष के सत्ता में आने पर राम मंदिर गिराने संबंधी मोदी के बयान की इंडिया गठबंधन ने की निंदा

### मोदी ने दस साल का हिसाब नहीं दिया : तेजस्वी



**छपरा।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने दस साल के अपने कार्यकाल में विकास के लिए क्या काम किये, उनका हिसाब उनके पास नहीं है। सारण क्षेत्र में अपनी बड़ी बहन राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्या के पक्ष में मतदाताओं को गोलबंद करने आए तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी तो दस साल का हिसाब नहीं देते, लेकिन मेरे पास उनके दस साल का पूरा हिसाब है।



## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
पंजाब किंग्स
दोपहर 3:30 बजे

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप


| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 13 | 22 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 12 | 18 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 13 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

# आरसीबी की नैया लगी पार, सीएसके बाहर

## प्लेआफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बनी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, चेन्नई को 27 रन से हराकर दी विदाई



**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कप्तान फाफ डुप्लेसी (54 रन) के अर्धशतक और विराट कोहली (47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 27 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम बनी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ पांच विकेट पर 218 रन बनाए। जिसके जवाब में सीएसके 20 ओवर में 7 विकेट गवांकर 191 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरूआत बेहद खराब रही। कप्तान ऋतुराज बिना खाता खोले पहली ही गेंद पर अपना विकेट दे बैठे। इसके बाद तीसरे ओवर में डेरिल मिशेल भी आउट हो गए। ओपनिंग पर उतरे रवींद्र रचिन एक छोर से रन बनाते रहे। रचिन और रहाणे ने मिलकर टीम को संभालने का प्रयास किया लेकिन रहाणे 33 रन बनाकर आउट हो गए। शिवम दुबे भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और 7 रन बनाकर चलते बने। जडेजा ने नाबाद 42 रनों की पारी खेली वहीं एमएस धोनी के बल्ले से 25 रन निकले, सीएसके 191 रन ही बना सकी।

इससे पहले आरसीबी के लिए घरेलू मैदान पर कप्तान फाफ डुप्लेसी ने अपना अर्धशतक पूरा किया वहीं विराट ने भी शानदार 47 रनों की पारी खेली।



विराट कोहली का विकेट लेने बाद खुशी व्यक्त करते मिचेल सैंटनर और डेरिल मिशेल। ● एजेंसी

विराट के आउट होने के बाद रनों को बढ़ाने की जिम्मेदारी रजत पाटीदार ने संभली और बेहतरीन 41 रनों की पारी खेली। एक छोर पर दिनेश कार्तिक भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए महज 6 गेंदों पर 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। मैक्सवेल ने आते ही अपने अंदाज में ताबड़तोड़ 5 गेंदों में 16 रन जड़ डाले। एक छोर पर अपनी पारी को तेजी से आगे बढ़ाते हुए ग्रीन ने महज 17 गेंदों पर 38 रनों की नाबाद पारी खेली। सीएसके के लिए शार्दुल ठाकुर ने दो जबकि मिचेल सैंटनर और तुषार देशपांडे ने एक एक विकेट झटके। चेन्नई को जीतने के लिए 219 रन बनाने का लक्ष्य दिया था। जिसके जवाब में सीएसके 191 रन ही बना सकी और हार से आईपीएल खत्म किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 13 | 9 | 3 | 19 | 1 | +1.428 |
| राजस्थान (क्वा) | 13 | 8 | 5 | 16 | 0 | +0.273 |
| हैदराबाद (क्वा) | 13 | 7 | 5 | 15 | 1 | +0.406 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 13 | 5 | 8 | 10 | 0 | -0.347 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

**78** रनों की साझेदारी सलामी जोड़ी विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसी ने की

### बेंगलुरु 219/5
20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली कैच डेरिल बो सैंटनर | 47 | 29 | 3/4 |
| फाफ डुप्लेसी रनआउट सैंटनर | 54 | 39 | 3/3 |
| रजत पाटीदार कैच डेरिल बो शार्दुल | 41 | 23 | 2/4 |
| कैमरून ग्रीन नाबाद | 38 | 17 | 3/3 |
| दिनेश कार्तिक कैच धोनी बो देशपांडे | 14 | 6 | 1/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल कैच धोनी बो शार्दुल | 16 | 5 | 2/1 |
| महीपाल लोमरोर नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** देशपांडे 4-0-49-1, शार्दुल 4-0-61-2, तीक्षणा 4-0-25-0, सैंटनर 4-0-23-1, जडेजा 3-0-40-0, सिमरजीत 1-0-19-0

### चेन्नई 191/7
20 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड कैच दयाल बो मैक्सवेल | 0 | 1 | 0/0 |
| रवींद्र रचिन रन आउट स्वप्निल/ कार्तिक | 61 | 37 | 5/3 |
| डेरिल मिचेल कैच कोहली बो दयाल | 4 | 6 | 0/0 |
| रहाणे कैच डुप्लेसी बो फॉग्युर्सन | 33 | 22 | 3/1 |
| शिवम दुबे कैच फॉग्युर्सन बो ग्रीन | 7 | 15 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 42 | 22 | 3/3 |
| सैंटनर कैच डुप्लेसी बो सिराज | 3 | 4 | 0/0 |
| महेंद्र सिंह धोनी कैच स्वप्निल बो दयाल | 25 | 13 | 3/1 |
| शार्दुल नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** मैक्सवेल 4-0-25-1, सिराज 4-0-35-1, दयाल 4-0-42-2, स्वप्निल 2-0-13-0, कर्ण 1-0-14-0, फॉर्ग्युसन 3-0-39-1, ग्रीन 2-0-18-1

## प्राणवी, दीक्षा और त्वेसा ने जर्मन मास्टर्स में कट हासिल किए



**ब्रेंडेनबर्ग (जर्मनी)।** प्रणवी उर्स, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ में कट में जगह बनाने में सफल रहीं। प्रणवी और दीक्षा ने दूसरे दौर में एक-ओवर 73 का कार्ड खेला।

दो दौर के खेल के बाद दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर है। त्वेसा (77) पांच ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही। टूर्नामेंट में भाग ले रही चार अन्य भारतीयों में से स्नेहा सिंह (75) एक शॉट से, वाणी कपूर (77) तीन शॉट से और अमनदीप द्राल (78) पांच शॉट से कट में जगह बनाने से चूक गई। अवनि प्रशांत दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबले से हट गई। कट का स्कोर पांच ओवर का रहा जिसमें 66 खिलाड़ी जगह बनाने में सफल रहीं।

## निदा का रिकॉर्ड प्रदर्शन पर इंग्लैंड जीता, 2-0 की बढ़त

**नॉर्थम्प्टन, एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान की हार के बावजूद के निदा डार टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं हैं। डार ने शुक्रवार को महिला टी-20 में अग्रणी विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर रही ऑस्ट्रेलिया की मेगन स्कट (136 विकेट) को पीछे छोड़ दिया। वह शीर्ष 10 की सूची में एकमात्र पाकिस्तानी महिला हैं।

दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी और नेट साइवर-ब्रंट के उपयोगी योगदान से इंग्लैंड ने छह विकेट पर 144 रन बनाए। पाकिस्तान के गेंदबाज काफी हद तक प्रभावशाली रहे, उन्होंने रनों की गति को रोका और नियमित अंतराल पर विकेट चटकाए। मुनीबा और आलिया रियाज ने कुछ संघर्ष किया लेकिन यह इंग्लिश गेंदबाजों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। मेहमान टीम केवल 79 रन पर आउट हो गई, जिससे इंग्लैंड को 65 रन से जीत मिली और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त मिल गई।

## सिफत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल

**भोपाल, एजेंसी**

सिफत कौर सामरा ने ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा तीसरी बार जीत ली जबकि नीरज कुमार ने पुरूष वर्ग में दूसरी बार जीत दर्ज की। सिफत ने महिलाओं की थ्री पोजिशंस ट्रायल 4 में 461.3 स्कोर करके निच्छल को एक अंक से हराया।

वहीं आशी चौकसी तीसरे, श्रियांका साडंगी चौथे और अंजुम मोद्गिल पांचवें स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में नीरज ने 462.9 स्कोर करके पहला स्थान हासिल की। चैन सिंह दूसरे, ऐश्वर्य तोमर तीसरे, स्वप्निल कुसाले चौथे और अखिल श्योराण पांचवें स्थान पर रहे। चार ट्रायल में तीन जीतकर सिफत इस वर्ग में शीर्ष रही जबकि अंजुम दूसरे स्थान पर रही। पुरूष वर्ग में ऐश्वर्य तोमर और कुसाले पहले दो स्थान पर रहे। पुरूष और महिला वर्ग के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल ट्रायल 4 भी शनिवार को हुए। पुरूष वर्ग में कार्तिक राज शीर्ष रहे तो महिला वर्ग में रमिता जिंदल ने बाजी मारी। पिस्टल वर्ग में मनु भाकर शीर्ष रही जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत ने पहला स्थान हासिल किया। अब चार दौर के बाद मनु और रिदम सांगवान शीर्ष दो स्थानों पर है जबकि पुरूष वर्ग में सरबजोत और अर्जुन पहले व दूसरे स्थान पर हैं।



## खेल डायरी

### हार्दिक पर अगले सीजन के लिए एक मैच का निलंबन

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को धीमी ओवर गति के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है। अब वह अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उनकी टीम समय पर अपने ओवर खत्म नहीं कर पाई थी। एमआई के लिए यह मैच आईपीएल के मौजूदा सत्र का आखिरी मैच था। इसका मतलब यह हुआ कि हार्दिक अगले सीजन का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। यदि हार्दिक अगले सीजन के लिए किसी अन्य टीम में चले जाते हैं, तो वह उस विशेष टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। इस आईपीएल सीजन में यह तीसरी बार था जब एमआई न्यूनतम ओवर रेट बनाए रखने में विफल रहा।

### आकाश-पोयमंती ने जीता डब्ल्यूटीटी खिताब

**नेवसेहिर (तुर्किये)।** भारत के टीटी खिलाड़ी आकाश पाल और पोयमंती बैस्या ने तुर्किये के नेवसेहिर में डब्ल्यूटीटी फीडर कप्पाडोसिया 2024 में मिश्रित युगल का खिताब जीता। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में हमवतन अनिर्बान घोष और स्वास्तिका घोष को रोमांचक मुकाबले में 3-2 के स्कोर से हराया। इससे पहले सेमीफाइनल में पाल और बैस्या ने यूक्रेन के एंड्री ग्रेबेनियुक और दिमित्रेंको को 3-0 से हराया था। गौरतलब है कि पाल और बैस्या का यह दूसरा डब्ल्यूटीटी खिताब था। भारतीय टेबल टेनिस जोड़ी ने मार्च में बेरूत में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर हमवतन साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को चौंका दिया था।

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के फाइनल में

**बैंकॉक।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के सामने खिताबी मुकाबले में चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी की चुनौती होगी।

### इटैलियन ओपन फाइनल में ज्वेरेव का सामना जेरी से

**रोम।** पांचवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चिली के अलेजांद्रो ताबिलो को 1-6, 7-6, 6-2 से हराकर इटैलियन ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में उनका सामना चिली के ही निकोलस जेरी से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-3, 6-7, 6-3 से हराया। रोम में ज्वेरेव का यह तीसरा फाइनल है। उन्होंने 2017 में नोवाक जोकोविच को हराकर पहला मास्टर्स सीरिज खिताब जीता था। इसके एक साल बाद वह राफेल नडाल से हार गए। महिला फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक का सामना दूसरी रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा।

## इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने संतुलन बिगाड़ा : कोहली

● इस नियम ने हरफनमौलाओं पर डाला है विपरीत असर

**बेंगलुरू, एजेंसी**

कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी।

अब कोहली ने कहा मैं रोहित का समर्थन करता हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन संतुलन भी होना चाहिए। इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है और कई लोगों को ऐसा लगता है, सिर्फ मुझे नहीं। रोहित ने पॉडकास्ट में कहा मैं इस नियम का मुरीद नहीं हूं। इससे हरफनमौलाओं पर विपरीत असर पड़ेगा। क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है, 12 का नहीं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि यह नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया है ताकि दो खिलाड़ियों को एक मैच में मौका मिल सके। कोहली ने कहा मुझे यकीन है कि जय भाई ने कहा है कि वह इसकी समीक्षा करेंगे और ऐसा निष्कर्ष निकलेगा कि खेल में संतुलन पैदा हो सके।

## ओलंपिक कोटा हासिल करने उतरेगा भारत

**नई दिल्ली।** परवीन हुडा के निलंबन के बाद भारत महिला मुक्केबाजी में 57 किग्रा में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने की कोशिश करेगा। हुडा को आईटीए द्वारा ठिकाने की विफलता के लिए निलंबित कर दिया गया था। अब 57 किग्रा वजन वर्ग में जैस्मीन लाम्बोरिया थाईलैंड में 24 मई से शुरू होने वाले दूसरे ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में हिस्सा लेंगी। बीएफआई ने शनिवार को कहा कि उन्होंने हुडा द्वारा जीते गए कोटा स्थान को अस्वीकार कर दिया है, विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति मिल जाएगी। पंजीकृत मुक्केबाज ही भाग लेने के पात्र हैं, जिससे भारत 60 किग्रा और 66 किग्रा वर्ग में दावेदारों तक ही सीमित रह गया है।



## टी-20 विश्व कप : अधिकांश भारतीय खिलाड़ी 25 मई को होंगे न्यूयॉर्क रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी-20 विश्व कप के लिए 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जाएंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेआफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे।

बीसीसीआई सूत्र के अनुसार रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा। पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जाएगा। आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है। टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी, विराट, सूर्यकुमार, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, जडेजा, अक्षर, कुलदीप, चहल, अर्शदीप सिंह, बुमराह, मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है।



## बॉलीवुड हलचल



### रोमांटिक फिल्म में नजर आएगी सिद्धार्थ और कृति की जोड़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेती कृति सैनन की जोड़ी रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकती है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कृति सैनन को हाल ही में मैडॉक के ऑफिस में देखा गया है। तभी से लेकर दोनों की साथ फिल्म करने को लेकर चर्चा है। कहा जा रहा है कि मुराद खेतानी जिस देसी मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं, उसमें सिद्धार्थ नजर आने वाले हैं। चर्चा है कि इस फिल्म में सिद्धार्थ के साथ कृति सैनन नजर आ सकती है।



### हाउसफुल 5 में होगी अर्जुन रामपाल की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल की एंट्री हाउसफुल 5 में हो सकती है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के बाद अब अर्जुन रामपाल की भी एंट्री हो सकती है। हाउसफुल के पहले पार्ट में अर्जुन रामपाल नजर आए थे। 'हाउसफुल 5' में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन जैसे सितारे नजर आने वाले हैं। अर्जुन रामपाल भी अहम भूमिका में दिखेंगे। इस बार उनका किरदार गंभीर होने के साथ-साथ मजेदार भी होने वाला है। यह फिल्म इसी साल अगस्त से फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि फिल्म हाउसफुल 5 अगले साल 06 जून को सिनेमा घरों में रिलीज होगी।




### अंकतालिका में नंबर दो पर आने के लिए मुकाबले होंगे अहम, केकेआर-राजस्थान शीर्ष पर काबिज

## दूसरे स्थान पर आना चाहेंगे सनराइजर्स

**हैदराबाद, एजेंसी**

पिछले तीन साल में पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को यहां जब लीग चरण के अपने अंतिम मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर होगी।

आईपीएल के पिछले तीन सत्र में अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही सनराइजर्स की टीम ने इस साल अति-आक्रामक बल्लेबाजी दृष्टिकोण और बेहतरीन गेंदबाजी के साथ खुद को खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित किया है। सनराइजर्स अभी 13 मैचों में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे पायदान पर है। पंजाब किंग्स को हराने के बाद टीम 17 अंक तक पहुंच सकती है। रविवार को खेले जाने वाले एक अन्य मैच में अगर संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम कोलकाता (केकेआर) नाइट राइडर्स को हराने में सफल रही तो उसके 18 अंक हो जाएंगे और टीम दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। केकेआर का शीर्ष दो स्थान में रहना पक्का है।



सनराइजर्स के हौसले हालांकि इस बात से बुलंद होगे की गुजरात के खिलाफ बारिश के कारण मैच धुलने से पहले उसमे लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। वहीं, अंतिम चार में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद पंजाब किंग्स के लिए यह मौका खुद को साबित करने का होगा।

### केकेआर को हराकर दूसरा स्थान पक्का करना चाहेंगे रॉयल्स

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिए कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिए गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और उनकी लय पर असर पड़ सकता है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# आम पकाने के लिए कार्बाइड का इस्तेमाल किया तो खैर नहीं, एफएसएसएआई सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

आम का मौसम शुरू होने के साथ ही बाजार में आमों की आवक शुरू हो चुकी है। इस बीच भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने फलों को पकाने में शामिल व्यापारियों, फल संचालकों और खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को कड़ी चेतावनी जारी की है।

यह सलाह खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो आम के मौसम के दौरान कृत्रिम रूप से फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग करते हैं। फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड के यूज पर बैन है। लेकिन इसके बावजूद इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल होता है। एफएसएसएआई ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा विभागों से सतर्क रहने और इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। प्राधिकरण ने इस बात पर जोर दिया कि कैल्शियम कार्बाइड एक खतरनाक रसायन है और इसका उपयोग स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है।



### आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश

कैल्शियम कार्बाइड, आमतौर पर आम जैसे फलों को पकाने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह एसिटिलीन गैस छोड़ता है जिसमें आर्सेनिक और फास्फोरस के हानिकारक अंश होते हैं। सामान्य बोलचाल की भाषा में इन पदार्थों को मसाला के नाम से भी जाना जाता है। ये चक्कर आना, बार-बार प्यास लगना, जलन, कमजोरी, निगलने में कठिनाई, उल्टी और त्वचा के अल्सर आदि जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति पर धोखाधड़ी करने का आरोप

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर अपनी गलत पहचान बताकर राष्ट्रपति कार्यालय, राष्ट्रीय विकास मंत्रालय और संसद को ई-मेल भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए गए हैं।

अदालत में 17 मई को पेश हुए 24 वर्षीय प्रकाश परमाशिवम ने खुद को सिंगापुर जेल सेवा स्टाफ का सदस्य बताते हुए राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम, राष्ट्रीय विकास मंत्री डेसमंड ली और संसद को ईमेल भेजे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार प्रकाश पर आरोप है कि उसने 16 फरवरी को संसद को और उसके दो दिन बाद ली को ई-मेल किया। 24 फरवरी को राष्ट्रपति थर्मन को एक और ईमेल भेजा। अदालती दस्तावेजों में इस बात की जानकारी नहीं है कि ई-मेल में क्या लिखा था और प्रकाश ने इन्हें क्यों भेजा।

# मोबाइल पर किया गैरजरूरी कॉल तो मोस्ट वांटेड की लिस्ट में होंगे शामिल, सरकार लाएगी नियम

मोबाइल फर्जीवाड़े में भारत काफी आगे है। हर एक व्यक्ति फर्जी कॉल और मैसेज से परेशान है। सरकार ने भी इस तरह की कॉल और मैसेज को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। साथ ही ऐसी कॉल और मैसेज करने वालों को क्रिमिनल एक्टिविटी में शामिल करने का नियम बनाने की कोशिश हो रही है। डिपॉर्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर की ओर से आने वाले कुछ माह में एक गाइडलाइन पेश किया जा सकता है। इसमें टेलीमार्केटिंग जैसे बैंक, रियल एस्टेट पर प्रमोशनल या लेनदेन से जुड़े मैसेज भेजने को लेकर जवाबदेही तय करने का नियम होगा। साथ ही ऐसी प्रैक्टिस फॉलो करने पर क्रिमिनल एक्टिविटी के तहत केस करने का प्रावधान होगा।

### गलत प्रैक्टिस पर होंगे दोषी करार

कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 के सेक्शन 2(28) और 2(47) के मुताबिक गैरजरूरी कॉल और मैसेज गलत ट्रेड प्रैक्टिस के दायरे में आता है। अगर सही चैनल से प्रमोशनल या फिर गैरजरूरी कॉल और मैसेज नहीं किया जाता है, तो उन्हें कंज्यूमर एक्ट के तहत दोषी करार दिए जाने का प्रावधान है। इसमे प्रमोशन और गैरजरूरी कॉल और मैसेज को रेगुलर नंबर सीरीज से नहीं किया जा सकता है।




### मोबाइल कॉल फर्जीवाडे में भारत सबसे आगे

भारत एसएमएस फिशिंग के मामले में एक बड़ा मार्केट हैं। हर माह भारतीयों को 120 से 150 मिलियन फिशिंग मैसेज भेजे जाते हैं। करीब 300,000 लोग स्कैमिंग का शिकार होते है। लेकिन केवल 35,000 से लेकर 45,000 मामले रिपोर्ट किए जाते हैं।

### सरकार की बैठकें जारी

इस मामले को लेकर डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर, डिपार्टमेंट ऑफ टेलिकम्यूनिकेसन यानी डॉट और टेलिकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी ट्राइ ने भारती एयरटेल, रिलायंस जियो, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल के साथ बैठक की है।

## एक नजर

### गोलीबारी में मारे गए छह लोगों में स्पेन के तीन शामिल

**इस्लामाबाद।** मध्य अफगानिस्तान में बंदूकधारियों की गोलीबारी में मारे गए छह लोगों में स्पेन के तीन नागरिक शामिल हैं। तालिबान और स्पेन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने पहले कहा था कि हमले में चार लोगों की मौत हुई है। शुक्रवार शाम को हुए इस हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। गृह मंत्री के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने शनिवार को कहा कि प्रमुख पर्यटन क्षेत्र बामियान प्रांत में घटनास्थल से सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और जांच जारी है।

### पाकिस्तान में हादसा, एक ही परिवार के 14 लोगों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक मिनी ट्रक के सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर जाने से उसमें सवार पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेस्क्यू-1122 के मुताबिक यह मिनी ट्रक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशाब के पेंच पीर इलाके में एक मोड़ पर मिनी ट्रक सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर गया था।

### उत्तर कोरिया ने मिसाइल का किया परीक्षण

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने पूर्वी जल क्षेत्र में एक नई स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली का उपयोग करके सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। केसीएनए रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वायत्त नेविगेशन प्रणाली की सटीकता और विश्वसनीयता को परीक्षण के माध्यम से सत्यापित किया गया था।

### गाजा में मृतक फिलिस्तीनियों की संख्या 35,386 हुई

**गाजा।** गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 35,386 हो गई है। फिलिस्तीनी एन्क्लेव में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना के हमलों में 83 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी है और अन्य 105 घायल हुए हैं। जिससे पिछले अक्टूबर में फिलिस्तीनी-इजरायल बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित अभी भी मलबे में दबे हुए हैं।

# ताइवान की संसद में चले लात-घूंसे

## संसद में सुधारों के प्रस्ताव को लेकर चल रही बहस के दौरान माहौल गरमाया

ताइपे, एजेंसी

ताइवान की संसद में शुक्रवार को बहस के दौरान सांसदों में जमकर लात-घूंसे चले। इस दौरान वहां बड़े पैमाने पर अराजकता देखी गई। यह वाकया नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते की शपथ से दो दिन पहले घटा। संसद के भीतर कुछ सांसद स्पीकर की सीट पर भी चढ़ गए। वे एक-दूसरे को खींचकर मारपीट करते नजर आए। इस बीच एक सांसद सदन से एक बिल से जुड़े दस्तावेज लेकर भाग गया।

दरअसल, ताइवान की संसद में एक प्रस्ताव लाया गया है। इसके तहत सरकार के कामकाज पर नजर रखने के लिए विपक्षी सांसदों को ज्यादा पावर देने की बात कही गई है। इसके अलावा संसद में झूठा बयान देने पर सरकारी अधिकारियों पर क्रिमिनल केस दर्ज किया जाएगा।

अलजजीरा के मुताबिक, इसी बिल पर वोटिंग से ठीक पहले नए राष्ट्रपति चिंग ते की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) और चीन समर्थक विपक्ष की कुमेन्तांग पार्टी (केएमटी) के लोगों के बीच झड़प हो गई। जब सांसद सदन में पहुंचे तो वे एक-दूसरे पर लड़ाई करने का आरोप लगाने लगे।



संसद के भीतर स्पीकर की टेबल पर चढ़ता एक सांसद।



संसद में आपस में खींचतान करतीं महिलाएं।

- सरकार के कामकाज पर नजर रखने के लिए विपक्षी सांसदों को ज्यादा पावर देने की बात पर हंगामा

**20 मई को राष्ट्रपति लाई चिंग ते लेंगे शपथ, उनकी पार्टी के पास बहुमत नहीं :** दरअसल, 20 मई को ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग ते राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। हालांकि, उनकी पार्टी डीपीपी के पास संसद में बहुमत नहीं है। ताइवान की मुख्य विपक्षी पार्टी केएमटी के पास डीपीपी से ज्यादा सीटें हैं।

फिर भी बहुमत में आने के लिए उसे ताइवान पीपुल्स पार्टी (टीपीपी) के साथ गठबंधन करना पड़ेगा। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बहुमत में होने की वजह से विपक्षी पार्टी संसद में अपने सदस्यों को सरकार के ऊपर नजर बनाए रखने के लिए और ज्यादा पावर दिलवाना चाहती है। वहीं चिंग ते की पार्टी डीपीपी का आरोप है कि विपक्ष संसद में जबरदस्ती बिल पास करवाने की कोशिश कर रहा है, जो संविधान का उल्लंघन है।

### चीन विरोधी नेता लाई चिंग ते ने जीता था चुनाव

ताइवान में इसी साल जनवरी में राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए थे। इसमें रूलिंग पार्टी के नेता विलियम लाई चिंग-ते ने जीत दर्ज की थी। यह वही नेता हैं, जिन्हें मतदान से पहले चीन ने खतरनाक अलगाववादी कहा था। चुनाव से पहले चीन ने मतदाताओं को चेतावनी दी थी कि यदि वे सैन्य संघर्ष से बचना चाहते हैं, तो सही विकल्प चुनें। चिंग ते के खिलाफ ताइवान की कुमेन्तांग पार्टी (केएमटी) ने होउ यू इह पर अपना दाव खेला था। केएमटी वही पार्टी है जिसकी सरकार चीन के कम्युनिस्टों से गृह युद्ध में हारकर ताइवान द्वीप पर आ बसी थी। पार्टी ने कहा था कि अगर वह चुनाव जीती तो चीन से दोबारा बातचीत शुरू करेगी।

### सत्ताधारी पार्टी की मांग- पहले बिल पर चर्चा हो

डीपीपी के सांसदों की मांग है कि पहले बिल पर प्रक्रिया के तहत चर्चा करवाई जानी चाहिए। वहीं विपक्ष का आरोप है कि डीपीपी इस बिल को पास नहीं होने देना चाहती, जिससे वह अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर सके। ताइवान की संसद में पहले भी इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। साल 2020 में भी केएमटी के सांसदों ने अमेरिका से पोर्क (सुअर का मांस) इम्पोर्ट करने का विरोध करते हुए संसद में पिग गट्स (सुअर की आंत) फेंकी थी।

## अमेरिका में 4 भारतीयों समेत छह ने रची डकैती की साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी इमीग्रेशन वीजा पाने के लिए चार भारतीयों सहित 6 लोगों ने मिलकर नकली डकैती की साजिश रची। दरअसल, अपराध पीड़ितों के लिए अमेरिका में एक रिजर्व इमीग्रेशन वीजा का ऑप्शन शामिल है, जिसका फायदा लेने के लिए चार भारतीयों ने 2 विदेशी नागरिकों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची।

इस मामले में शिकागो की सेंट्रल अदालत ने भीखाभाई पटेल, नीलेश पटेल, रवीनाबेन पटेल और रजनी कुमार पटेल और दो अन्य पार्थ नायी और केवोंग यंग के साथ मिलकर नकली डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों पर खुद को पीड़ित बताकर यू-वीजा के लिए आवेदन करने का दोषी पाया गया है। यू-वीजा उन विशेष अपराधों के पीड़ितों के लिए निर्धारित किया गया है, जिन्होंने मानसिक या शारीरिक अपराध झेला है और जो जांच या अभियोजन में कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों के लिए सहायक होते हैं।

चारों व्यक्तियों ने घोटाले में भाग लेने के लिए नायी को हजारों डॉलर का भुगतान किया। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि नकली डकैती के दौरान कुछ लोग हथियार लेकर पीड़ितों के पास गए और उनसे लूटपाट की और पैसे और संपत्ति की मांग की।

# भारतीय लोकतंत्र का मुरीद हुआ अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

- व्हाइट हाउस ने कहा- दुनिया में इंडिया जैसी डेमोक्रेसी बहुत कम

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा कि विश्व में ऐसे देश अधिक नहीं हैं जहां भारत जैसा जीवंत लोकतंत्र हो। हम मताधिकार का इस्तेमाल करने और सरकार चुनने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं।

किर्बी से भारत में जारी आम चुनावों को लेकर सवाल किया गया था जिनके तहत 96 करोड़ 90 लाख से अधिक लोग 2,660 पंजीकृत राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों उम्मीदवारों में से 545 सांसदों का चुनाव करने के लिए 10 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के विशेष रूप से पिछले तीन वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत और अमेरिका के संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा भारत के साथ हमारे संबंध बेहद करीबी हैं जो लगातार और घनिष्ठ हो रहे हैं। यह बहुत जीवंत, बहुत सक्रिय भागीदारी है और हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के बहुत आभारी हैं।



अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी जानकारी देते हुए।

### बाइडन के बयान पर भी किर्बी ने दिया जवाब

किर्बी से पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति जो बाइडन का मानना है कि भारत और जापान विदेशी नागरिकों से द्वेष करने वाले देश हैं, तो उन्होंने न में जवाब दिया और कहा कि राष्ट्रपति ने जब इस संबंध में बयान दिया था तब वह एक व्यापक बिंदु पर बात रहे थे। उन्होंने कहा मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति यहां अमेरिका में हमारे अपने लोकतंत्र की जीवंतता इसकी समावेशिता और भागीदारी को लेकर एक व्यापक बात रख रहे थे। बाइडन ने हाल में एक कार्यक्रम में कहा था आप जानते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं।

## स्लोवाकिया के पीएम की हालत स्थिर हिरासत में आरोपी

**पेजिनोक।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हत्या के प्रयास के आरोपी को शनिवार को हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कई गोलियां लगने के बाद फिको की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है।

अदालत के एक प्रवक्ता ने बताया कि अभियोजकों ने अगर रिहा किया गया तो वह फरार हो सकता है या फिर अपराधों को अंजाम दे सकता है। आदेश के खिलाफ संदिग्ध उच्चतम न्यायालय में अपील कर सकता है। बुधवार को हैंडलोवा शहर में एक सरकारी कार्यक्रम के बाद समर्थकों का अभिवादन करते समय फिको (59) पर हमला हुआ था और उनके पेट में गोली लगी थी।

# बिश्केक में भारतीय छात्रों पर नजर बनाए हुए हैं : जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि सरकार किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के परिप्रेक्ष्य में वहां भारतीय छात्रों पर नजर रखे हुए है।

डॉ. जयशंकर ने कहा कि फिलहाल वहां स्थिति शांत है और उन्होंने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने को कहा है। किर्गिज गणराज्य में भारतीय दूतावास ने पोस्ट किया हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। स्थिति फिलहाल शांत है लेकिन छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे फिलहाल घर के अंदर ही रहें और कोई भी समस्या होने पर दूतावास से संपर्क करें। हमारा 24×7 संपर्क नंबर 0555710041 है। रिपोर्टों के अनुसार स्थानीय और विदेशी लोगों के बीच कथित झड़प के बाद बिश्केक के कुछ हिस्सों में रात भर हुये प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस तैनात की गई है। उल्लेखनीय है कि 13 मई को राजधानी के एक छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प हुई थी।

- छात्रावास में स्थानीय निवासियों और विदेशियों के बीच हुई झड़प के बाद बड़े पैमाने पर हुआ था प्रदर्शन



## अफगानिस्तान में भारी बारिश से आई बाढ़, 68 की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में पिछले महीने से हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है। पश्चिमी अफगानिस्तान के गोर प्रांत में पिछले 24 घंटे के दौरान हुई बारिश के कारण कई जगह पर बाढ़ आ गई, जिससे कम से कम 68 लोगों की मौत हुई है।

तालिबान के अधिकारी ने कहा कि मृतकों की संख्या प्रारंभिक सूचनाओं पर आधारित है और यह बढ़ सकती है। गोर प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास ने कहा कि दर्जनों लोग लापता हैं। बाढ़ के बाद राजधानी फिरोज कोह समेत विभिन्न क्षेत्रों में हजारों मकानों व संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने और सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि के नष्ट होने से प्रांत को काफी वित्तीय नुकसान हुआ है।

# अमेरिका की वजह से छिड़ सकता तीसरा विश्व युद्ध

वाशिंगटन, एजेंसी

- पूर्व राष्ट्रपति ने कहा- मूर्ख लोग चला रहे देश की सरकार

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जताई है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है। ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में शुक्रवार को कहा जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है।

हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और न ही महंगाई बढ़ती।



वर्ष 2024 का अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 60वां चुनाव होगा। यह चुनाव 5 नवंबर को होगा। मतदाता चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य, मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लडेंगे।

### बहस करने से पहले बाइडेन से ड्रग टेस्ट की करेंगे मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ बहस करने से पहले ड्रग परीक्षण की मांग करेंगे। दोनों प्रतिद्वंद्वी जून और सितंबर में टेलीविजन पर दो दौर के बहस के लिए सहमत हुए हैं। ट्रंप ने कहा मैं ड्रग टेस्ट की मांग करुंगा क्योंकि मैं नहीं चाहता कि बाइडेन स्टेट ऑफ द यूनियन की तरह आएं। बिडेन ने शुक्रवार को कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति के साथ आम चुनाव की बहस में भाग लेंगे और ऐसा करने पर उन्हें खुशी होगी। राष्ट्रपति की यह सहमति महत्वपूर्ण बदलाव है। इसके पहले उन्होंने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी के साथ मंच पर उपस्थित होने के लिए प्रतिबद्ध होने से इनकार कर दिया था।

## आनंद के पल



तमिलनाडू के नागापट्टिनम जिले के वेलानकन्नी में बंगाल की खाड़ी के किनारे इन दिनों पर्यटक लगातार पहुंच रहे हैं। एक परिवार शनिवार को समुद्र तट पर ऊंट की सवारी करता हुआ। • एजेंसी

## रूस ने चीन को सौंपा विध्वंसक गतिविधियां चलाने वालों का ब्यौरा

**मास्को।** रूस की संसद के निचले सदन ड्यूमा के विदेशी दखलंदाज़ी की जांच के लिए गठित आयोग ने कुछ विदेशी संगठनों द्वारा रूस एवं चीन के खिलाफ विध्वंसक गतिविधियां चलाये जाने को लेकर हाल ही में एक डॉज़ियर चीन की सरकार को सौंपा है। आयोग के वासिली पिस्कारेव ने शनिवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा हमने हाल ही में रूस और चीन से संबंधित विदेशी संगठनों की विध्वंसक गतिविधियों पर सामग्री चीनी पक्ष को हस्तांतरित की है। यह खबर ऐसे समय आयी है जब रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन चीन की यात्रा से लौटे हैं और वहां उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ असाधारण, गहन एवं सार्थक बातचीत हुई है।

महोत्सव | नये भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुर्खियों में

# कॉन्स फिल्म महोत्सव में फिल्म मंथन ने सुर्खियां बटोरी

कान, एजेंसी

फ्रांस में चल रहे 77वें कॉन्स फिल्म महोत्सव में नये भारतीय सिनेमा के इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुर्खियों में रहा। गुजरात के एक गांव में भारत की पहली डेरी सहकारी संस्था के निर्माण से जुड़ी श्याम बेनेगल की 1976 की फिल्म मंथन का 4के वीडियो रेज्योलूशन संस्करण सैले बुनुएल में प्रदर्शित किया गया।

फिल्म के कलाकारों में शामिल नसीरुद्दीन शाह ने फिल्म के प्रदर्शन से पहले अपने विचार प्रकट किये। दिग्गज अभिनेता ने कहा सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण मंथन का यह शो डॉ. वर्गीज कुरियन को समर्पित है। उन्होंने कहा यह स्मिता पाटिल, गिरीश कर्नाड, अमरीश पुरी और संगीतकार वनराज भाटिया को याद करने का भी अवसर है। शाह ने कहा, बड़े पर्दे पर बतौर अभिनेता यह मेरी दूसरी फिल्म थी।

मैं इस बात को लेकर घबराया हुआ था कि यह बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करेगी। किसी ने भी इस फिल्म को लेकर कोई उम्मीद नहीं जताई थी, लेकिन यह हिट फिल्म साबित हुई, जिसने हम सभी के लिए काम के और अधिक अवसर पैदा किये।



### ऐश्वर्या राय बच्चन नीले सिल्वर गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आयीं

**कान।** कॉन्स फिल्म महोत्सव 2024 में दूसरी बार अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए ऐश्वर्या राय ने एक बार फिर फाल्गुनी शेन पीकॉक द्वारा तैयार गाउन का चुनाव किया। जब वह फिल्मकार योरगोस लैंथिमोस की नवीनतम फीचर फिल्म काइंड्स ऑफ काइंडनेस की स्क्रीनिंग के लिए शुक्रवार को लाल कालीन पर चलीं तो उन्होंने नीले और सुनहरे रंग की चमकीले गाउन पहन रखी थीं। इस फिल्म में दो बार की ऑस्कर विजेता एम्मा स्टोर अहम किरदार में हैं। इस परिधान में विशेष धात्विक आकृति बनी थी। हाथ में चोट होने के कारण उन्होंने विशिष्ट कपड़े पहने थे। पिछले दो दशक से नियमित रूप से कॉन्स फिल्म महोत्सव में आ रहीं ऐश्वर्या बृहस्पतिवार को 2024 के इस कार्यक्रम में फाल्गुनी शेन पीकॉक द्वारा द्वारा गाउन में पहुंची।